e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 135
शनिवार
18.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
अगर आप कल अच्छा चाहते हैं, तो आज आपको कठिन परिश्रम करना होगा।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### झामुमो ने सीता सोरेन को पार्टी से छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

**रांची** :.झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन ने सीता सोरेन को पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को झामुमो अध्यक्ष की ओर से पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि 19 मार्च को पार्टी और पार्टी के वरीय नेताओं पर आधारहीन गंभीर आरोप लगाते हुए आपके ओर से पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए इस्तीफे को स्वीकार करने का अनुरोध किया गया था। साथ ही आपके द्वारा दुमका लोकसभा क्षेत्र से नामांकन किया गया। यह दोनों घटना यह दर्शाता है कि आपके पूर्व निर्धारित मंशा पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए आपके जरिये पार्टी के वरीय नेताओं पर आधारहीन आरोप लगाया जाता रहा है। इसलिए आपको पार्टी के सभी पदों से पदमुक्त करते हुए पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है।

### जर्मन महावाणिज्य दूत ने गुजरात के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में काम करने की दिखाई उत्सुकता

**गांधीनगर** : मुंबई स्थित जर्मनी के महावाणिज्य दूत अचिम फैबिग ने शुक्रवार को गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ इस मुलाकात के दौरान उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में पार्टनर कंट्री के रूप में जर्मनी की सहभागिता का उल्लेख करते हुए समिट की सफलता के लिए बधाई दी। जर्मनी के महावाणिज्य दूत फैबिग ने इस समिट में 'सस्टेनेबल ग्लोबल सप्लाई चेन-इंडो जर्मन' के परिप्रेक्ष्य में आयोजित किए गए कंट्री सेमिनार की याद भी ताजा की। जर्मन महावाणिज्य दूत के साथ बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात में उद्योग स्थापित करने को इच्छुक जर्मन उद्योगपतियों को राज्य सरकार की ओर से सहयोग देने की मंशा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात में जर्मनी की कई प्रतिष्ठित कंपनियां कार्यरत हैं। इसके अलावा, गांधीनगर स्थित गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी में डॉयचे बैंक भी शुरू हो गया है, जिन्हें गुजरात में कामकाज के लिए एक अनुकूल वातावरण मिला है।

### नारी शक्ति पर लात घूँसे बरसा कर मौन मुद्रा में इंडी गठबंधन: अनुराग ठाकुर

**हमीरपुर** : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि नारी सशक्तिकरण भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकताओं में है। लेकिन इंडी अलायंस आए दिन महिलाओं को प्रताड़ित अपमानित करने वालों को पोषण और संरक्षण देने का काम करती है। अनुराग ठाकुर ने शनिवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर मंडल में एक दर्जन से अधिक जन संपर्क कार्यक्रमों के भाग लिया। इस दौरान मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए व जनसभा को को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा।अनुराग ठाकुर ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और नारी सशक्तिकरण भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकताओं में है।

### देश में दलित आदिवासी को नहीं मिल रही नौकरी :मायावती

**प्रतापगढ़** : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने पार्टी के उम्मीदवार प्रथमेश मिश्रा के समर्थन में शुक्रवार को चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान भाजपा, कांग्रेस और सपा पर जमकर हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह किसी भी दल से गठबंधन न करके इस बार कार्यकर्ता और जनता के भरोसे अकेल दम पर चुनाव लड़ रही है। जनसभा में उन्होंने अपने मतदाताओं व समर्थकों को सचेत करते हुए कहा कि भाजपा समेत विपक्षी दल प्रलोभन दे रहे हैं। इनके बहकावे में नहीं आना है। भाजपा कहती है कि उसकी सरकार गरीबों को फ्री राशन दे रही है। मैं यह कहती हूं कि क्या यह भाजपा वालों की जेब से आ रहा है। यह तो हमारे आपके टैक्स के पैसों का राशन है जो सरकार हमें दे रही है।

### 10 जून को ओडिशा में बनेगी भाजपा सरकार : विष्णु देव साय

**सुंदरगढ़** : ओडिशा में भाजपा ने जो घोषणा पत्र बनाया है उसमें प्रदेशवासियों के हित के लिए बहुत कुछ है। भाजपा सरकार बनने पर यहाँ किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान की कीमत मिलेगी, हमारी माताओं को पचास हजार रुपये का वाउचर मिलेगा। बुजुर्ग, दिव्यांग और बुनकरों को तीन हजार रुपये भत्ता मिलेगा। छोटा-मोटा काम करके अपना जीवन-यापन करने वाले लोगों को हमारी सरकार पचास रुपए का लोन देगी। ओडिशा की पच्चीस लाख दीदियों को लखपति दीदी बनाया जाएगा।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $36^{0}$ |
| न्यूनतम | $22^{0}$ |

**स्वाति मालीवाल ने पुलिस को दर्ज कराया बयान, 13 तारीख की पूरी घटना का किया जिक्र**

# बिभव ने छाती व शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया : स्वाति

**शुक्रवार को स्वाति के मजिस्ट्रेट के सामने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज करवाई.स्वाति मालीवाल ने एफआईआर में बिभव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे।**

एजेंसी
**नई दिल्ली** : दिल्ली सीएम के आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले में पुलिस ने आरोपी विभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली. शुक्रवार को स्वाति के मजिस्ट्रेट के सामने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज करवाई.स्वाति मालीवाल ने एफआईआर में बिभव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति जब मदद के लिए चिल्लाने लगीं तब भी बिभव नहीं रुके। स्वाति ने बताया कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया था। गुरुवार देर रात स्वाति का मेडिकल एग्जामिनेशन कराया गया. वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग ने विभव कुमार को भी तलब किया है. सिविल लाइंस थाना पुलिस ने विभव के खिलाफ धारा 32, 506, 509 और 354 के तहत एफआईआर दर्ज की है.

### स्वाति मालीवाल की मेडिकल रिपोर्ट में उनके चेहरे पर अंदरूनी चोट की बात आई सामने

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह पीड़ित स्वाती मालीवाल का मेडिकल टेस्ट कराया। बताया जा रहा है की उनकी मेडिकल जांच तीन घंटे तक चली। मेडिकल जांच की आई रिपोर्ट में उनके चेहरे पर अंदरूनी चोट की बात सामने आई। उनका सिटी स्कैन भी कराया गया। स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा कि बिभव कुमार ने उन्हें कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति जब मदद के लिए चिल्लाने लगीं तब भी बिभव नहीं रुके। स्वाति ने बताया कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया।



### दिल्ली पुलिस ने घटना का क्राइम सीन रीक्रिएट किया

दिल्ली पुलिस ने 13 मई की घटना का क्राइम सीन रीक्रिएट किया. स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस की टीम को बताया कि 13 मई को कब दाखिल हुईं, तब वहां क्या-क्या हुआ था और कौन-कौन था. स्वाति मालीवाल और एडिशनल डीसीपी नॉर्थ सीएम हाउस के अंदर मौजूद रहे. स्नरस्ु समेत सभी टीमें भी ड्रॉइंग रूम में मौजूद रहीं. दिल्ली पुलिस ने स्वाति के साथ ड्राइंग रूम की मैपिंग की और स्वाति से पूछा कि 13 मई को जब उनसे बदसलूकी हुई तो कितने शख्स ड्राइंग रूम में थे और कौन शख्स किस जगह मौजूद था.

### केजरीवाल को माफी मांगनी चाहिए : निर्मला सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री और भाजपा नेता निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को स्वाति मालीवाल के साथ हुई बदसलूकी के मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए मामले में उनकी खामोशी पर सवाल उठाए। सीतारमण ने कहा कि राज्यसभा की एक सांसद के साथ केजरीवाल के करीबी ने बदसलूकी की। इसके बावजूद दिल्ली के मुख्यमंत्री अब तक चुप हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन बिभव कुमार उनके साथ लखनऊ में घूम रहे थे।



# अमित शाह ने चुटिया में किया रोड शो

**बता दें कि चुटिया इलाका भारतीय जनता पार्टी का वोट बैंक माना जाता है. यही वजह है कि जैसे ही अमित शाह का कार्यक्रम इस इलाके में तय हुआ, लोगों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा.**

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 17 मई को रांची के चुटिया में भव्य रोड शो किया. खुली गाड़ी में बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में वोट मांगने सड़क पर उतरे केन्द्रीय गृहमंत्री का इस दौरान राजधानी के लोगों ने जमकर स्वागत किया.चुटिया इलाके में करीब 1300 मीटर की दूरी तय करने के दौरान लोगों की भीड़ सड़क पर उतरी रही.बीजेपी समर्थक महिला-पुरुष अमित शाह को एक झलक देखने के लिए बेचैन दिखे. लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए खुली जीप में सड़क पर उतरे अमित शाह बीच-बीच में कमल फूल दिखाकर लोगों से वोट मांगते हुए दिखे. इस दौरान भाजपा समर्थकों के द्वारा पुष्प वर्षा कर अमित शाह का स्वागत किया गया. खुली गाड़ी में बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ के अलावे बीजेपी विधायक नवीन जायसवाल और समरी लाल मौजूद थे. बता दें कि चुटिया इलाका भारतीय जनता पार्टी का वोट बैंक माना जाता है. यही वजह है कि जैसे ही अमित शाह का कार्यक्रम इस इलाके में तय हुआ, लोगों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा. सड़क किनारे बने बैरिकेडिंग के दोनों तरफ हजारों लोग शाम के वक्त घंटों केंद्रीय गृह मंत्री का इंतजार करते दिखे.शाह के स्वागत के लिए अलग-अलग मंच बनाए गए थे। रोड शो के दौरान उनपर फूलों की बारिश की गई। लोग छतों पर शाह की एक झलक पाने के लिए खड़े थे। ढोल-नगाड़े के साथ महिलाओं की टोली पहुंची हुई थी। सड़क के दोनों ओर भीड़ रही। शाह ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। रोड शो के दौरान रांची का मौसम भी सुहाना हो गया और हल्की बूंदा-बांदी हुई।भाजपा कार्यकर्ता बीजेपी को वोट देने की अपील करते हुए टोपी पहने नजर आए. गौरतलब है कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान है.

**सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता से कहा**

# मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं



एजेंसी
**नई दिल्ली** : सोनिया गांधी उत्तर प्रदेश के रायबरेली में अपने बेटे राहुल गांधी के लिए प्रचार किया. उन्होंने भीड़ से कहा कि वो अपने बेटे को उन्हें सौंप रही हैं और बदले में राहुल उन्हें निराश नहीं करेंगे. राहुल गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं. सोनिया गांधी ने रायबरेली में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जनता से कहा,मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं. जैसा आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना है. राहुल आपको निराश नहीं करेंगे. उन्होंने कहा, 20 साल तक सांसद रहना मेरे जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है. मुझे खुशी है कि मुझे लंबे समय के बाद आपके बीच आने का अवसर मिला है. मैं हृदय से आपकी आभारी हूं. मेरा सिर आपके सामने श्रद्धा से झुक गया है. आपने मुझे एक नेता के रूप में सेवा करने का अवसर दिया है. गंगा मां की तरह पवित्र ये रिश्ता अवध और रायबरेली के किसान आंदोलन के साथ शुरू हुआ और आज तक कायम है. रायबरेली में 53 वर्षीय राहुल गांधी का मुकाबला भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से होगा. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को रायबरेली और पास के ही अमेठी में मतदान होगा. अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा से है, जो लंबे समय से गांधी परिवार के वफादार रहे हैं.उन्होंने कहा, और यही मेरी शैली राजनीति भी है. इसलिए, आप ये मत सोचिए कि मैं रायबरेली से चुनाव लड़ रहा हूं. मैं अमेठी का था, हूं और रहूंगा.

# नाबालिग के साथ गैंगरेप चार आरोपी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रामगढ़(पलामू)** : रामगढ़ थाना क्षेत्र में शौच के लिए घर से बाहर निकली 16 साल की नाबालिक लड़की से गैंगरेप हुआ। घटना 16 मई की अहले सुबह हुई। छह युवकों ने नाबालिग को पहले कब्जे में लिया फिर सुनसान जगह पर ले जाकर बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया एवं मौके से फरार हो गए। पीड़िता द्वारा मामला दर्ज कराते ही पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी आरोपी 20 से 22 साल के बीच के हैं। दो आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है। गिरफ्तार चार आरोपियों को शुक्रवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि पीड़िता की मेडिकल जांच एवं न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराया गया। गिरफ्तार आरोपियों में उडरीटाड़ के ललन मुइयां पिता अगे, रिका भुइयां, योगेंद्र भुइयां पिता स्वर्गीय पूरन भुइयां, श्रवण कुमार भुइयां पिता विश्वनाथ भुइयां, पंकज कुमार भुइयां पिता करण दयाल भुइयां शामिल हैं।थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के बयान पर सभी आरोपियों के खिलाफ नाबालिक लड़की के साथ मारपीट एवं सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में पोक्सो एक्ट भी लगाया गया है। दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने अपने पद से दिया इस्तीफा



प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने शुक्रवार को पद से इस्तीफ दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को सौंपा। मुख्यमंत्री ने उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने के लिए राज्यपाल को पत्र लिखा है। टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित आलमगीर आलम को ईडी ने 15 मई की देर शाम गिरफ्तार किया था। दरअसल,आलमगीर के पीएस के सहायक जहांगीर के घर से ईडी ने 35 करोड़ बरामद किए थे।

इसे लेकर ईडी ने दो दिनों तक इनसे पूछताछ की थी। आलमगीर आलम 35 करोड़ रुपये की बरामदगी के मामले में ईडी को सही जवाब नहीं दे पाए, जिसके बाद उन्हें ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा था।

टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित मंत्री आलमगीर आलम को कड़ी सुरक्षा के बीच 16 मई को रांची स्थित प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेश करने के बाद ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने आलमगीर आलम को 10 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी, जिसका आलमगीर आलम के अधिवक्ता ने विरोध किया। इसके बाद कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी। पेशी के बाद आलमगीर आलम को ईडी ने होटवार जेल पहुंचा दिया।

इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से कोर्ट में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी थी।

# झारखंड में इस बार के चुनाव में सर्वाधिक प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के. रवि कुमार ने कहा है कि नाम वापसी के बाद सातवें चरण के तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 52 उम्मीदवार रह गए हैं। उन्होंने बताया कि राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नाम वापसी के अंतिम दिन शुक्रवार को एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह यहां अब कुल 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं। दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 19 प्रत्याशी हैं। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 2 लोगों ने अपना नामांकन वापस लिया है। यहां से कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में नियमित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

उन्होंने बताया कि 2014 के लोकसभा चुनाव में झारखंड के 14 सीटों पर कुल 240 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे। उनमें 222 पुरुष और 18 महिलाएं थीं। 2019 में यह संख्या 229 थी। जिसमें 204 पुरुष और 25 महिलाएं थीं। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक 244 प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया है। इनमें 212 पुरुष, 31 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का फोकस मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर है। इसे लेकर जनजागरूकता के साथ तमाम उपाय किये जा रहे हैं। इसके लिए माइकिंग से मतदाताओं को जागरूक करने और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए मोबलाइजेशन पर जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान करने में लोगों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए मतदान की गति बढ़ाने के उपाय किये गये हैं। उसके तहत एक बार में तीन मतदाताओं को मतदान केंद्र के भीतर जाकर मतदान की सुविधा दी जा रही है। जिस बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदानकर्मी को लगाया जा रहा है, ताकि कतार लंबी नहीं हो, मतदान की गति बढ़े और लोगों को इंतजार नहीं करना पड़े।




### हाईकोर्ट ने राहुल गांधी पर लगाया 1000 रुपये का जुर्माना

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड हाईकोर्ट ने एक मुकदमे को लेकर चल रही सुनवाई में जवाब दाखिल करने में देरी की वजह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है. दरअसल, चाईबासा के एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी द्वारा भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े केस में संज्ञान लिया था, जिसे निरस्त करने के लिए उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की है.

असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच। रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 | www.asarfihospital.com

**संक्षिप्त खबरें**

### दो पशु तस्कर गिरफ्तार, 8 मवेशी जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सतबरवा पुलिस ने दिन बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर मवेशी भरा पिकअप गाड़ी बीआर 03 जीए 8953 को गाड़ी जांच के दौरान ओवरटेक कर सतबरवा पुराना थाना के पास से जप्त किया।इस संबंध में सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि बजरंग दल युवा के द्वारा गाड़ी को पीछा करते वक्त सूचना मिला था कि पिकअप वाहन पर मवेशी तस्कर मवेशी लेकर लातेहार की और बेचने जा रहे है।जिसे यूवओ ने पीछा करते-करते सतबरवा थाना तक पहुंचा तब तक सतबरवा थाना मवेशी भरा पिकअप गाड़ी पुरानी थाना से अपने कब्जे में ले लिया वही मवेशी भरा पिकअप पकड़ने के बाद बजराग दल युवा ने लिखित आवेदन देकर जांच करने का आवेदन दिया जिस पर सतबरवा थाना मामला को संज्ञान में लेकर जांच किया तो टोटल आठ मवेशी अवैध पाया गया। गाड़ी में सवार लोगों द्वारा कागजात सही तरीका से संतोष जनक नहीं दिखाने पर दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेजा गया है।

## ग्रामीणों ने हत्या के खिलाफ निकाला जुलुस, हत्यारे को फांसी देने की मांग की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** थाना अंतर्गत नगर पंचायत छतरपुर के खाटिन गांव निवासी संतोष साव के पुत्र ने अंतर्जातीय प्रेम विवाह के कारण पिता संतोष साव खैनी व्यवसाई को 20 अप्रैल 2024 को थाना के बगल में लड़की स्कूल के सामने दो गोली पेट मे मारकर घायल कर दिया गया था जिसे रिम्स रांची में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई संतोष साव की हत्या के विरोध में छतरपुर स्थानीय व्यवसाई, महिला तथा पुरुष हजारों की संख्या में खाटिन गांव से मेन रोड मोड़ होते हुए छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आवास तक जुलूस निकाला गया एव संतोष साव के हत्यारो को फांसी देने की मांग के साथ इस हत्या कांड के साजिश करता गोली मारने वाला युवक की मां बेबी सिंह (भरवाड़ीहमोड) निवासी को गिरफ्तार के मांग के साथ जुलूस निकाला गया तथा छतरपुर में लगातार हुए गोली कांड से दुकानदारों में दहशत है इस जुलूस में काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे और लोगों ने आम नागरिकों को सुरक्षा दो जैसे तख्ती भी लिए हुए छतरपुर थाना गेट के सामने रुककर दोषियों को फांसी देने आम नागरिको की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। छतरपुर पुलिस ने संतोष साव को गोली मारने वाले दो युवकों को पूर्व में बिहार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## चतरा लोकसभा चुनाव के लिए सूक्ष्म प्रेक्षकों व मतदानकर्मियों को मिला प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के संयोजन में 35 सूक्ष्म प्रेक्षकों को तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने हेतु दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी नोडल सह एलआरडीसी सदर प्यारेलाल ने सूक्ष्म प्रेक्षकों से कहा कि वे मतदान दल के हिस्सा नहीं बल्कि वे मतदान प्रक्रिया के सूक्ष्म प्रेक्षण के लिए नियुक्त हैं। वे विहित प्रपत्र में जेनरल आब्जर्वर को अपना रिपोर्ट सौंपेंगे। कहा कि ध्यान रहे कि भारत निर्वाचन आयोग का गाइडलाइन ही सर्वोपरि है। वहीं जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने मौकपोल, सीआरसी करना, स्वीच ऑफ करके रिजल्ट सेक्शन को सील करना,17 सी का संधारण व पोलिंग एजेंट को प्रदान करना,एएसडी वोटर्स, दिव्यांग मतदाताओं का मतदान,मतदान के अंत में आवश्यकतानुसार पर्चियां देकर वोट कराना, मतदान के अंत में सीयू को स्वीच ऑफ करने के पूर्व क्लोज बटन दबाना सहित अन्य प्रेक्षण के सभी विन्दुओं पर सिलसिलेवार जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार उपाध्याय ने रिपोर्ट करने के सभी 18 विन्दुओं पर भलीभांति प्रशिक्षण दिया। यह भी बताया गया कि अगर एक भवन में एक से अधिक मतदान केन्द्र हैं तो वहां एक ही माइक्रो आब्जर्वर के द्वारा प्रेक्षण किया जायेगा। समाहरणालय के ब्लॉक ए में 70 महिला मतदानकर्मियों को जिला प्रशिक्षक अमरेन्द्र पाठक एवं मास्टर ट्रेनर सुमंत तिवारी के द्वारा तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया।

## मनातू के पदमा गांव पहुंचा न्याय रथ



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में शुक्रवार को नक्सल प्रभावित मनातू थाना अंतर्गत पदमा बाजार में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुँचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक, आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट बीर विक्रम वक्स राय ने कहा कि चलन्त लोक अदालत के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं।ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके।उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेग।लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं ।उन्होंने कहा की जब तक लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नही होंगे तब तक वो शोषण के शिकार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता से ब्यक्ति की दुर्बलता दूर होती है। उन्होंने कहा कि 14 बर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन जुर्म हैं। उन्होंने शिक्षा के अधिकार व मनरेगा, सूचना के अधिकार आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही डायन बिसाही व ड्रग्स के बारे में विस्तार से चर्चा किया।उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोग गांजा अफीम की खेती करते हैं।उनपर केस होता है।जेल जाते हैं भविष्य बर्वाद हो जाता है।पैसे की लालच में गलत कार्य करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत, विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों में काफी जागरुकता आया है। उन्होंने कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित है, दिव्यांग है, एसी,एस टी परिवार से आते हैं, महिला हैं, कारा में बंद है, बच्चे हैं, ऐसे लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है। जिसके तहत केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है उन्होंने कहा कि आज न्याय आपके द्वारा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है ।इस मौके पर ग्रामीणों ने चलंत लोक अदालत में कई समस्याएं रखा। ग्रामीण का आवेदन लिया गया। इस मौके पर पीएलभी बिजय कुमार, रंजना कुमारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विश्रामपुर विधायक ने हजारीबाग और चतरा में भाजपा प्रत्यासी के पक्ष में किया प्रचार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने हजारीबाग और चतरा लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल व कालीचरण सिंह के पक्ष मे अपनी पूरी ताकत झोंक दी है.उन्होंने दोनो लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के साथ जनसंपर्क अभियान में शामिल हुये। लोगों से कमल फूल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कई प्रादेशिक नेताओं के साथ जनसभा को भी संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने चंद्रवंशी समाज के लोगों के साथ बैठक कर उन्हे भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। श्री चंद्रवंशी के साथ अखिल भारतवर्ष चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी वर्मा भी मौजूद रहे। रामचंद्र चंद्रवंशी ने लोगो को मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि दोनो लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्यासी की जीत तय है। लोग मोदी को व्यक्ति नहीं बल्कि एक शक्ति के रूप में देख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। मौके पर कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीएचईडी विभाग के द्वारा चार महीना पहले बना पानी टंकी, फिर भी पानी की सप्लाई नहीं



**आलोक पांडेय@प्रभात मंत्र**

**विश्रामपुर (पलामू) :** जिले के बिश्रामपुर प्रखंड स्थित भंडार पंचायत के टोना तिवारी टोला ग्राम में जल नल योजना के द्वारा पानी की समस्या को देखते हुए पानी सप्लाई टावर लगाया गया था, घर-घर पाइपलाइन के द्वारा कनेक्शन दे दिया गया है फिर भी लग भग चार महीना बीत जाने के बावजूद इस योजना का शुद्ध लेने वाला कोई नहीं। अक्सर गर्मी की मौसम में पानी की घोर कीलत हो जाती है लोग पानी की पूर्ति के लिए इधर-उधर भागते नजर आते हैं, सरकार के द्वारा पानी की समस्या से निपटने के लिए एक से बढ़कर एक महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर उतर जा रहा है, फिर भी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी की घोर लापरवाही के कारण समय सीमा के अंतराल कार्य पूर्ण नहीं हो पता है, वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी चल रही योजनाओं पर कड़ी ध्यान रहनी चाहिए थी, फिर भी इसका शुद्ध लेने वाला कोई नहीं, पंचायत की जनता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी व जिला के वरीय पदाधिकारी से जल्द ही पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए गुहार लगाई है मौके पर उपस्थित ग्रामीण, कृष्ण कुमार, राम जी राम, युगल विश्वकर्मा, तिलेश्वर चंद्रवंशी, मिथिलेश विश्वकर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा, अभिषेक कुमार, मुकेश विश्वकर्मा, लखन विश्वकर्मा, अजीत कुमार, रंजीत कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित है।

## श्रमिक संघ के धनबाद डिवीजन अध्यक्ष ने बरमसिया गुड्स यार्ड का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के धनबाद डिवीजन अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बोकारो स्टील सिटी रेलवे गुड्स यार्ड, धनबाद बरमसिया गुड्स यार्ड का दौरा एवं निरीक्षण किया गया। इस मौके पर कार्यरत श्रमिक ने मजदूर नेता राकेश सिंह का भव्य स्वागत करते हुए अपनी-अपनी समस्या सुनाने का काम किया। दौरा एवं निरीक्षण में पाया गया कि रेलवे मंत्रालय एवं श्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रेलवे गुड्स यार्ड के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों के हित में जो सुविधा एवं अधिकार लागू की गई है उससे वंचित रखा गया है। मौके पर मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि रेलवे मंत्रालय एवं श्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गुड्स यार्ड रेलवे के अंतर्गत कार्य श्रमिकों को सुरक्षा सामग्री, समुचित लाइट, धूलकण से बचाव हेतु पानी का छिड़काव, भोजनावकाश के समय भोजन करने एवं आराम करने हेतु समुचित सुविधाओं से लैस श्रमिक विश्रामगृह जहां पीने का स्वच्छ पानी, एयर कूलर,बैठने हेतु चेयर, आराम करने हेतु सामग्री आदि लागू किया गया है परंतु धनबाद डिवीजन में लगभग लगभग सभी रेलवे स्टेशनों पर इससे वंचित रखा गया है कोई भी सुविधा मुहैया नहीं कराई गई है। इस संदर्भ में धनबाद डिवीजन डीआरएम एवं संबंधित अधिकारियों से मिलकर वार्ता करेंगे और जल्द से जल्द या सुविधा उपलब्ध कराने का काम करेंगे यदि संबंधित प्रशासन द्वारा इस मामले को अनदेखी की गई तो बहुत ही जल्द पूरे डिवीजन में मांगो की पूर्ति होने तक जल आंदोलन का आगाज, एवं आर पार का संघर्ष किया जाएगा जिसकी सारी जवाब देही संबंधित प्रशासन की होगी। किसी भी कीमत पर श्रमिकों का दोहन एवं शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर झारखंड प्रभारी राजकुमार पासवान, आद्रा डिवीजन अध्यक्ष हर्ष कुमार, डाल्टनगंज इकाई के संयोजक शंभू प्रसाद, धनबाद इकाई प्रभारी संजय कुमार, आस्त्री शाह, अजीत दीक्षित, सहित सैकड़ों श्रमिक शामिल थे।

**एक सप्ताह से टूटा है पोल, विभागीय अभियंता मौन**

## उपभोक्ताओं ने चंदा कर बनवाया ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** बिजली विभाग के अभियंता बिजली मिले या न मिले बिल का भुगतान समय पर करा रहे हैं। थोड़ी भी देरी होने पर फाइन या प्राथमिकी तक दर्ज कराई जारही है। मगर थोड़ी भी खराबी को ठीक कराने के लिए उपभोक्ताओं को महीनो कार्यालय का चक्कर काटने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है। एक सप्ताह पूर्व हैदरनगर के भाई बिगहा का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। उपभोक्ताओं ने विभागीय अभियंता से संपर्क किया।उन्होंने कहा कि खुद तेल की व्यवस्था कर उसे ठीक करा लें, विभाग के पास तेल की व्यवस्था नहीं है। उपभोक्ताओं ने आपस में चंदा कर ट्रांसफार्मर बनवा कर बिजली की आपूर्ति शुरू कराने का काम किया। दूसरी ओर भाई बिगहा के ही पठान टोली का पोल किसी वाहन के धक्के से क्षतिग्रस्त हो गया है। कभी भी यह धराशाई हो सकता है,जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उपभोक्ता लगातार विभागीय कर्मचारियों से संपर्क कर इस पोल को बदलने की मांग कर रहे है। एक ही जवाब मिलता है की विभाग के पास पोल उपलब्ध नहीं है। उपभोक्ताओं ने कहा कि अगर दुकान में मिलने वाली चीज होती तो वह चंदा कर के इसे बदल देते। मगर पोल की सप्लाई सिर्फ विभाग को ही होती है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर स्थानीय मुखिया व विधायक से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## जीएन कान्वेंट स्कूल में मेधा सम्मान समारोह आयोजित, टॉपर स्टुडेंट सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में मेधा सम्मान समारोह आयोजित कर सीबीएसई बोर्ड के सेकंडरी और सीनियर सेकेंडरी में टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सफल बच्चों एवं उनके अभिभावकों को स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजली अर्पित कर किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक मदन केशरी ने कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। आप जीवन में ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करें, सफलता आपकी कदम चूमेंगी। उन्होंने बताया कि स्कूल से सफलता अर्जित करने वाले वैसे सभी छात्र-छात्राएं जिन्होंने 65 प्रतिशत मार्क्स पाएं हैं, उनका स्कॉलरशिप के आधार पर एड्मिसन निःशुल्क किया जाएगा। यदि वे आगे की परीक्षा में अच्छा करते हैं तो विद्यालय प्रबंधन वार्षिक फी में और विशेष छूट देगा। प्रधानाध्यापक सीबी सिन्हा ने स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर की और पूरे शिक्षकों को उनके कड़ी मेहनत और बच्चों को मार्गदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं उपस्थित अभिभावकों ने भी स्कूल की अध्ययन-अध्यापन पर संतोष व्यक्त किया। सभी सफल बच्चों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प् गुच्छ और विशेष उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर और धन्यवाद ज्ञापन पीजीटी टीचर नीरा शर्मा द्वारा किया गया। मौके पर अभिभावक राकेश वर्मा, नायला अम्बरेन, सन्तोष मेहता, गिरीश कमलापुरी, शिक्षक संजीव कुमार, सुषमा तिवारी, संतोष प्रसाद, वीरेंद्र साह, मुकेश कुमार, अभिषेक पांडेय आदि उपस्थित थे।

## विधायक भानु ने किया जातीय व धार्मिक भावना का अपमान, यह बर्दाश्त योग्य नहीं : जिपस रंजनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही सरेआम आदर्श आचार संहिता का उलंघन कर रहे हैं। साथ ही वे विधायकी के नशे में इतने चूर हो गए हैं कि आम से लेकर खास तक किसी भी व्यक्ति की जातीय व धार्मिक भावना का सरेआम अपमान कर रहे हैं। उनका बयान बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। विधायक भानु पर आदर्श अचार संहिता का उल्लंघन तथा धार्मिक एवं जातीय भावना को अपमानित करने एवं समाज में विद्रोह भड़काने का मामला दर्ज होना चाहिए। जीपस श्रीमती शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्रीमती शर्मा ने कह कि विधायक भानु ने एक चुनावी जनसभा में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव तथा भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को तेजस्वी मियां एवं राजा मियां कह कर संबोधित किया है। विधायक के इस बयान से यादव समाज एवं राजपूत समाज की भावना को काफी ठेस पहुंचा है। इस समाज के लोग खुद को काफी अपमानित महसूस कर रहे हैं। सरेआम मंच से इस प्रकार का भड़काऊ भाषण देना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का भी मामला बनता है। उन्होंने कहा कि वे समाज तोड़ने वाले, किसी की भी भावना को आहत करनेवाले बयान को बर्दाश्त नहीं करेंगी। वे एसडीओ, जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त गढ़वा, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी से शिकायत करेंगी। साथ ही जिपस ने इस मामले पर जिला प्रशासन, एसपी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आदि से उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शर्मा ने कहा कि विधायक भानु के इस भड़काऊ बयान से यादव समाज एवं राजपूत समाज के लोगों में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि विधायक भानु अपने इस बयान को वापस लेते हुए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे। अन्यथा समाज के लोग गोलबंद हो कर विधायक के खिलाफ जन आंदोलन भी करेंगे। जिपस श्रीमती शर्मा ने कहा कि विधायक भानु हमेशा समाज को तोड़ने एवं समाज में विद्रोह फैलाने का काम करते हैं। आम जनता को समाज विद्रोही लोगों से सावधान रहना चाहिए। श्रीमती शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भवनाथपुर में गरीबों के मसीहा जनप्रिय नेता तेजस्वी यादव, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पूर्व विधायक छोटे रजा, ताहिर अंसारी के कार्यक्रम के बाद विधायक भानु पूरी तरह से बौखला गए हैं।

## दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, चार टीमों ने जीता मैच, फाइनल आज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री शनिदेव धर्मार्थ आश्रम वॉलीबॉल क्लब अहिपुरवा के तत्वधान में शनिदेव मंदिर के प्रांगण में गुरुवार की देर शाम में दो दिवसीय वॉलीबॉल नाइट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर तथा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार जीत होता रहता है। हार से सबक लेकर जीत की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवा खेल में भी अपना करियर बना रहे हैं। खेल प्रेम भावना का प्रतीक है, प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपना दम दिखाया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ी को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कमिटी को हर वर्ष इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित कर बेहतर खिलाड़ी का चयन करने को कहा। इससे यहां के खिलाड़ियों को राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का मौका मिले। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन दिखाने की शुभकामनाएं दी। उद्घाटन का पहला मैच वॉलीबॉल वरियस जंगीपुर बनाम बिलासपुर के बीच खेला गया। जिसमे वॉलीबॉल वरियस जंगीपुर ने 2-1 की सेट से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। वही दूसरा मैच बनसानी भवनाथपुर बनाम सिंहपुर के बीच खेला गया। जिसमे बनसानी की टीम ने 2-1 की सेट से जीत हासिल किया। जबकि तीसरा मैच अहिपुरवा बनाम नगर उंटारी के बीच खेला गया। जिसमे नगर उंटारी की टीम 2-1 की सेट से अहिपुरवा को हराया। चौथा मैच धुरकी बनाम अहिपुरवा सीनियर के बीच खेला गया। जहां धुरकी की टीम ने2-1 से अहिपुरवा सीनियर को हराकर अगले चक्र में अपना स्थान बनाई। मैच में रेफरी की भूमिका सतीश कुमार,अनुराग गिरी एवं कालिंद्र पटेल ने किया। लाइन मैन वीरेंद्र उरांव, घनश्याम यादव ने किया। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सुभाष पासवान, कोषाध्यक्ष गुलाब पासवान, सचिव अशोक कुमार, सखनू पासवान, अनुराग गिरी, सतीश कुमार, शुभम यादव, आनंद शुक्ला, नंदकिशोर चौबे, राजेश रजक, चंदन मेहता, जयकुमार पासवान, मनीष कुमार, अंकित कुमार, सचिन कुमार, दिवाकर कुमार, अंकुश राजा, अजय, श्याम, सुजीत, सूरज आदि मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, शनिवार, 18 मई 2024 | पेज 3


**संक्षिप्त खबरें**

### सीआईपी ने मनाया 107वां स्थापना दिवस

**रांची** : सीआईपी का 107वां स्थापना दिवस शुक्रवार को निदेशक डॉ. तरुण कुमार के नेतृत्व में मनाया गया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत सिन्हा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रोफेसर दीपक श्रीवास्तव निदेशक आईआईएम सम्मानित अतिथि थे। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं को उनके विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य रोकथाम और नए प्रगति विषय पर वैज्ञानिक सत्र का भी आयोजन किया। शाम को एक अद्भुत सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया, जिसमें कर्मचारियों और रोगियों ने सक्रिय भाग लिया। इस कार्यक्रम की मेजबानी इंडियन साइकिएट्रिक सोसाइटी, झारखंड राज्य शाखा के सहभागिता द्वारा की गई।

### हत्या मामले में जेल में बंद शशि महतो साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची** : अपर न्यायायुक्त अरविन्द कुमार की अदालत ने शुक्रवार को नीलू लकड़ा हत्याकांड के आरोपित शशि महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। पुलिस ने मृतक के भाई छोटू लड़का के आरोप को साबित करने के लिए नौ गवाह कोर्ट के समक्ष पेश किये थे। लेकिन सभी गवाह और पुलिस द्वारा पेश किये गये साक्ष्य यह साबित करने के नाकाम रहे कि नीलू लकड़ा की हत्या शशि ने करवाई थी। केस दर्ज होने के बाद से शशि महतो जेल में बंद है।आरोपित शशि महतो की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बहस की। नीलू लकड़ा की हत्या वर्ष 2021 में रांची के नामकुम इलाके में गोली मारकर की गयी थी।

# श्री महावीर मंडल रांची महानगर ने गृह मंत्री अमित शाह का किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची महानगर की ओर से भारत के गृहमंत्री अमित शाह के स्वागत के लिए चुटिया पक्का कुआं के समीप स्वागत शिविर लगाकर पुष्प वर्षा कर , शंखनाद और डमरू बजाकर , गंगा आरती एलईडी स्क्रीन में लाइव टेलीकास्ट का आयोजन किया गया। साथ ही 25 फीट लंबा कट आउट बनवाया गया था।अध्यक्ष कुणाल अजमानी की ओर से देवघर बाबा बैजनाथ एवं बिरसा मुंडा का चित्र देखकर गृह मंत्री भारत सरकारअमित शाह का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, संयोजक डॉ दिलीप सोनी, रोहित शारदा , महेश सोनी, रोहित पांडे ,अमरनाथ सरकार, राहुल चंकी, ललित चौधरी, राकेश चौधरी, फिरंगी साहू, रवि प्रकाश टुन्ना सतीश सिन्हा, सुधीर अखौरी , अंकित सिंह ,बापी शहीस ,राजकुमार गनी चंचल तिवारी सहित समिति के अन्य सदस्य सम्मिलित थे।

**श्री राम मंदिर के समक्ष देश के गृह मंत्री अमित शाह का हुआ भव्य स्वागत:** रांची । धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा राँची के चुटिया स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर के समक्ष में देश के गृह मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत महंत श्री कृष्णा दास , महंत श्री केशव दास एवं वरिष्ठ समाजसेवी सह भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा पुष्प वर्षा कर किया गया । समिति के द्वारा हजारो की संख्या में श्री राम मंदिर के महंत एवं जनता ने गृह मंत्री शाह का स्वागत पुष्प वर्षा कर



, आरती उतार कर एवं गड़ीगंठ , शंक बजाकर किया गया ।स्वागत करने में कैलाश केसरी , प्रभु दयाल बड़ाईक, रवि सिंह , अमित केसरी , विजय साहू , महावीर नायक सहित सभी समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।

**अमित शाह के रांची आगमन पर आजसू नेताओं ने किया स्वागत** : रांची। आजसू रांची महानगर के नेताओं ने रांची आगमन पर केंद्रीय गृह मंत्री सह सहकारिता मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत किया गया। अमित शाह रांची लोकसभा उम्मीदवार संजय सेठ के लिए प्रचार प्रसार करने और वोट मांगने रांची के चुटिया में रोड शो किया। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह,बंटी यादव, सुनील यादव,टीके मुखर्जी, रमेश गुप्ता सहित कई आजसू के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जितेंद्र सिंह ने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देशानुसार हमलोग सभी आजसू कार्यकर्तागण शामिल हुए हैं। रांची के भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ को विजयी बनाने के लिए हम सब बूथ स्तर पर काम करेंगे।

### अमित शाह का रोड शो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई : कांग्रेस

रांची। देश के गृहमंत्री अमित शाह का रांची के चुटिया मोहल्ला में रोड शो पर तंज करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अब मोहल्लेवासियों ने भी भाजपा को नकार दिया है। अमित शाह का रोड शो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई क्योंकि जनता को अब भाजपा पर भरोसा नहीं रहा। भरोसा है तो कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी पर। राहुल गांधी द्वारा जनता के लिए पूछे गए प्रश्न देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को मुहल्लों में रोड़ शो करने को विवश कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जो पार्टी वंचितों से उनका अधिकार छीनना चाहती हो, देश का संविधान बदलना चाहती हो, अपने पूंजीपति मित्रों का 16 लाख करोड रुपये माफ की है, युवाओं को रोजगार के लिए भटकाती हो, किसानों को एमएसपी देने के बदले गालिया बरसाती हो, महिलाओं को इज्जत लूटने वालों को सम्मान देती हो वैसी भाजपा पर अब जनता का भरोसा कभी नहीं रहेगा। इन्हें रोड शो की जगह अपने दस साल अन्याय काल के लिए जनता माफी मांगनी चाहिए।

### राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई पूरी, आदेश 27 मई को

**रांची** : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला के जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 27 मई निर्धारित की है।

**अदालत मामले में 27 को आदेश सुनायेगी:** ईडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को ईडी की विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। यह मामला बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़ा है।

## कांग्रेस की महिला नेत्री सीपीआई में शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस पार्टी नगड़ी प्रखंड की अध्यक्ष युवा महिला नेत्री आरती देवी ने शुक्रवार को सीपीआई के राज्य कार्यालय में सीपीआई के अजय सिंह और इम्तियाज अहमद खान के समक्ष सदस्यता ग्रहण किया। आरती देवी जन संघर्ष के मुद्दो को लेकर लगातार अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका में नजर आती है।जिला परिषद का चुनाव भी लड़ा था ।जन संघर्ष ही पहचान है।इनके सीपीआई में आने से रांची जिला में पार्टी को मजबूती मिलेंगी। उक्त जानकारी अजय सिंह सीपीआई ने दी।

## यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए डीजीपी ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पुलिस मुख्यालय, राँची स्थित सभागार से राँची शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड की अध्यक्षता में राँची में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। इस बैठक के दौरान अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक झारखण्ड के अतिरिक्त अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, पुलिस महानिरीक्षक, राँची, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, पुलिस उप-महानिरीक्षक, नेतरहाट, वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।इस बैठक के दौरान राँची शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ करने के लिए पुलिस कर्मियों की उपलब्धता एवं आवश्यकता पर जोर देते हुए कोलकता महानगर के तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने के प्रस्ताव पर लिये गये निर्णय की समीक्षा की गयी एवं कुछेक अन्य शहरों जहां कि यातायात व्यवस्था अनुकरणीय है वैसे शहरों में यातायात व्यवस्था के अध्ययन हेतु टीम भेजने हेतु निर्णय लिया गया।

यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु गृह रक्षा वाहिनी से सहयोग हेतु निर्देशित किया।इस संबंध में अन्य शहरों में यातायात व्यवस्था के अध्ययन हेतु एक त्रिस्तरीय कमिटी का गठन करने हुए आसन्न लोकसभा चुनाव-2024 के उपरांत भेजा जायेगा। जिस संबंध में कार्रवाई की जा रही है।इस बैठक में अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड, डा संजय आनन्द राव लाटकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, अखिलेश कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक, राँची, पंकज कम्बोज, पुलिस महानिरीक्षक, प्रोविजन, धनंजय कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक, नेतरहाट, चंदन कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची एवं कैलाश करमाली, पुलिस अधीक्षक, यातायात, राँची ने भाग लिया।

## लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर रांची में धारा 144 चार जून तक लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 08-राँची, लोक सभा निर्वाचन 2024 की घोषणा 16.03.2024 को कर दी गई है तथा घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन-सभा/जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जन सभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित/आंतकित किये जाने तथा विधि-व्यवस्था भंग होने की प्रबल आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित / असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। लोक शांति भंग न हो इसे लेकर दिनांक 16.03.2024 को अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा द0 प्र0 सं0 की धारा-144 के अतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। इसकी अवधि पूर्ण होने पर अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, राँची द्वारा निष्पक्ष चुनाव हेतु स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 08-राँची, लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सम्पूर्ण राँची सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से दिनांक 04.06.2024 रात्रि 11: 00 बजे तक लागू रहेगा।

## कांग्रेस पार्टी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी: यशस्विनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पदयात्रा, जनसंपर्क और चुनावी सभाएं कर मतदाताओं से कांग्रेस के लिए वोट मांगा।सुश्री सहाय ने चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को हमेशा मान-सम्मान दिया है। देश में महिलाओं से संबंधित जितनी भी योजनाएं चल रही है,वह कांग्रेस की देन है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार



सत्ता में आएगी तो महिलाओं के लिए बनाई गई कई नई योजनाएं तत्काल लागू कर दी जाएगी। यशस्विनी सहाय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रूपये देगी। इसके साथ ही केंद्र की नई नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। आशा दीदी, मिड डे मिल और आंगनबाड़ी के कर्मियों का केंद्र सरकार के हिस्से की वेतन दुगना की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह समय अच्छे दिन का झांसा देकर सत्ता में काबिज हुई मोदी सरकार को बदलने का है। इसलिए इस बार पंजा छाप में वोट देकर उन्हें विजयी बनाएं और राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के हाथों को मजबूत करें। चुनावी सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि झूठे वायदे के सहारे सत्ता में आई मोदी सरकार ने जनता के हित के लिए कोई काम ही नहीं किया।

## जेएसएलपीएस का सीआरपी-ईपी प्रशिक्षण आरसेटी दुमका में शुरू हुआ


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जामा -दुमका -इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी जामा, दुमका में जेएसएलपीएस के सीआरपी (कम्यूनिटी रिसोर्स पर्सन -इंटरप्राइज प्रमोशन ) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन। जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक स्किल भोलानाथ गुप्ता, जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक उदयम सम्बर्धन नितेश सचिन, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कृपाल झा,आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी एवं प्रशिक्षणर्थियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक स्किल



भोलानाथ गुप्ता ने कहा कि आप सभी लोगों को उधमिता विकास का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद सभी लोगों को अपने अपने क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित करने और जागरूक करने की जिम्मेवारी भी सरकार की ओर से दी जाएगी। जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक उदयम सम्बर्धन नितेश सचिन ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान आप सभी लोगों को उद्योग स्थापना के साथ छोटे बड़े रोजगार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जायेगी। आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने कहा कि उधमियों में गुणत्माक व्यक्तित्व विकास के लिए खेल के माध्यम से सुगम तरीके से प्रशिक्षित किया जायेगा। इस मौके पर काठीकुंड प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कृपाल झा,आरसेटी के कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने नौ माह के बच्चे को किया सकुशल बरामद, पांच आरोपी हिरासत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन के पास से चोरी किए गए मासूम बच्चे को पुलिस ने ओडिशा से सकुशल बरामद कर लिया गया है। बता दें कि बीते 11 मई को लातेहार के रहने वाले प्रदीप लोहरा, अपनी पत्नी नीना देवी और नौ माह के बच्चे जिसका नाम शुभम है सभी अगरतला से रांची लौटे थे। लातेहार का ट्रेन नहीं मिलने की वजह से प्रदीप अपने परिवार के साथ रांची स्टेशन के बाहर रात गुजार रहे थे। इस दौरान उनका बच्चा गायब हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस और चुटिया थाना मौके पर पहुंचकर बच्चे की तलाश में जुट गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को बच्चे के गायब होने की पूरी वारदात कैद मिली। मां बाप का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं इस पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की गई। लेकिन पुलिस ने अपने स्तर से लगी रही और ओडिशा से चार युवकों और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### सभी रेल कर्मी 25 मई को करें वोट: डीआरएम

**रांची** : रांची के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) जसमीत सिंह बिंद्रा ने अपने सभी रेल-कर्मियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई का दिन रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान का दिन है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि सभी रेल कर्मी रांची हटिया क्षेत्र में प्रतिनियुक्त हैं, उनसे आग्रह है कि 25 मई के दिन वे अपने मतदाता के अधिकार का पालन करें। पोलिंग बूथ जरूर जाये और अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें। यह आपका अधिकार ही नहीं कर्तव्य है। आप अपने मनचाही सरकार को चुन सकते हैं, अपने प्रतिनिधि को चुन सकते हैं और लोकतंत्र में अपना योगदान प्रदान कर सकते हैं।

## रक्तदान मानव जीवन की रक्षा के लिए संजीवनी का कार्य करता है : अमित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** असैनिक शल्य चिकत्सक-सह-मुख्य चिकित्सा कार्यालय के सौजन्य से सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, डॉ आनन्द शेखर झा के अध्यक्षता में राँची नगर निगम, राँची कार्यालय के आठवे तल पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त दान शिविर में राँची नगर निगम, राँची के लगभग 100 पदाधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भाग लिया । जिसमें 53 यूनिट ब्लड संग्रहित हुआ शेष का विभिन्न प्रकार के बीमारियों के कारण रक्त नहीं लिया जा सका। बता दें कि राँची नगर निगम, राँची की ओर से 17.05.2024 एवं 18.05.2024 को राँची नगर



निगम, राँची कार्यालय के आठवे तल पर रक्त दान शिविर का आयोजन करने हेतु उपाधिक्षक, सदर अस्पताल, राँची से अनुरोध किया गया था। रक्तदान शिविर में प्रशासक अमीत कुमार, भाप्रसे ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मौके पर उन्होने कहा कि रक्तदान मानव जीवन की रक्षा के लिए संजीवनी का कार्य करता है। हर स्वस्थ्य व्यक्ति को अपनी स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। समय-समय पर यदि हम रक्तदान करते है तो रक्तदाता स्वस्थ्य रह सकता है। इसके अलावा उन्होने सभी मतदाताओं से 25 मई 2024 को राँची क्षेत्रान्तर्गत होने वाली मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील की है। रक्तदान शिविर में राँची नगर निगम, राँची के कर्मचारी/पदाधिकारियों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। मौके पर सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, डॉ आनन्द शेखर झा एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## रांची डीसी ने कार्रवाई करते हुए 176 लाइसेंस धारकों का लाइसेंस रद्द कर दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु रांची जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्रों को थाना/ओपी अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कराने के लिये अखबारों में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कई तिथियों को सूचित किया गया था। जिन शस्त्र लाइसेंसधारियों द्वारा अपने शस्त्र जमा नहीं किये गये उनके खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा-17 के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।

**214 आर्म्स लाइसेंस किये गये रद्द:** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची की अनुशंसा पर कार्रवाई करते हुए 176 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लाइसेंस रद्द किये गये हैं। इन अनुज्ञप्तिधारियों ने बार-बार नोटिस जारी होने के बाद भी न तो हथियार जमा किये न छूट के लिए आवेदन समर्पित किया था।

**कई बार दी गयी सूचना:** अनुज्ञप्तिधारियों से धारित शस्त्र जमा



नहीं करने पर व्यक्तिगत पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण की भी माँग की गई थी। विभिन्न राष्ट्रीय/स्थानीय अखबारों में विज्ञापन के माध्यम इस संबंध में जानकारी भी प्रकाशित की गयी। स्पष्टीकरण नहीं देने वाले 212 अनुज्ञप्तिधारियों के नाम, पता एवं अनुज्ञप्ति संख्या का विज्ञापन छपवाकर जवाब समर्पित करने का अंतिम मौका भी दिया गया था। बार-बार नोटिस के बावजूद उदासीनता दिखानेवाले 176 लाइसेंस धारियों का लाइसेंस विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए रद्द कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त स्वेच्छा से, अनुज्ञप्तिधारियों की मृत्यु के कारण अनुज्ञप्ति सरेंडर एवं अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु या पूर्व में शस्त्र जमा करने पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए 38 अनुज्ञप्ति रद्द की गई है।

## चौदहवें दिन सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू और हॉकी गुमला की टीम ने जीत हासिल की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हॉकी झारखण्ड के सहयोग से हॉकी रांची द्वारा 20 अप्रैल 2024 से 02 जून 2024 तक आयोजित प्रथम हॉकी राँची लीग महिला एवं पुरूष 2024 में आज चौदहवें दिन महिला वर्ग के 02 मैच खेले गए ।

पहले मैच में हॉकी गुमला ने साई रांची को 02- 01 से तथा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू ने न्यू राइजिंग स्टार हुलहुन्दू को 03 - 00 गोल से पराजित कर पूरे अंक हासिल किया ।

साई रांची की ओर से 11वें मिनट में प्रियंका डांग ने गोल कर अपने टीम को बढ़त दिलाई एवं हॉकी गुमला की ओर से 13वें मिनट में पूनम बारला ने गोल कर अपने टीम को बराबरी की तथा 29वें मिनट में दीपिका होरो ने गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई ।

सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू की ओर से 4थे 33वें एवं 57वें मिनट में रोशनी आइन्द ने गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई ।आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयन्त केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा, अभिषेक साहू इत्यादि उपस्थित थे। 18/05/2024 को महिला एवं पुरुष वर्ग के 01-01मैच खेले जाएंगे ।

## आजसू द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधान सभा अंतर्गत नामकुम प्रखंड के राजाउलातू पंचायत अंतर्गत खास सोगोद,कोरोज टोली,हेसाबेडा, में एनडीए उमीदवार संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने एवं भारी मतों से जिताने के लिए प्रचार प्रसार करते हुए साथ ही केंद्र सरकार के कामों एवं सांसद के द्वारा खिजरी विधान सभा की गई कामों को बताते हुए इस मौके पर संजय सेठ के पुत्र ऐहवार सेठ, आजसू पाटी के केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह उर्फ छोटू, आजसू नेता प्रकाश लकड़ा, जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा,निरज चौधरी,शनि,मंगल हेमरोम,प्रिती गुण्डा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## हाईवे के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की घटना स्थल पर हुई मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली टिकर रंगा माटी मार्ग सिल्ली के झाबरी के समीप हाइवा के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सिल्ली अस्पताल प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि मोटरसाइकिल चालक हेलमेट नहीं पहनने के कारण सर पर अत्यधिक चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई वहीं घायल के सिर तथा छाती और पैर पर गंभीर चोटे आई है। वहीं मृतक के शव को सिल्ली पुलिस ने जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक पश्चिम बंगाल झालदा थाना क्षेत्र डूमरडीह रायडीह के राधा रमन के पुत्र उमेश महतो बताया जाता है। वह पिछले कई वर्षो से अपना गैरज खोलकर मिस्त्री का काम कर रहा था।घायल थाना क्षेत्र के तिलाईपीड़ी निवासी वीरसिंह महतो के पुत्र हरे कृष्णा महतो ने बताया कि मिलन चौक के समीप एक गैरेज में दोनों साथ काम करते थे। रामगढ़ से एक वाहन का पार्ट्स मंगाया गया था। उसे हम दोनो मिलकर सिल्ली मोटरसाइकिल झारखंड मोड़ के पास लेने के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में झाबरी के समीप एक हाइवा खड़ा था जिससे सीधे जा टकराया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उक्त वाहन का टायर पंचर हो गया था एवं बनाकर वह जैसी निकलने वाला था वैसे यह घटना घट गई ।घटना के बाद चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा है।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म मामले में एक को जेल

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत पदमपुर गांव में पिछले दिनों हुए नाबालिक के साथ हुए दुष्कर्म कांड में पदमपुर निवासी सुलेमान मुंडा उर्फ लोंगा उर्फ रोहन मुंडा 19 वर्ष पिता भक्तू मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया. ज्ञात हो की 15 मई की रात कांके रांची निवासी नाबालिक सबिता कुमारी (बदला हुआ नाम) अपने दादी के साथ शादी समारोह में पदमपुर आई थी इस बीच रात के वक्त सुलेमान मुंडा लड़की को घूमने के बहाने गांव से सटे जंगल की तरफ ले गया और जबरन नाबालिक के साथ दुष्कर्म जैसे घिनौना काम किया. नाबालिक ने घटना की जानकारी जब परिजनों को बतायी जिसके बाद परिजनों द्वारा कर्रा थाना में सुलेमान मुंडा के खिलाफ 16 मई को नाबालिक से दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया. वही कर्रा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए सुलेमान को गिरफ्तार कर शुक्रवार को खूंटी जेल जेल भेजा गया।

## हरेक वोट महत्वपूर्ण है मतदान अवश्य करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा स्थित ऑडिटोरियम में सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी और मतदान पदाधिकारी प्रथम के साथ बैठक किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को चुनाव को स्वच्छ निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उनके दायित्वों और कर्तव्यों को विस्तार से बताया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भुमिका काफी अहम हैं। अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निभाएंगे और शांतिपूर्ण, स्वच्छ व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान दिवस को उनकी भुमिका के बारे में सूक्ष्मता और गहनता से जानकारी देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुगम और सरल बनायेंगे। मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है ऐसे में अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें। मतदान कार्य से जुड़े यथा ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का बेहतर तरीके से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। हरेक वोट महत्वपूर्ण है मतदान अवश्य करें।पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा पर फोर्स की तैनाती की जायेगी। किसी भी प्रकार की समस्या या कठिनाई होने पर चुनाव सेल को तत्काल सूचित करेंगे। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन अधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समेत अन्य मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन उम्मीदवार विनोद सिंह के समर्थन में ग्रामीणों नें की बैठक

**जयनगर :** प्रखंड के ग्राम घंघरी, कन्द्रपडी, रेभनाडीह, हिरोडीह में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार कॉमरेड विनोद सिंह जनसम्पर्क अभियान चलाया तो दूसरी ओर उन्होंने ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया। बैठक में ग्रामीणों ने कोडरमा सांसद के कार्य से काफी नाराजगी लोगों ने जताई और इस बार विनोद सिंह को वोट करने को लोगों ने संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य सह ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान, मो. इब्राहिम अंसारी, प्रखंड सचिव अशोक यादव, सीपीआई नेता महेश सिंह, जेएमएम नेता रामप्रसाद सिंह, कांग्रेस नेता सुरेन्द्र यादव, पवन सिंह, आदि थे ।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)/पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दिनांकः– 15.05.2024 (1) **ई–निविदा संख्याः 04-GS-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के पतरातू में 200 इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग क्षमता के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधा का विस्तार के लिए समग्र कार्य) 24 (चौबीस) महीने, **कार्य की लगभग लागत (रूपये में):** 28,34,96,859.01, **ब्याने की राशि (रूपये में):** ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समयः** ई–निविदा बंद होने की तारीख 11.06.2024 को 17.00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 12.06.2024 को 12.00 बजे से, **बेबसाईट का विवरणः** http://www. ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। **नोटः–** (i) हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेज़ी भाषा में सूचना ही मान्य होगी (ii) प्रत्याशित निविदादाताओ को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps. gov.in अवलोकन करें। **मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**

पीआर/00299/डीएचएनजीएस/ईएनजीजी/टी/24–25/36


*कोयला मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा*

# पिपरवार के कारो मे नवनिर्मित सोलर प्लांट का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** कोयला मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव हिटलर सिंह ने अपने विभागीय अधिकारियों के टीम के साथ शुक्रवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर स्थानीय महाप्रबधंक सीबी सहाय ने बुके देकर अवर सचिव का स्वागत किया।जिसके बाद अवर सचिव ने विभागीय अधिकारियों के साथ पिपरवार क्षेत्र के कारो गांव में नवनिर्मित सोलर प्लांट का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान अवर सचिव ने सोलर प्लांट में चल रहे निर्माण कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली,साथ ही कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।उन्होंने सोलर प्लांट के जल्द चालू करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।सोलर प्लांट निरीक्षण के बाद अवर सचिव ने पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित संगम विहार क्लब में स्थानीय सीसीएल अधिकारियों के साथ बैठक की।इस बैठक मे सीसीएल के पिपरवार एरिया, मगध-संघमित्रा व आम्रपाली चन्द्रगुप्त एरिया के सीसीएल अधिकारी शामिल हुए।बैठक मे कई महत्वपूर्ण बातों पर विचार विमर्श किया गया। अवर सचिव ने उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।इससे पूर्व अवर सचिव ने टंडवा स्थित मगध, आम्रपाली और एनटीपीसी पावर प्लांट का औचक निरीक्षण कर कई बातों की जानकारी ली।इस मौके पर सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के महाप्रबंधक प्रमोद नायर, पिपरवार जीएम सीबी सहाय, आम्रपाली चन्द्रगुप्त जीएम अमरेश कुमार सिंह, मगध संघमित्रा जीएम नृपेन्द्र नाथ, अशोका पीओ संजय कुमार, सीएचपी पीओ डी कुमार, मगध पीओ एस सत्यानारायण, एसओसी सुमन कुमार,जेएन दत्ता, जीएसपी शर्मा, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, खान प्रबधंक एसके सिंह, एके श्रीवास्तव सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सतगावां :** प्रखंड में 20 मई को प्रखंड क्षेत्र में भयमुक्त व निष्पक्ष लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर कोडरमा पुलिस कप्तान अनुदिप सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस जवान मौजूद थे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकलकर नासरगंज चौक से होते हुए बासोडीह ,कलीडीह, मरचोई, मीरगंज, माधोपुर पचौड़ी, आदि आसपास के गांव होकर गुजरा। थाना प्रभारी ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने व लोगों को निर्भय होकर मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। मतदाताओं से मिलकर उनको भरोसा दिलाया गया कि प्रशासन उनके साथ है। वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार करें। उन्होंने ने बताया कि उपद्रवियों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ पूर्व से प्रावधान के मुताबिक कारवाई की गई है। चुनाव में किसी प्रकार का अफवाह फैलाने पर कानूनी कारवाई की जाएगी।वहीं फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस पदाधिकारी के अलावे जैप के जवान एवं सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

## संत माईकल +2 स्कूल, मुरी के कक्षा दसवीं व बारहवीं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मुरी :** सी. बी. एस. ई. बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं एवम् बारहवीं का परिणाम दिनांक 13/05/24 को घोषित हुआ। जिसमें संत माईकल + 2 स्कूल का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। शुक्रवार को सभी टॉपर बच्चों को पुष्प गुच्छ देकर तथा मिठाई खिला कर विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। इस खुशी के मौके पर सभी बच्चे तथा सभी शिक्षक कर्मी मौजूद थे। सभी ने एक साथ सफलता की खुशियाँ मनाई। विद्यालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का ही फल है।साथ ही उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत बच्चो ने गुणवत्ता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया।स्कूल प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एवम् विद्यार्थीयों को बधाई के साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकों को भी धन्यवाद दिए जिसने स्कूल के प्रति भरोसा जताया।स्कूल प्राचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहा कि बच्चे हमारे विश्वास पर खरे उतरे। आगे उनके सफल भविष्य की कामना करते हैं।इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवम् शिक्षकाए मनीषा सिंह,ममता गोस्वामी, रमेश गौराई, सोमांशी तिवारी, किशोर कुमार, वि. वेंकट राव, अजय चिक बराईक, अभिरूप दत्ता, हनी कश्यप, अन्नत कुमार, अनिरुद्ध कुमार, इत्यादि उपस्थित थे।

## कर्रा में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा पर शिक्षकों को एक दिवसीय सर्वेक्षण प्रशिक्षण हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कर्रा :** प्लस टू हाई स्कूल सभागार कर्रा में शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के द्वारा जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा पर शिक्षकों को एक दिवसीय सर्वेक्षण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में बीपीओ मनमोहन साहु ने कहा कि जिस राज्य में प्राथमिक कक्षाओं में छात्रों को अपनी मातृ भाषा में शिक्षा दी जाती है वहां साक्षरता दर अधिक है, जब कोई बच्चा घर से पहली बार विद्यालय जाता है और उसे उसी की भाषा में बात किया जाय तो उसे अपनापन का बोध होता है बच्चा वह विद्यालय में भी अपने घर जैसा महसूस करता है जिससे उसे सीखने में आसानी होती है और जल्दी हीं वह बच्चा सीख जाता है. नई शिक्षा नीति में भी प्राथमिक विद्यालय में छात्रों को उनकी मातृ भाषा में हीं शिक्षा देने की बात कही गयी है. साहु ने बताया कि संविधान के आर्टिकल 350ड़ में प्राथमिक कक्षाओं में मातृभाषा में शिक्षा देने की बात कही गयी है. आज के इस प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों को बताया गया है आप अपने स्तर से जांचोपरांत संतुष्ट होने के बाद हीं भरा हुआ सर्वेक्षण प्रपत्र दिनांक 22/5/2024 को अपराह्न 4ः00 बजे तक प्रखंड कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया. ज्ञात हो कि किसी विद्यालय में कम से कम 10 जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा जानने वाला छात्र होगा तो उस विद्यालय में घंटी आधारित शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे. विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा भरा गया डेटा को संबंधित संकुल के संकुल साधन सेवी सत्यापन करेंगे उसके बाद हीं प्रतिवेदन प्रखंड स्तरीय समिती से अनुमोदन के बाद जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा. प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी 172 विद्यालय प्रभारी, प्रखंड साधन सेवी एवं संकुल साधन सेवी उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप-एक्सट्रावेगेंजा-2024 का भव्य समापन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में चल रहे आठ दिवसीय समर कैंप-एक्सट्रावेगेंजा-2024 का भव्य समापन समारोह मनाया गया। विद्यालय में दिनांक 10 मई, 2024 को समर कैंप की शुरुआत हुई थी। प्रतिदिन बच्चों ने कई रचनात्मक और कलात्मक गतिविधियों में भाग लिया। समापन समारोह में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाते हुए विद्यालय के बच्चों ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। समापन समारोह में बांग्ला तथा ओडिसी नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। ओडिसी नृत्यांगना सुश्री कविता द्विवेदी द्वारा एक विशेष नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । समर कैंप के दौरान बच्चों द्वारा की गई आकर्षक छतरी पेंटिंग और टी-शर्ट पेंटिंग के साथ विभिन्न कलात्मक वस्तुओं की कला प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे सभी ने काफी सराहा। बच्चों ने आकर्षक वाल पेंटिंग भी की। इन कलाकृतियों में बच्चों की कलात्मकता देखते ही बनती थी।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों द्वारा इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की सराहना की तथा इस बात पर विशेष जोर दिया कि छात्र इस दौरान जो कुछ सीखे हैं उसका सदुपयोग करें और 21 वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए अपने कौशलों को बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहें।

*पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय से रवाना हुआ मतदाता जागरूकता रथ*


## लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता बढ़-चढ़कर करें मतदान : सीबी सहाय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा शुक्रवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय से मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया गया।पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर इस मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया।इस संबंध में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने कहा कि यह मतदाता जागरूकता रथ पिपरवार क्षेत्र के बचरा आवासीय कालोनी एवं ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम करेगा।उन्होंने कहा कि आवासीय कॉलोनी के अलावे ग्रामीण इलाको मे वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर इस तरह के जागरूकता रथ को रवाना किया गया है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व मे मतदाताओ को बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय, एजीएम रंजय सिन्हा, एसओपी नागेश गोपालन, एसओसी सुमन कुमार, जीएसपी शर्मा, इन्द्रजीत सिंह, जेएन दत्ता, सुभोजित हलदर, आरिश इकबाल, कार्मिक प्रबंधक रवि बाड़ा, उज्जवल कुमार, ज्योति कुशवाहा, श्रमिक प्रतिनिधि मुंद्रिका प्रसाद,एसके चौधरी, भीम सिंह यादव,एसडी राम, दिलिप गोस्वामी सहित कई अधिकारी कर्मचारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मोटोरोला ने एज 50 फ़्यूज़न लॉन्च किया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते एंड्रॉइड ब्रांड मोटोरोला ने अपनी प्रीमियम एज फ्रेंचाइजी के नवीनतम संस्करण की शक्ल में मोटोरोला एज 50 फ्यूजन को लॉन्च कर दिया है। मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न ने अपने सेगमेंट की कई सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं के साथ 25 हजार से कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा दी है। यह अपने प्राइमरी कैमरे में इस सेगमेंट का सबसे उन्नत सोनी-एलवायटीआईए 700सी सेंसर, स्मार्ट वॉटर टच तकनीक के साथ सेगमेंट का एकमात्र आईपी68 अंडरवाटर प्रोटेक्शन और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 5 प्रोटेक्शन के साथ सेगमेंट का सबसे चमकीला 144हर्ट्ज़ 10-बिट पोलेड 3डी कर्व्ड डिस्प्ले पेश करता है। इसके अतिरिक्त, मोटोरोला एज 50 फ्यूज़न में स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 प्रोसेसर, 12जीबी तक इन-बिल्ट रैम और 256जीबी स्टोरेज, इसकी विशाल 5000 एमएएच बैटरी के लिए 68वॉट का तेज़तर्रार चार्जर और 4 साल के सुरक्षा अपडेट के साथ 3 ओएस अपग्रेड का आश्वासन दिया गया है। लॉन्च पर बोलते हुए, मोटोरोला इंडिया के प्रबंध निदेशक टी एम नरसिम्हन ने कहा कि हम मोटोरोला एज 50 फ्यूजन को पेश करते हुए रोमांचित हैं, जो हमारे मूल्यवान ग्राहकों को अत्याधुनिक तकनीक और अभिनव समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में मील का पत्थर है। सार्थक नवाचार प्रदान करने की दिशा में किया गया हमारा फोकस, एज 50 फ़्यूज़न के बेमिसाल कैमरे और इसकी अभूतपूर्व डिज़ाइन में प्रतिबिंबित होता है, क्योंकि यह स्मार्टफोन इंडस्ट्री में उत्कृष्टता का एक नया मानक स्थापित करता है।

## मेरी लाईफ कार्यक्रम के तहत सीआईएसएफ के जवान मैराथन दौड़ मे हुए शामिल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के जवान शुक्रवार को मेरी लाइफ कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ में शामिल हुए।इस दौरान राय कोलियरी झुला पुल से लेकर पिपरवार लायंस क्लब तक सीआईएसएफ के जवान और अधिकारियों ने मैराथन दौड़ लगाया।सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस के नेतृत्व में जवान और अधिकारियों ने करीब पांच किलोमीटर तक मैराथन दौड़ लगाया।मैराथन दौड़ मे काफी संख्या मे महिला सुरक्षा कर्मी शामिल हुए।इस मौके पर सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस,सहायक कमांडेंट संजय कुमार मीणा, इंस्पेक्टर सरफराज आलम, संतोष नेगी,सब इंस्पेक्टर डीके चौधरी सहित कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

# शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है जो समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकता है : डॉ परमेश्वर भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** शुक्रवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम डुमरी में एच. एस. इंपीरियल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत एवं फीता काट कर उद्घाटन किया।समारोह में नरकोपी थाना प्रभारी ने कहा की शिक्षा से समाज में परिर्वतन आ सकता है साथ ही क्राइम रुक सकता है और विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। प्रो. डॉ. नाफर अली ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा सभी लोगो के लिए अतिआवश्यक है, शिक्षा से लोग बड़े बड़े पदों में आसीन हो सकते है एवं गरीबी शिक्षा प्राप्त करने में कोई बाधक नहीं है। मांडर प्रखंड अंजुमन के सचिव अफरोज हुसैन ने कहा की मोबाइल के कारण बच्चो का समय नष्ट होता है। बच्चे मोबाइल इस्तेमाल अच्छे बुरे चीजों को देखते हुए करे। डॉ. परमेश्वर भगत ने अपने साहसिक कदम के साथ शिक्षा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने आज एच. एस. इंपीरियल पब्लिक स्कूल का उत्घाटन किया, जिसमें वे समाज को समर्पित शिक्षा के माध्यम से एक सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर होने की महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एक महत्वपूर्ण माध्यम है जो समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने ने कहा की विद्यार्थी को अनुशासित, संयमित रहते हुए खूब मेहनत करना चाहिए और एक अच्छी संगति में रहना चाहिए। अभिभावकों को इन्होने ने कहा की आप अपने बच्चो को प्रतिदिन चेक करे, कि कही आपके बच्चे गलत रास्ता में तो नहीं जा रहे है अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि दो रोटी काम खाए लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाए।मौके पर डॉ नाफर अली, स्कूल के निदेशक वशिम अंसारी, प्रधानाचार्य रेहान अंसारी, अध्यक्ष ताहिर अंसारी, सचिव इरसाद अंसारी, मांडर प्रखंड अंजुमन के सचिव अफरोज हुसैन, नरकोपी थाना प्रभारी, अतहर रहमान, रिजवान अंसारी, कुर्बान अंसारी, साहेब अंसारी, जुमन अंसारी और सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूचना पर्ची वितरण कार्य का किया औचक निरीक्षण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड सुबोध कुमार ने घाटशिला प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्र अंतर्गत मतदाता सूचना पर्ची वितरण कार्य का औचक निरीक्षण किया । जिला में 25 मई को लोकसभा चुनाव है। इस निमित बीएलओ के माध्यम से प्रत्येक मतदाताओं तक चुनाव के कम से कम पांच दिन पूर्व मतदाता सूची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें मतदाता सूचना पर्ची मिली है या नहीं इसकी जानकारी ली । साथ ही सभी को 25 मई को वोट देने के लिए प्रेरित भी किया।

## ग्राम प्रधान बृंदावन दास व महिला नेत्री लक्ष्मी कुंभकार ने समीर मोहंती के लिए मांगे वोट



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के लावा गांव की ग्राम प्रधान बृंदावन दास व महिला नेत्री लक्ष्मी कुंभकार के नेतृत्व में महिलाओं ने शुक्रवार को पटमदा प्रखंड के बेलडीह, बांगुड़दा व काशमार पंचायत के कई गांवों में दौरा करते हुए महागठबंधन प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। ग्राम प्रधान ने बताया कि इस दौरान बेलडीह गांव के बूथ संख्या 106, गोपालपुर गांव के बूथ संख्या 76, कुम्हारदा गांव के बूथ संख्या 80 -81 में प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करवाने हेतु महिला बूथ कमेटियों का गठन किया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लोगों को तीर कमान चिन्ह पर वोट डालने की अपील की गई। मौके पर मंगली कुंभकार, द्रोपदी कुंभकार, पुतुल कुंभकार, मधुमिता कुंभकार, ललिता कुंभकार, मणि सिंह व गुलापी कुंभकार शामिल थे।

## 11 हजार वोल्ट का तार टूटा, 5 दिनों से बिजली गुल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की खेड़ूआ पंचायत अंर्तगत कुंदुरूकोचा गांव के 18 आदिवासी परिवार भीषण गर्मी में जूझते हुए अंधेरे में ही राते गुजारने को विवश है। पांच दिन पहले बामनी टोला बडडीह के समीप ग्यारह हजार का तार टूटकर गिर जाने के बाद गांव में बिजली आपूर्ति बंद हो गई है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि के अलावे बिजली विभाग के मिस्त्री को देने के बाद भी कुछ सुधार नहीं किया गया है। गांव के मुचीराम सोरेन ने बताया कि बिजली सेवा बंद होने के कारण बच्चों के पढाई व अन्य जरूरी कामों के लिए लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि विभागीय मिस्त्री ने टूटे तार को जल्द मरम्मत करने का अश्वासन दिया था लेकिन पांच दिन गुजर जाने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने जल्द मरम्मत नहीं होने पर आंदोलन करने की बाते कही है।

## पुलिस ने बोरा में बंद युवक का शव किया बरामद, हत्या की आशंका

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के टाटा-कांड्रा मार्ग पर केंदु गाछ स्थित पवन कांटा के समीप से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने बोरा में बंद लगभग 37 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी प्राप्त कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचाई नहीं हो पाई है। मृतक का रंग गोरा है, लेकिन उसका चेहरा पूरी तरह से काला पड़ गया था। उसके शरीर पर सिर्फ गमछा लिपटा है। शरीर पर भी कई जगह कटे का निशान भी पाया गया है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसकी हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस युवक की पहचान करने में जुट गई है।

## अभ्यर्थियों का व्यय सम्बंधी लेखा की दूसरी जांच हुई



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 09-जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन के अभ्यर्थियों का व्यय सम्बंधी लेखा की दूसरी जांच व्यय प्रेक्षक एस.पी.जी मुदलियार, व्यय प्रेक्षक ईश गुप्ता एवं व्यय कोषांग के वरीय पदाधिकारी दीपांकर चौधरी की उपस्थिति में वाणिज्य कर कार्यालय, जमशेदपुर के सभागार में किया गया। विदित हो कि निर्वाची पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा सभी अभ्यर्थियों के व्यय सम्बंधी लेखा की जांच हेतु तीन तिथियां निर्धारित की गई हैं। तीसरा व्यय लेखा मिलान 22 मई को किया जाएगा । पूर्वाह्न 10ः30 से 5ः00 बजे अपराह्न तक व्यय लेखा का मिलान किया जा रहा। उक्त को लेकर अभ्यर्थी को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत चुनाव अभिकर्ता के माध्यम से लेखा जांच दल के समक्ष जांच कराने हेतु मूल व्यय पंजी के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

## रक्तचाप स्क्रीनिंग शिविर का हुआ आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के दिन शुक्रवार को बाराद्वारी स्थित आर्शीवाद भवन ओल्ड एज होम परिसर में पब्लिक अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आईएचएमओ जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से रक्तचाप स्क्रीनिंग शिविर लगाए गए। वृद्धाश्रम में रह रहे 60 से अधिक उम्र के कुल 23 बुजुर्ग की ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) की जांच की गई. मौके पर कार्यक्रम संयोजक कमलेश ने बताया कि वर्ष 2024 की थीम अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जिएं इस पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र शर्मा , रामदीप , परमेश्वर प्रसाद दास, संगीता साहू एवं सोमा चंद्र सिद्दीकी का योगदान रहा।

### कुकड़ु हाट मैदान में इंडिया गठबंधन का चुनावी जनसभा में बोले मंत्री बन्ना गुप्ता

# झारखंड में बह रही है बदलाव की हवा सभी 14 सीटें जीतेगा इंडिया गठबंधन

**- यशस्विनी सहाय ने कहा- युवाओं को नौकरी, कृषि ऋण माफी व महिलाओं को मिलेगा हर महीने 8500 रूपये**

प्रभात मंत्र संवाददाता





**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के कुकड़ु हाट मैदान में इंडिया गठबंधन का चुनावी जनसभा किया गया। जनसभा में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक सविता महतो उपस्थित होकर जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को सम्बोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रधानमंत्री पर जमकर हमला बोलते हुए कहा, केंद्र की भाजपा सरकार झुठ बोलने वाली, लोगों को आपस में लड़ाई लड़ाने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष मोदी सरकार हिन्दू को मुसलमान से,सीख को इसाई से अगड़े को पीछड़े से आदिवासी को पिछड़ों से लड़ाने का काम किया है। पूरे झारखंड में इंडिया गठबंधन को जीत सुनिश्चित है। बदलाव की हवा बह रही है और जुमले बाजी का अंत होना निश्चित है।वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला को सम्मान देने का काम किया और पहली बार किसी युवा महिला को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी को लोकसभा भेज कर आशीर्वाद दें। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि तानाशाह केन्द्र सरकार जो बेगुनाह हेमंत सोरेन को जेल में डालने का काम किया, उसका बदला लेने का समय है और आपका एक वोट बदलाव ला सकता है। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि शिक्षित युवाओं को नौकरी, बेरोजगार युवाओं को उद्योग के लिए सरकारी अनुदान, गरीबों को 25 लाख का मुफ्त इलाज, कृषि ऋण माफी व महिलाओं को 8500 हर महीने दिया जाएगा।मौके पर गुरू चरण किस्कू, राज परिवार सदस्य कल्याण चन्द्र सिंह, इन्द्र जीत महतो,नयन सिंह मुण्डा,दूर्योधन गोप आदि उपस्थित थे। वही जनसभा को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन संबोधित करने वाले थे लेकिन किसी कारण वश वे नही पहुंच सके।

## लखना सिंह घाटी में ट्रक चालकों के साथ लूटपाट, मोबाइल व कैश छीने



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा-चौका मार्ग पर लखना सिंह घाटी के पास बीते गुरुवार की रात सड़क लुटेरों ने करीब दर्जन भर ट्रकों को रोककर लूटपाट और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। बताया गया है कि 10 से 15 लूटेरों द्वारा उंक्त वारदात को अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उंक्त मार्ग पर करीब दो घंटे तक नकाबपोश अपराधियों ने बाहरी गाड़ियों को रुकवाकर उसमें तोड़फोड़ की और चालकों के साथ मारपीट कर पैसे छीन लिए। अपराधियों द्वारा इस दौरान धारदार हथियार से कई चालकों पर हमला भी किया गया जिससे वे जख्मी हो गए। इसके बाद अपराधियों ने चालकों से नकद, मोबाइल आदि की छिनतई की गई। करीब दो घंटे तक अपराधी सड़क पर लूटपाट करते रहे किंतु पुलिस नहीं पहुंच पाई। गौरतलब है कि लखना सिंह घाटी कांड्रा और चौका थाना सीमा से सटा है। पुलिस यह तय नहीं कर सकी कि किसके अधिकार क्षेत्र में अपराधी तांडव मचा रहे हैं। लूटपाट कर अपराधी के चले जाने के बाद पीड़ित ट्रक चालको ने अपनी ट्रकों को बीच सड़क पर खड़ा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। रात्रि करीब दो बजे के बाद चौका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित ट्रक चालकों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटाया। बाद में कांड्रा पुलिस भी मौके पर पहुंची और ट्रक चालको से बात कर वारदात की जानकारी लेकर जांच में जुट गई है।

## डीईओ ने रांची लोकसभा के ईचागढ़ विधानसभा की तैयारी को लेकर राजनीतिक दल के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में पंजीकृत राजनीतिक दल के सदस्यों के साथ बैठक हुई। उपायुक्त द्वारा रांची लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत जिले के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की तैयारी के संबंध में बिंदुवार जानकारी साझा की गई। उपायुक्त ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बनाए जा रहे इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टी के आवागमन हेतू रुट चार्ट, मतदाता पर्ची वितरण, पोस्टल बैलेट के माध्यम से योग्य वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओ का होम वोटिंग इत्यादि के अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा चुनाव प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार में आदर्श आचार- संहिता तथा मोटर व्हीकल एक्ट के उलंघन पर ध्यान रखते हुए निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुरूप चुनाव सम्बन्धित कार्य करें।

## जमशेदपुर का चुनाव एक सफल सांसद और एक असफल विधायक के बीच : दीपक प्रकाश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लागों को संबल करने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। उपरोक्त बातें झारखंड भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कही। वे शुक्रवार को जमशेदपुर लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश कहा कि 19 मई को घाटशिला के फुटबॉल मैदान में होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशाल जनसभा ऐतिहासिक होगी। कहा, झारखंड की सभी 14 सीटों पर भाजपा-एनडीए की जीत होगी। राज्य की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार से पूरी तरह त्रस्त है, जिन्होंने साढ़े चार साल में झारखंड को लुटखण्ड बना दिया। दूसरी ओर कांग्रेस के विधायक दल नेता आलमगीर आलम के काले कारनामे जनता के सामने आ रहे हैं।दीपक प्रकाश ने कहा कि जमशेदपुर का चुनाव एक सफल सांसद बिद्युत महतो और एक असफल विधायक समीर मोहंती के बीच है।

## मतदाता सूचना पर्ची नही मिली है तो 1950 टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** 18 मई को जिले में मतदाता सूचना पर्ची वितरण का अंतिम दिन है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार पिछले 07 मई से मतदाता सूचना पर्ची का वितरण बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर किया जा रहा है। वैसे मतदाता जिनको मतदाता सूचना पर्ची अभी तक प्राप्त नहीं हो पाई है उनसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील किया है कि टोल फ्री 1950 पर शिकायत करें, आपके क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर पर जाकर मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु घर-घर मतदाता सूचना पर्ची पहुंचाने के साथ-साथ रंगीन वोटर गाइड भी उपलब्ध कराई जा रही है । इसके साथ ही सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश है कि मतदाता सूचना पर्ची वोटर या उनके परिवार के सदस्य को ही दें ।

## समीर मोहंती के पक्ष में बोड़ाम में कल्पना सोरेन की चुनावी सभा 22 को, तैयारी में लगे मंगल कालिंदी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम के हाट टोला मैदान में 22 मई को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी और झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम के हाट टोला मैदान पहुंच कर स्थल का निरीक्षण किया। विधायक ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए बोड़ाम के भूला चौक पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की। कार्यक्रम को लेकर उन्होने कार्यकर्ताओ को कुछ दिशा निर्देश भी दिये हैं। मौके पर विश्वनाथ सिंह सरदार, विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, काजल सिंह, ईशान चंद्र मूर्मू, आकाश सिंह, बेलडिह मुखिया परिमल सिंह, विनय मंडल,रतिरमन सिंह, खेदु गोप, गौरिनाथ महतो, विद्यासागर गोराई, गोवर्धन कुंभकार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दिघी भुला में इंटर के टॉप टेन विद्यार्थीयों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय दिघी भुला में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से इंटर की परीक्षा में टॉप टेन में शामिल होने वाले विद्यार्थियो को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थीयों में लक्ष्मी महतो, लालटू महतो, उत्तरा सिंह, सुपर्णा महतो, रीता महतो, धरित्री महतो, पूजा प्रमाणिक, चंदना मंडल, प्रसेनजीत महतो और राखी महतो शामिल हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने कहा कि अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा देने वाले सभी विद्यार्थी घर में पढ़ाई के साथ- साथ लिखने का अभ्यास करें इससे और बेहतर परिणाम होगा। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र मुर्मू, मुखिया मंगल सिंह, सुभाष महतो, करुणामय गोप, चाइनारानी महतो, रेवती मोहन गोप, सुधांशु महतो, शिबू महतो, शिक्षक निवारण महतो, कृष्णपद हांसदा, संजीव कुमार,आलोक रंजन, आशुतोष कुमार, अजीत सिंह मुंडा, मधु, चित्रा महांती, पूर्णिमा बेरा,डॉ अरुणा कुमारी, कल्याणी कुमारी, श्वेता मिश्रा, रीना कुमारी, अविनाश कुमार, सोमनाथ मंडल, अंबिका सिंह और सावित्री मुदी आदि उपस्थित थे।

### ईचागढ़ में सुदेश महतो ने शिबू सोरेन के परिवार पर बोला हमला, कहा

## झारखण्ड का विकास देखना हो तो सोरेन परिवारों को देखें

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चांडिल :** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत भादुडीह गांव में आजसू पार्टी का ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन में उपस्थित ग्राम प्रभारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली के विधायक सुदेश महतो ने कहा कि 40 सालों से शिबू सोरेन के परिवार अपने विकास में व्यस्त है। यदि सही मायने में आपको झारखण्ड का विकास देखना है तो सोरेन परिवार को देखें आपको पता चल जायेगा की यहां विकास कहां छुपी हुई है. झारखंडी जनता की विकास लिए झामुमो के पास कोई नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा आजसू सरकार ने विकास का नए मिसाल प्रस्तुत कर रही थी। लेकिन झामुमो गठबंधन सरकार ने प्रदेश में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का विकास किया है. महतो ने ईचागढ़ के लोगों से आह्वान किया की 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में आजसू समर्थित भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को वोट देकर प्रचण्ड मतों से जिताने के काम करेंगे।

## सामान्य प्रेक्षक ने कलस्टर, मतदान केन्द्र व अंतर्राज्यीय चेकनाका का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक किछु शिव कुमार नायडू द्वारा गुड़ाबांदा प्रखंड में कलस्टर एवं चेकनाका का निरीक्षण कर पदाधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक रेरुआ मुड़ाठाकुरा कलस्टर पहुंचे जहां उन्होने पोलिंग पार्टी व पुलिस बल के आवासन के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। वहीं मतदान केन्द्र संख्या 181, 182, 183 में मतदाताओं के लिए उपलब्ध कराये गए मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक ने गुड़ाबांदा प्रखंड से सटे ओडिशा के बॉर्डर पर बनाये गए अंतर्राज्यीय चेकनाका तेतुलडांगा और मुचरीशोल का निरीक्षण कर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पहिया वाहनों की जांच गंभीरता से करें।

## टाटा स्टील इंटर डिविजनल चेस टूर्नामेंट के विजेता बने आदर्श

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के खेल विभाग द्वारा जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के जेएफसी मीडिया सेंटर में दो दिवसीय इंटर डिविजनल चेस टूर्नामेंट आज सम्पन्न हुआ। एकल प्रतियोगिता में स्टील मैन्युफैक्चरिंग के आदर्श कुमार विजेता बने, जबकि शेयर्ड सर्विसेज के के के झा ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। स्टील मैन्युफैक्चरिंग के अभिषेक झा इस टूर्नामेंट में दूसरे उपविजेता रहे। टीम चैम्पियनशिप में स्टील मैन्युफैक्चरिंग विजेता, शेयर्ड सर्विसेज उपविजेता और द्वितीय उपविजेता आयरन मेकिंग रही। टूर्नामेंट में टाटा स्टील की 18 इकाइयों 100 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए।पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मुकुल विनायक चौधरी, स्पोर्ट्स चीफ और सुश्री विभूति ढांड अडेसरा, हेड इवेंट एंड ट्रेनिंग सेंटर उपस्थित थी। टूर्नामेंट जयंत भुइयां, चंदन कुमार प्रसाद, शौकिन कुंडू, विशाल कुमार मिंज और विक्रम कुमार के देखरेख में संपन्न हुआ।

## सबर मतदाताओं को मिला मतदाता सूचना पर्ची, मतदान को लेकर उत्साहित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिले के एक-एक मतदाता को लक्षित कर मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र हो या सुदूर दुर्गम क्षेत्र में निवासरत आदिम जनजाति सबर मतदाता, बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित करा रहे । जिले के सभी सबर मतदाताओं तक मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराते हुए 25 मई को वोट देने की अपील की गई। सबर मतदाताओं में भी मतदान को लेकर काफी उत्साह है, उन्होने आश्वस्त किया कि वे अपने बूथ पर जाकर वोट करेंगे।

संपादकीय

# अब हिंदू-मुस्लिम आबादी

**आज** भारत की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना वैश्विक महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 लंबे साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमान बढ़ रहे थे। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! गौरतलब तथ्य यह है कि 1951 से आज तक मुसलमानों की आबादी एक बार भी नहीं घटी, लगातार बढ़ती रही है। अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं। ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी, पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रपट के मुताबिक, 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है! भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दोफाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्पसंख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। 65 साल की मुस्लिम आबादी में रोहिंग्या भी शामिल नहीं हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रपट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है। जैन, पारसी, ईसाई, बौद्ध, सिख समुदाय भी अल्पसंख्यक वर्ग में आते हैं। देश में पारसियों की आबादी तो करीब 57000 बताई जाती है, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारों के लिए कभी भी जन-आंदोलन नहीं छेड़े। मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ती रही है, इसके बुनियादी कारण बांग्लादेश से घुसपैठ, धर्मान्तरण, मुस्लिम सांसदों, नेताओं द्वारा ज्यादा बच्चे पैदा करने के आह्वान, 'पालन-पोषण तो अल्लाह करेंगे' जैसी सोच, 2011 तक ज्यादा प्रजनन दर, अशिक्षा, अज्ञानता आदि हैं। यह बढ़ोतरी देश की खाद्य सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती है। देश के संसाधन कम पड़ सकते हैं। पहले घुसपैठ बांग्लादेश से अधिक हुई, क्योंकि 1971 में पाकिस्तान विभाजन के साथ युद्ध भी हुआ। लोग बांग्लादेश से भाग कर भारत में आए। संघ-भाजपा 2 करोड़ से अधिक ऐसे घुसपैठिए मानते रहे हैं। जब म्यांमार से पलायन शुरू हुआ, तो रोहिंग्या मुसलमानों ने भारत में घुसपैठ की। म्यांमार के बाद भारत में हिंदुओं की आबादी में सर्वाधिक गिरावट हुई है। रपट बताती है कि दुनिया में बहुसंख्यकों की हिस्सेदारी 22 फीसदी घटी है। प्रजनन दर की बात बेहद महत्वपूर्ण है। दशकों तक मुसलमानों की औसत प्रजनन-दर 4-6 फीसदी रही, लेकिन अब 2021 वाले दौर में यह घटकर 2.36 फीसदी हो गई है। यह प्रजनन-दर हिंदुओं में औसतन 1.94 फीसदी है। बहरहाल हमारा निष्कर्ष फिलहाल यह नहीं है कि भारत इस्लामीकरण की ओर बढ़ रहा है, लेकिन आबादी का यह असंतुलन इसी गति से जारी रहा, तो कई संकट उभर सकते हैं।

आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! गौरतलब तथ्य यह है कि 1951 से आज तक मुसलमानों की आबादी एक बार भी नहीं घटी, लगातार बढ़ती रही है। अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं। ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी, पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रपट के मुताबिक, 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढोतरी 43.15 फीसदी हुई है।

### हिन्दुस्तान में और अनेक कारणों से समाज में भेद-व्यवहार हो सकता है, लेकिन रंग कभी भी भेदभाव का आधार नहीं रहा

# सैम पित्रोदा के माध्यम से पश्चिम की साजिश

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष, सोनिया परिवार के अंतरंग, राहुल गान्धी के राजनीतिक गुरू सैम पित्रोदा ने भारत के लोगों के प्रति कांग्रेस की सोच को एक महत्वपूर्ण साक्षात्कार में प्रकट किया। सैम पित्रोदा अमरीका में रहते हैं। उन्होंने भारत के समाज शास्त्र को नए सिरे से पारिभाषिक करते हुए कहा कि पश्चिमी भारत में रहने वाले लोग अरबों जैसे हैं। पूर्वी भारत में रहने वाले लोग चीनियों जैसे हैं। दक्षिणी भारत में रहने वाले लोग अफ्रीकियों जैसे हैं।

**लगता** है अब कांग्रेस अपने असली रंग में आना शुरू हो गई है। उसकी असलियत भारत के लोगों को पहले से ही ज्ञात है, लेकिन अभी तक कांग्रेस ने स्वयं अपने मुख से उसे कभी स्वीकारा नहीं था। लेकिन 2024 के लोकसभा के चुनावों ने तापमान इतना बढ़ा दिया है कि कांग्रेस ने एक के बाद एक अपने सभी आवरण उतारने शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष, सोनिया परिवार के अंतरंग, राहुल गान्धी के राजनीतिक गुरू सैम पित्रोदा ने भारत के लोगों के प्रति कांग्रेस की सोच को एक महत्वपूर्ण साक्षात्कार में प्रकट किया। सैम पित्रोदा अमरीका में रहते हैं। उन्होंने भारत के समाज शास्त्र को नए सिरे से पारिभाषिक करते हुए कहा कि पश्चिमी भारत में रहने वाले लोग अरबों जैसे हैं। पूर्वी भारत में रहने वाले लोग चीनियों जैसे हैं। दक्षिणी भारत में रहने वाले लोग अफ्रीकियों जैसे हैं। उत्तरी भारत में रहने वाले लोग गोरों जैसे हैं। सैम पित्रोदा अमरीका में रहते हैं। अमरीका में अधिकांश गोरे इंग्लैंड से ही गए हुए हैं। इसलिए सैम को लगता होगा कि यदि भारत में अरब, अफ्रीकी, चीनी जैसे लोगों पर ही अध्ययन खत्म कर दिया तो अमरीका क्या कहेगा? सैम को अमरीका का कर्ज भी चुकाना था। इसलिए उन्होंने उत्तरी भारत को 'गोरों' के खाते में जोड़ दिया। लेकिन जहां तक दक्षिण भारतीयों का सवाल है, उनको सैम पित्रोदा ने अफ्रीकियों के साथ उनके रंग के आधार पर ही जोड़ा होगा, क्योंकि दोनों का रंग काला है। दूसरी कोई समानता तो उनकी आपस में मिलती नहीं। लेकिन क्या केवल रंग को आधार बना कर कांग्रेस के बुद्धिजीवी उनको अफ्रीकी कहना शुरू कर देंगे? बाबा साहिब अंबेडकर ने कहा था कि हिन्दुस्तान में और अनेक कारणों से समाज में भेद-व्यवहार हो सकता है, लेकिन रंग कभी भी भेदभाव का आधार नहीं रहा। पश्चिम में इसके विपरीत है। वहां भेद का आधार ही रंग भेद है। वहां का समाज रंगभेद पर आधारित है। कांग्रेस और उसके गुरू सैम पित्रोदा भी भारत को पश्चिम की समाजशास्त्रिय दृष्टि से समझने की कोशिश करते हैं, इसलिए उनके अध्ययन में दक्षिण भारत अफ्रीका बन जाता है। जाहिर है सोनिया गान्धी को सैम पित्रोदा के इस अध्ययन में कुछ अनुचित नहीं लगता होगा, क्योंकि वे भी भारत को पश्चिम के चश्मे से ही देखती हैं। पश्चिम के देश और सांस्कृतिक लिहाज से उनके प्रतिनिधि देश उत्तरी अमरीका भारत पर दोहरा आक्रमण करते हैं। वे भारत को सांस्कृतिक लिहाज से तोडना चाहते हैं क्योंकि भारत




उनके 'कलैश ऑफ सिविलाईजेशन' के थीसिस में किसी प्रकार भी फिट नहीं बैठता। भारत दुनिया में सबसे पुरानी जीवन्त सभ्यता और संस्कृति वाला देश है। यूरोप दो हजार साल पुरानी संस्कृति का वाहक है। ब्रिटिश, पुर्तगाल और फ्रांसीसी शासन काल में भारत में भी प्रयोग किया गया कि भारतीय अपनी मूल संस्कृति, स्वभाव और प्रकृति को छोडक़र पश्चिमी मान्यताओं में स्वयं को ढाल लें। इन यूरोपीय शासकों ने जब भारत छोड़ा तब उन्हें इस बात की तसल्ली थी कि जिन भारतीय शासकों के हाथ में वे शासन छोड़ कर जा रहे हैं वे भी इसी नीति को जारी रखेंगे। अब तक सभी कुछ उनकी योजना के अनुसार ही चल रहा था। भारत में कांग्रेसी शासन ने अंग्रेजों की उसी नीति को जारी रखा। यही कारण था भारतीयों के लिए पश्चिम एक मानक बना रहा। लेकिन पिछले एक दशक से भारतीयों ने सत्ता भाजपा को सौंप दी। भाजपा ने एक बार फिर से भारतीय स्वभाव और प्रकृति के साथ जुडना शुरू किया, तब पश्चिमी देशों और वहां के थिंक टैंकों को लगा कि यदि भाजपा ज्यादा देर सत्ता में रही तो उनकी चार सौ साल की मेहनत बेकार हो जाएगी। इतना ही नहीं, यदि भारत में सोनिया परिवार पराजित हो गया तो यूरोप की इस सांस्कृतिक नीति को क्रियान्वित कौन करेगा? लेकिन सोनिया परिवार कैसे जीते, इसके लिए वही यूरोपीय टोटके अपनाए जा रहे हैं जो निश्चय ही भारतीय जमीन पर बेकार सिद्ध होंगे। सैम पित्रोदा का यह टोटका उसी प्रकार का है। इसमें ताकत हो न हो, लेकिन यह भारत को बदनाम करता है, उसे अपमानित भी करता है। सैम ने अपने इस टोटके में कुछ और बातें भी कही हैं। उसका कहना है कि भाजपा राम मंदिर और रामनवमी के माध्यम से देश को चुनौती दे रही है। सैम के इस कथन का अभिप्राय तो यही हुआ कि राम और राम नवमी भारत के लिए विदेशी हैं जिनके माध्यम से भारत को चुनौती दी जा रही है। सैम पित्रोदा से पूछा जा सकता है कि यदि राम भारत के लिए विदेशी हैं और वे भारत को चुनौती दे रहे हैं तो भारत में देसी कौन है? बाबर, औरंगजेब या लार्ड माऊंटबेटन? दरअसल सोनिया कांग्रेस की जड़ें भारत की मिट्टी में न होकर उस विदेशी मिट्टी में हैं जिसे भारत में राम भी भारत को चुनौती देते लगते हैं। सोनिया कांग्रेस के ही एक नेता ने कहा था कि गोवा में तो भारत का संविधान थोपा गया था। यानी भारत के इस हिस्से में तो पुर्तगाल का संविधान ही उचित था। इससे स्पष्ट हो रहा है कि सोनिया कांग्रेस की परतें धीरे धीरे उतर रही हैं। लेकिन सैम पित्रोदा द्वारा भारत पर किए गए इस आक्रमण को आईसोलेशन में नहीं देखा जा सकता। यह लम्बी श्रृंखला की केवल एक कड़ी है। इस श्रृंखला का मूल सिरा अमरीका के हाथ में है। सैम पित्रोदा भारत के सामाजिक ताने बाने पर चोट कर रहे हैं तो अमरीका कनाडा के साथ मिल कर भारत की प्रकृति को विश्व में खंडित करने का प्रयास कर रहा है। इतना ही नहीं, उत्तरी अमरीका के ये देश भारत को खंडित करने की प्रक्रिया में उलझे हुए हैं। अमरीका और कनाडा ने गैंगवार में मारे गए निज्जर की हत्या और पन्नू को मारने के प्रयास की एक घटना परिचालित कर, इन दोनों घटनाओं को भारत के मत्थे मढने का प्रयास किया है। समय के चुनाव पर ध्यान देना जरूरी है। जिस दिन कनाडा निज्जर की हत्या को लेकर भारत की तथाकथित संलिप्तता को लेकर कोई बयान देता है, उसके दूसरे या तीसरे दिन अमरीका भी गुरपतवन्त सिंह पन्नू की तथाकथित हत्या के प्रयास में भारत की संलिप्तता को लेकर जरूर कोई न कोई बयान देता है। मकसद इतना ही है कि दोनों के बयान का सामूहिक प्रभाव विश्व जनमानस पर पड़े। अमरीका भारत का एक 'रोग स्टेट' की तरह का इमेज स्थापित करना चाहता है और सैम पित्रोदा उसकी सामाजिक संरचना को तार तार करने के प्रयास में लगा हुआ है। कांग्रेस का ही एक दूसरा वरिष्ठ नेता चरणजीत सिंह चन्नी, जो पंजाब में मुख्यमंत्री भी रह चुका है, कुलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादी हमले में हुए शहीद सैनिक का उपहास उड़ाता है। यूरोप की ईसाई मिशनरियां पिछले लम्बे अरसे से मांग कर रही थीं कि भारत सरकार अपनी जनगणना नीति में परिवर्तन करे। वह जनगणना जाति के आधार पर करे। इसका इन मिशनरियों को एक लाभ है। भारत की सामूहिक पहचान को धुंधला किया जा सकता है।

दृष्टि कोण

# संसाधनों पर निजी अधिकारों का पेच, शीर्ष कोर्ट के समक्ष फिर लाया गया यह प्रश्न

**हर** व्यक्ति को जन्म के साथ ही प्रकृति से कुछ अधिकार प्राप्त होते हैं, जिनमें जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति के अधिकार सर्वोपरि हैं। इन निजी अधिकारों की रक्षा करना प्रकृति के नियमों की रक्षा करना है, जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का मूल तत्व भी है। इस सामान्य नियम पर अक्सर विवाद होते रहे हैं कि भारत जैसे देश में संसाधनों या संपत्ति पर अधिकार समुदाय का है या फिर निजी व्यक्ति का। ऐसा ही प्रश्न एक बार फिर न्यायालय के समक्ष लाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) तथा (सी) के प्रावधानों की व्याख्या नौ-न्यायाधीशों की एक पीठ द्वारा की जाएगी, जो स्वाभाविक रूप से ऐतिहासिक होगी। लेकिन पहले इस विषय को समझ लेना जरूरी है। गौरतलब है कि कर्नाटक राज्य बनाम रंगनाथ रेड्डी, 1978 मामले में न्यायमूर्ति वी. आर. कृष्णा अय्यर ने कहा था कि संसाधनों पर समुदाय के स्वामित्व की संकल्पना में सभी प्राकृतिक व भौतिक संसाधन तथा सार्वजनिक और निजी संसाधन शामिल होंगे। प्रश्न यह है कि यदि निजी संसाधनों पर व्यक्ति का अधिकार सुरक्षित नहीं है, तो आज की आर्थिक रूप से उदारीकृत व्यवस्था में जब निजी निवेश जरूरी हो गया है, तो हम निवेशकों को कैसे प्रेरित कर पाएंगे? इस पर विचार करने से पहले यह देखना जरूरी है कि संविधान निर्माताओं ने सार्वजनिक और निजी अधिकारों को किस प्रकार संतुलित किया है और वर्तमान परिदृश्य में उसकी व्याख्या कैसे की जानी चाहिए। मूल संविधान में उदारवादी और समाजवादी, दोनों ही विचारों को शामिल किया गया है, जिसके आधार पर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के साथ आवश्यकतानुसार संसाधनों के वितरण पर समान बल है। यही हमारे संविधान की सबसे बड़ी विशेषता है, जिसके लिए वह शासन व्यवस्था को निर्देश देता है, ताकि लोकतांत्रिक समाजवाद के लक्ष्य की प्राप्ति कर भारत को कल्याणकारी राज्य बनाया



जा सके। हालांकि हमने समाजवादी विचारों को शामिल करने की प्रेरणा सोवियत संघ से ली है, लेकिन भारतीय समाजवाद अपने आप में अनूठा है, क्योंकि इसमें उदारवादी गुणों का मिश्रण है। इसका अर्थ यह है कि संविधान संसाधनों का आवश्यकतानुसार वितरण कर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करने का प्रावधान करता है। इसी कारण अनुच्छेद 39(बी) और (सी) में क्रमशः भौतिक संसाधनों पर समुदाय के स्वामित्व और उत्पादन के साधनों के कुछ लोगों के पास इकट्ठा होने पर रोक लगाने का प्रावधान है। इन्हीं समाजवादी सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए पहले संशोधन अधिनियम 1951 से अनुच्छेद 31ए, 31बी और नौवीं अनुसूची को जोड़ा गया था। राज्य द्वारा भूमि अधिग्रहण और उसके वितरण का प्रावधान करने के लिए भूमि सुधार अधिनियमों को नौवीं अनुसूची में शामिल कर उन्हें न्यायिक समीक्षा से छूट दी गई थी। इसी प्रकार, 25वें संशोधन से अनुच्छेद 31सी जोड़कर भूमि सुधार संबंधी निदेशक तत्वों, विशेष कर अनुच्छेद 39(बी) और (सी) को संरक्षण दिया गया है। दूसरी ओर, मूल संविधान में अनुच्छेद 31 के तहत व्यक्तियों को संपत्ति का मूल अधिकार देकर उदारवादी लोकतंत्र की स्थापना की गई थी। यानी व्यक्ति के निजी अधिकारों को भी समान महत्व दिया गया था। 1976 में 42वें संशोधन अधिनियम से संविधान की उद्देशिका में 'समाजवादी' शब्द जोड़े जाने के बाद उदारवादी लोकतंत्र और समाजवादी सिद्धांतों के बीच एक टकराव की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि समाजवादी देशों में संपत्ति पर निजी अधिकारों को वरीयता नहीं दी जा सकती है। इसी कारण, 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 से इसे मूल अधिकार से हटाकर अनुच्छेद 300ए में एक कानूनी अधिकार बना दिया गया, ताकि राज्य विधि के तहत निजी संपत्ति का नियमन कर सके। पर इसका मतलब यह नहीं है कि देश में लोगों को निजी संपत्ति का अधिकार नहीं है और राज्य समुदाय के स्वामित्व के नाम पर उसका अधिग्रहण नहीं कर सकता है, जब तक कि संपत्ति निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो। ऐसी व्यवस्था जन कल्याण के उद्देश्य से की गई है। आज जब आर्थिक विकास में निजी निवेश की भूमिका अपरिहार्य हो गई है, इसके बिना जन कल्याण की परिकल्पना नहीं की जा सकती। भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि माना गया है और संसाधनों का वितरण अर्थात समाजवादी सिद्धांत उसकी प्राप्ति के साधन हैं। इसके अलावा, संपत्ति का अधिकार एक प्राकृतिक अधिकार भी है।

कुछ अलग

# लेकिन पुरस्कार ले लो...

**मुझे** विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि कुछ संस्थाएं मुझे पुरस्कृत करने का षड्यंत्र कर रही हैं। उनके एक-दो जासूस मेरा मन टटोलने को मेरे पास आए भी थे और कहा कि इस बार मैं ले लूं उनका पुरस्कार। लेकिन मैंने साफ मना कर दिया कि मुझे पुरस्कार नहीं लेना है। दरअसल पुरस्कार लेते हुए मुझे डर लगने लगा है। पुरस्कार लेने का मतलब गरीबी में आटा गीला करने के समान है। उनके पुरस्कार से तो बिना पुरस्कार के ही अच्छे हैं। लेकिन उनका दबाव है कि वे पुरस्कार मुझे कम लागत में दिला देंगे। यानी मालाएं व मंच उनका तथा सम्मान राशि एवं जलपान का खर्चा मेरा। मैंने कहा कि मेरे पास इस समय पैसा नहीं है। इस तरह फिलहाल मैंने टाल दिया है उनको। एक दूसरी संस्था के पदाधिकारी आए और बोले-'ऐसा करो सारी व्यवस्था हमारी, लेकिन सम्मान राशि कार्यक्रम के बाद हमें लौटानी पड़ेगी।' मैं बोला-'फिर ऐसे सम्मानित होने से क्या फायदा?' वे बोले-'अखबारों में आपके सम्मानित होने की खबरें छपेंगी तथा समाज में सम्मान बढ़ेगा।' मैं बोला-'सम्मान से क्या होता है। मुझे पैसा चाहिए। मैंने साहित्य की सेवा की है। मेरी कोई पहचान भी है तो मुझे सम्मान राशि भी दीजिए।' वे बोले-'आपकी बात तो सही है, लेकिन हमारी संस्था आर्थिक विषमता से जूझ रही है। पैसा दे नहीं सकती। आप ख्यातिप्राप्त हैं। हमारा वार्षिक आयोजन हो रहा है। हम किसी ऐसे गैरे नत्थू खैरे को सम्मानित नहीं करना चाहते। सम्मान की गरिमा बनाए रखना भी तो जरूरी है।' मैंने कहा-'जब मैं ख्याति प्राप्त कर चुका हूं तो मैं सम्मान राशि भी प्राप्त करना चाहूंगा। दरअसल मुझे पैसों की आवश्यकता भी है।' संस्था के पदाधिकारी बोले-'तो फिर ऐसा करो, आधी राशि आप मिला दें। आधी हम दे देंगे-लेकिन पुरस्कार ले लो।' मैं बोला-'देखो मुझे झांसे में मत लो। मुझे कोई पुरस्कार नहीं लेना। ऐसा पुरस्कार लेकर मुझे करना क्या है?' 'आप तो खामख्वाह जिद कर रहे हैं। आपसे पहले तो किसी ने पुरस्कार के लिए मना नहीं किया। हमने जो चैक दिया, वह हमें ही वादे के अनुसार वापस कर गए थे। विशाल सभागार में तालियों की गडग़ड़ाहट के मध्य आपको कोई ग्रामीण विकास मंत्री फूलों के हार पहनाएगा, यह कोई कम बात नहीं है।' वे बोले। मैंने कहा-'देखो इस समय मैं आपका यह पुरस्कार लेने की स्थिति में नहीं हूं। किसी और को पकड़ो। इस महीने मेरे खर्चे बहुत हो गए हैं।' वे बोले-'खर्चे की छोड़ो, आप थोड़ा चर्चे पर ध्यान दें तो हमारी समस्या का हल निकल जाए। हमारा निर्णायक मंडल आपके नाम पर सहमति जता चुका है। अब हम निर्णय से कैसे हट सकते हैं?' 'देखिए, यह आपकी समस्या है, मैं स्पष्ट बता दूं कि मुझे आपका पुरस्कार नहीं लेना है। पुरस्कार पूरे मान-सम्मान से राशि सहित मिले तो विचार कर सकता हूं।' मैंने कहा। इस बार वे गुस्से में तमतमाए और आंखें लाल करके बोले-'पुरस्कार तो आपको लेना पड़ेगा। हम आपको इतनी सस्ती दरों पर यह मुहैया करवा रहे हैं और आप इंकार कर रहे हैं। हमारे पास तीन सौ छत्तीस आते हैं पुरस्कार लेने वाले, लेकिन हमने तो आपको अपना समझ कर दिलवाया है। ऐसा करो, इस बार तो ले लो। केवल आपको दो हजार रुपए का खर्चा आएगा। बाकी हम भुगत लेंगे।' 'भाई, आप समझते क्यों नहीं। मैं कहां से लाऊं दो हजार। आप तो मेरे पीछे पड़ गए हैं। ऐसा करो साहित्यकार कजोड़ मल जी को दे दो। वे पैसे भी दे देगें।' मैंने कहा तो वे बोले-'तो कराओ बात। कजोड़ मल जी को दे देंगे। लेकिन उन्हें पूरे पांच हजार देने पड़ेंगे।' यह कह कर वे चले गए। मैं कजोड़ मल जी को ढूंढ रहा हूं-वे मिल नहीं रहे हैं, क्योंकि पुरस्कार मुझे तो लेना नहीं है।

देश दुनीया से

# खिलाड़ी तो प्रशिक्षक ही बनाएगा

आज का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव ने विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है जैसा हजारों साल पहले था। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता? विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके।

**ओलंपिक** 2036 भारत में आयोजित करवाने की बात हो रही है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस स्तर पर भारत का प्रदर्शन भी उत्कृष्ट हो। इसलिए भारत में अच्छे प्रशिक्षकों को सही सुविधा व प्रबंधन देना बहुत ही जरूरी हो जाता है, क्योंकि खिलाड़ी सें उच्च परिणाम केवल प्रशिक्षक ही दिलाता है। आज का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव ने विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है जैसा हजारों साल पहले था। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता? विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी समय अवधि खेल प्रशिक्षण को देकर ही खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है। हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी, तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर प्रशिक्षकों का कार्य उच्च खेल प्रशिक्षण से हट कर अपनी फिटनेस तथा सेना में भर्ती कराने तक सीमित हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां तो हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। नियमानुसार इन भर्तियों के लिए एथलेटिक्स प्रशिक्षक ही सक्षम है क्योंकि इस टेस्ट में केवल एथलेटिक स्पर्धाओं को ही रखा गया है। ऐसे में एथलेटिक्स प्रशिक्षक की ड्यूटी तो समझ में आती है, मगर वहां अन्य खेलों, जैसे कुश्ती, मुक्केबाजी, हैंडबाल व वॉलीबाल आदि के प्रशिक्षक का क्या औचित्य है, इस बात का उत्तर किसी के भी पास नहीं है। विभिन्न सरकारों ने खेल ढांचे में काफी तरक्की भी की है, मगर क्षमतावान प्रशिक्षकों की नियुक्ति के बारे में हिमाचल में अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। स्तरीय प्रशिक्षकों के बिना उत्कृष्ट प्रदर्शन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जो प्रशिक्षक खेल प्रशिक्षण से दूर रह कर मौज-मस्ती कर रहा है, वह तो खुश रहता होगा, मगर जो सच ही में प्रशिक्षण करवा रहा होगा वह जब कई दिनों तक खेल मैदान से दूर रहेगा तो फिर कौन अभिभावक अपने बच्चे को बिना प्रशिक्षक के मैदान में भेजेगा। हद तो तब हो जाती है जब राज्य में चल रहे खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी भर्तियों में लगा दी जाती है और खेल छात्रावास में रह रहे खिलाडियों को भी खेल प्रशिक्षण से दूर कर दिया जाता



रहा है। क्या प्रतिभा खोज से चयनित इन अति प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रशिक्षक से कुछ समय के लिए ही सही, इस तरह प्रशिक्षण कार्यक्रम से दूर करना कहां तक उचित है? खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी खेल प्रशिक्षण के सिवा और कहीं भी नहीं होनी चाहिए। आजकल हर शिक्षित मां-बाप के दो और कई जगह तो एक ही बच्चा है, ऐसे में वह उसे उस क्षेत्र में उच्चतम शिखर तक ले जाना चाहता है जिसमें बच्चे की रुचि व उस क्षेत्र के लिए पर्याप्त प्रतिभा भी हो। आज का अभिभावक अपने बच्चों के कैरियर की खातिर ही सरकार की मुफ्त शिक्षा सुविधाओं को छोडक़र निजी क्षेत्र की महंगी मगर अधिक गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहा है। आज लाखों प्रतिभाशाली विद्यार्थी निजी कोचिंग संस्थानों में डाक्टर व इंजीनियर बनने इसलिए जमा दो की परीक्षा से कई वर्ष पहले पहुंच रहे हैं। इसी तरह अब खेल क्षेत्र में भी हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए खेलों में भी कैरियर तलाश रहा है और इस सब के लिए अच्छी खेल सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षक भी लगातार कई वर्षों तक उसके बच्चों को मिलना चाहिए ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बनने का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर सकें।

आप का नजरीया

# चलते सिक्कों के नाम

**उम्र** की गलियों में जो तसदीक हो गए, वो चिनार अब पतझड़ के लिए ही हैं। राजनीति चलते सिक्कों का नाम है और यही राष्ट्र से प्रदेश तक के चुनावों में देखा जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में हिमाचल में लोकसभा से विधानसभा के उपचुनावों में कांग्रेस व भाजपा के उम्मीदवारों के चयन में प्रयास और कयास रहा। संगठन के कारण भाजपा ने अपने सिक्के जल्दी उछाले, जबकि कांग्रेस के लिए उपचुनावों में संगठन की तफतीश हो गई। यही वजह है कि भाजपा ने उपचुनावों में अपना सिक्का जमाने के लिए मूल कांग्रेसियों का भाजपा में अवतरण का महोत्सव बना डाला। बेशक यह दांव मुश्किल व चुनौती से भरा नजर आया, लेकिन भाजपा ने कांग्रेस के कुछ सिक्के छीन कर चुनावी आकाश में उछाल दिए। कम से कम कांग्रेस इन्हें खोटा नहीं कह सकी, भले ही इन्हें बागी कहे या इनके बीच सरगना खोजती रहे। कांग्रेस से छिटक कर भाजपा के उम्मीदवार बने नेताओं ने सियासत का मनोविज्ञान बदला है और इसका असर उनके भविष्य व पार्टियों के परिदृश्य को नए सिरे से पढ़ रहा है। टिकट आबंटन के चक्रब्यूह में भाजपा ने सियासत की शतरंज को भी हैरान किया है, लेकिन कल इसी बिसात पर चुनावी परिणाम की अपनी एक हैसियत होगी। उपचुनाव में एक भी सीट जीतने पर भाजपा की सफलता का परिणाम सोलह प्रतिशत का लाभ देगा। जाहिर है इस हानि का भागीदार वक्त कांग्रेस के लिए महंगा साबित हो सकता है। इसलिए भाजपा के पास कांग्रेस के सिक्के हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस ने भी भाजपा के दो सिक्के आजमाते हुए डा. राम लाल मार्कंडेय को उछाल कर फेंक दिया। ऐसे में अनुराधा राणा का लाहुल-स्पीति से उम्मीदवार बनना नई करवटों का संगम है। सियासत के शिखर और सियासत के सिफर में अंतर केवल वक्त, विमर्श, वकालत और बगावत का है। हिमाचल में बागी या बगावत न होती, तो छह उपचुनाव या निर्दलयों के इस्तीफे अदालत में न होते। बहरहाल चुनावों की देहरी पर आकर राजनीतिक पार्टियों का व्यवहार असामान्य होने की वजह सत्ता की अंगुलियां चलाने जैसा हो जाता है। ऐसे में हर चुनाव को उम्मीदवारों की ताजगी चाहिए, लेकिन यह असंभव होता जा रहा है। जिस तरह चुनावी पांव से पाजेब लंबी होती जा रही है, उसी तरह कोई भी वरिष्ठ नेता अपनी विरासत नहीं छोडऩा चाहता। भाजपा ने मार्गदर्शक मंडल बना कर प्रेम कुमार धूमल व शांता कुमार सरीखे नेताओं के योगदान को पिंजरे में बंद कर दिया, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार की काबिलीयत में चंद्र कुमार या धनी राम शांडिल की उम्र पर गौर नहीं करती। इसी संदर्भ में डा. राम लाल मार्कंडेय भी खुद को राजनीतिक उम्र में संभालने के लिए भाजपा से दूर, कांग्रेस से मजबूर होकर अब निर्दलीय होकर जौहर दिखाना चाहते हैं। क्या राजनीति लोकतंत्र के लिए चुनाव का व्यवहार ओढ़ती है या सत्ता के निष्कर्ष में खुद को संभालती है। जो भी हो, हिमाचल इस समय केवल दो राजनीतिक पार्टियों में ही नहीं बंटा, बल्कि जनता के उसूल, सत्ता के कबूल और उम्मीदवारों के रसूख पर भी मत विभाजन होगा। राजनीतिक शिथिलता अगर जनता को पसंद नहीं, तो सत्ता के संघर्ष में नेताओं के प्रदर्शन पर भी वोटों की मंडी बंटी हुई नजर आती है।

# बीडीओ ने दुमोहान गांव पहुंचकर, डरे सहमे परिवार के साथ की बैठक

## लोगो से वोट देने की अपील किया कहा कारवाई नही होगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापुर :** सीओ पर हमले के बाद तथा छः महिला व चार पुरूष के जेल जाने के बाद टंडवा टोला दुमुहान गांव के लोग डरे सहमे होते हैं गांव छोड़कर भागने की खबर पर शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने दुमुहान गांव पहुंचकर डरे सहमे परिवारो व ग्रामीणो के साथ बैठक किया।इस दौरान बीडीओ अजय कुमार दास ने लोगो से कहा कि गांव छोड़कर भागने वाले सभी लोगो को वापस घर दुमुहान बुला लेना है ,तथा आगामी 20 मई को लोकसभा के चुनाव मे सभी लोगो को अपने अपने बुथो पर मतदान करना है।आप लोग निर्भिक व डिडर होकर मतदान करे। ताकि अपने एक वोट से अपने देश की सशक्त सरकार बनाने मे मदद कर सके। बीडीओ ने आगे कहा कि बीते कुछ दिन पहले गांव मे दो पक्षो के जमीनी विवाद मे सीओ पर हमला करने की बात आई थी।जिसको लेकर थाने मे एफआई दर्ज होने पर कुल दस लोगो को जेल भेजा गया था।यह घटना काफी निंदनीय है। पुलिस के डर से लोग गांव नही छोड़े, बल्कि इसका समाधान करे।अब किसी भी लोगो पर कारवाई नही होने का अश्वासन दिया। मौके पर दुमुहान के ग्रामीणो ने बीडीओ की बात सुनकर काफी प्रभावित हुए ।तथा घर छोडकर भागे परिवार को वापस बुलाने तथा सभी ने एक स्वर में रिकोर्ड तोड़ वोट करने की हुंकार भरी ।ग्रामीणो ने कारवाई नही करने एवं उक्त मामले की समझौता से हल करने की गुहार लगाया।वही प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी शुभम खंडेलवाल ने कहा कि दुमुहान के लोग शांति बनाकर रहे,अशांति एवं किसी को धमकी या डराने की कोशिश न करे।शांति स्थापित होने पर किसी को किसी तरह की कारवाई नही होगी।मालूम हो कि बीते कुछ सप्ताह पहले जमीन को सुलहानामा करने गये सीओ पर उग्र ग्रामीणो ने पत्थर मार कर सीओ एवं सीओ के वाहन पर हमला कर दिया था जिसके बाद सीओ व प्रथम पक्ष के लोगो ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात समेत पांच दर्जनो से अधिक लोगो को पर केस किया गया था। केस के बाद पुलिस ने कारवाई करते हुए कई महिला-पुरुष को पकड़कर जेल भेज दिया है पुलिस के कारवाई के डर दुमुहान गांव के अधिकतर लोग गांव छोड़कर कर संगे-संबंधियो ही भाग गये है जिससे के बाद बीडीओ ने लोगो को वापस बुलाने ओर वोट देने की अपील किया है। मौके पर टंडवा मुखिया किशोर यादव, मनिष सिंह, अशोक प्रजापति समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# फुलसु पंचायत के मतकोमा ग्राम में मना सरहुल महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के फुलसु पंचायत अंतर्गत मतकोमा ग्राम मे सरहुल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाकर पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति पेम का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलु पाहन, बनवारी पाहन व वालेश्वर पाहन ने मा सरना की पुजा कर क्षेत्रवासीयों के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खरवार भोक्ता समाज के जिला अध्यक्ष प्रेम भोक्ता विशिष्ट अतिथि राजु रामवृक्ष लोहरा, रामप्रीत लोहरा की गरिमापुर्ण उपस्थिति रही। इस मौके पर राजु रामवृक्ष लोहरा ने आदिवासी समुदाय के संवैधानिक हकअधिकार.,पी पेशा के नियम व रुढीं जन्म विधि के बारे मे विस्तार से बताया। प्रेम भोक्ता ने सरहुल पूजा व आदिवासीयों के परम्परा के बारे मे बताया. वही रामप्रीत लोहरा ने सरना थर्म के महानता के साथ यह बताया कि सरहुल किस प्रकार से हम समी को पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति प्रेम की संदेश देते। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप गंझु व सुरेंद्र कुमार भोक्ता ने किया. कार्यक्रम को सफल संचालन मे सरहुल पुजा समिति अध्यक्ष दिपक भोक्ता, सचिव मुगल भोक्ता कोषाध्यक्ष कृषणा भोक्ता व सभी समिति सदस्य व बुद्धिजीवीयो ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही सफल आयोजन मे सभी ग्रामीण महिला पुरुष युवक युवतीयो ने का अहम भूमिका निभाए।

# वायुसेना के बसंत ने 12वीं तथा दसवीं के टॉपरो के लिए आयोजित किया सम्मान समारोह



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी परिणाम बारहवीं तथा दसवीं के टॉपरो को वायुसेना के बसंत कुमार के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में साइंस से अनमोल कुमार पिता रवि गुप्ता, कौमर्श के पंकज गंझू पिता पुरन गंझू, तथा कला से पम्मी कुमारी पिता शकलदीप यादव एवम् मैट्रिक में धीरेंद्र यादव पिता लक्ष्मी यादव को सम्मानित किया गया। इन्हे सम्मानित करने में अटारिया के प्रबंधक विधा सागर, सुधीर नायक, रवि कुमार, दिल्ली पब्लिक स्कूल के राज कुमार सहित सैकड़ो विधार्थी उपस्थित थे। बसंत कुमार व शिक्षकों ने टॉपरो के लिए यथा संभव मदद करने व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अभाविप के कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव के नेतृत्व में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उराँव के नेतृत्व में लातेहार जिले के सभी क्षेत्रों में जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, मतदाता जागरूकता अभियान के तहत् शत् प्रतिशत मतदान करने को लेकर ग्रामिणों के बीच डोर टू डोर टोली बनाकर जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान में वैसे सूदुरवर्ती क्षेत्रों में जाकर अपनी मत का वैल्यू समझने का प्रयास करें और ज्यादा से ज्यादा बुजुर्ग महिला युवा ससमय जाकर मतदान केंद्र में अवश्य मतदान करें,कमलेश उराँव ने बताया कि भारत देश के लिए देश और दिशा को तय करने के लिए हम सभी युवाओं बुजुर्गो महिलाओं सभी कोई को मतदान करने की जरूरत है। और उन्होंने बताया कि हमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विश्व में भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए देश में युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए समृद्ध किसान के लिए पर्यावरण पूरक औद्योगिक विकास के लिए भारत को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए इस लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने की अति आवश्यकता है।

# गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच रखा कई बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बारियातू :** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत बिरबीर ग्राम पहुँचकर महागठबंधन के कार्यकर्त्ताओं ने बीजेपी के कार्यकाल में सबसे अधिक एससी एसटी को प्रताड़ित करने व केंद्र सरकार द्वारा झारखंड राज्य को सौतेला व्यवहार का ग्रामीणों के बीच बात रखा. उपस्थित ग्रामीणों को जेएमएम प्रखंड सचिव अनिल कुमार तुरी ने कहा की बीजेपी सरकार के कार्यकाल में हक अधिकार मांगने पर सबसे अधिक एससी एसटी को प्रताड़ित किया गया. साथ ही झारखण्ड राज्य को केंद्र सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार किया गया। वहीं मणिपुर के आदिवासी महिला पर हुए असहनीय कृत्य के बारे में जानकारी दिया साथ ही एसटी एससी मुर्दाबाद का नारा मोबाइल में वायरल हो रहा है उसपर जिक्र करते हुए कहा की आप सभी एसएसी एसटी व ओबीसी मतदान करने से पहले एक बार दिल थाम कर जरूर सोच लेना की किसे वोट करना है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु ने कहा की आदिवासी समुदाय से आने वाले राष्ट्रपति महोदया द्रोपदी मुर्मू को राम मंदिर उद्घाटन में न्योता तक नहीं दिया गया. भाजपा की सरकार एसटी को मान समान पर ठेस पहुँचाया है. भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा की मतदान आपका अधिकार है आप उपरोक्त सभी बातों को एक बार ध्यान में रखकर अवश्य सोंच लेना। वहीं उपस्थित सभी ग्रामीणों को महागठबंधन केएन त्रिपाठी जी के पक्ष में हाथ छाप पर वोट देने की अपील किया। मौके पर बिनय उरांव, मंगर गंझु, भुनेश्वर यादव सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# समाजसेवी उपेंद्र पांडे ने स्थानीय प्रशासन से नो एंट्री अनुपालन का किया मांग



**टंडवा(चतरा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय प्रशासन तथा ग्रामीणों के बीच हुए समझौते में टंडवा में नो एंट्री लगाने का निर्णय लिया गया था। पिछले दिनों सेरंगदाग मे दो स्कूली छात्राओं का सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। जिसपर स्थानीय प्रशासन के द्वारा प्रातः 7 से संध्या 7 बजे तक कोल वाहनों का नो एंट्री लगाने का निर्णय लिया गया था। परंतु इस पर अभी तक अनुपालन नहीं किया जा रहा है। राहम निवासी समाजसेवी उपेंद्र पांडे के द्वारा स्थानीय प्रशासन से मांग किया गया है कि, तत्काल लिए गए निर्णय का अनुपालन करते हुए नो एंट्री लागू किया जाए। लिए गए निर्णय के बावजूद सड़क पर सरपट दौड़ती कोल वाहनों पर चिंता जाहिर करते हुए श्री पांडे ने कहा है कि, अब ग्रामीण ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि आगे आकर के निर्णय का अमलीजामा पहनाए, जिससे स्थानीय प्रशासन पर ग्रामीणों का विश्वास बना रहे।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नई मोहल्ला निवासी 48 वर्षीय हुसैन अली खलीफा ने शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाते हैं थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को कब्जे में लेकर मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम कराया एवं परिजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। शुक्रवार दोपहर में पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या की बात कही जा रही है। मृतक के तीन बच्चे हैं। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि उपस्थित लोगों के अनुसार पारिवारिक विवाद में फांसी लगाकर आत्महत्या की बात सामने आई है। परिजनों के आवेदन आने पर स्पष्ट से जानकारी दी जा सकती है।

# सड़क दुर्घटना में घायल पूर्व वार्ड पार्षद की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटीकर वार्ड नंबर 20 के पूर्व वार्ड पार्षद निरंजन कुमार चंद्रवंशी उर्फ लाल बाबू का बीती रात रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई।उनके मौत की जानकारी मिलने पर चंद्रवंशी समाज के पलामू जिला अध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी, समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू सहित अन्य चंद्रवंशी समाज के सदस्य रांची रिम्स पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम कवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव शुक्रवार को उनके मेदिनीनगर आवास पर लाया गया। जानकारी के अनुसार 13 मई को मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बैरिया चौक के पास एक टेंपो ने निरंजन चंद्रवंशी उर्फ लाल बाबू को धक्का मार दिया था।जिसमे उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। घटना के बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सको द्वारा इलाज के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया था।रांची रिम्स में कुछ दिन तक इलाज चलने के बाद गुरुवार की रात उनकी मौत हो गई। वहीं उनकी मौत के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सांसद बनते ही गरीबी व बेरोजगारी दूर करेंगे : त्रिपाठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार को प्रखंड अंतर्गत गढ़वाटाड़ मे बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी सभा का आयोजन हुआ। जिसमें साफ सुथरा छवि के महागठबंधन उम्मीदवार केएन त्रिपाठी, गठबंधन के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। मौके पर त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गठबंधन के बूथ कमेटी अपने अपने बूथ पर बिना किसी लालच और भ्रम के मेहनत करें और कांग्रेस के पक्ष में मतदान कराएं। उन्होंने कहा कि हम बूथ जीतेंगे हमारी सरकार होगी जब हमारी सरकार होगी तो हमारे घोषणापत्र के हर एक वादे पर अमल करते हुए हर गरीब परिवार की एक महिला को हर महीने 8500 हजार रुपए दिए जाएंगे, हर ग्रेजुएट छात्र छात्राओं के लिए एक वर्ष जॉब को लेकर ट्रेनिंग दी जाएगी इसके एवज उन्हें अधिनियम पारित करते प्रति माह 8500 हजार रुपए दिए जाएंगे। आगे उन्होंने कहा कि आप हमें संसद भेजेंगे तो हम वहां (संसद) में पूजा नहीं करने जाएंगे। बल्कि हम अपने संसदीय क्षेत्र का हक़ अधिकार लेने जाएंगे। क्योंकि भारत के बजट का एक प्रतिशत भी नहीं मिला। झारखंड राज्य को, वहीं एक राज्य गुजरात को बजट का पचास प्रतिशत दे दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुजरात का एक जिला बड़ोदरा जहां पांच हजार से ज्यादा इंडस्ट्रीज हैं। वहां झारखंड के हजारों मजदूर मजदूरी करने जाते हैं। कहा कि हमारी सरकार आती है और हमें विजयी बनाते हैं तो हमारी कोशिश होगी कि संसदीय क्षेत्र की सम्मानित जनता के मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा, जैसे किसानों के भूमि, बंजर भूमि पर सिंचाई का साधन उपलब्ध कराना, वन विभाग की सहमति से सूदूरवर्ती क्षेत्रों में सड़क व पुलिया निर्माण कराना, स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त कराना समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं शामिल रहेंगे। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंगरा निवासी गणेश राम जो कट्टर भाजपाई थे उन्होंने संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस में शामिल होकर शायराना अंदाज में कहा कि कांटों से गुजर जाता हूं दामन को बचाकर फूलों की सियासत से मैं बेगाना नहीं हूं।

# गारु पुल निर्माण कार्य नहीं होने से कई गांव विकास से वंचित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** प्रखंड अंतर्गत करवाई के कोयल नदी का पुल निर्माण कार्य पिछले 5 वर्षो से अधूरा पड़ा हुआ है। पुल निर्माण संवेदक के द्वारा धीमी गति से बनाया जा रहा है। जिससे अभी तक नहीं पुण किया गया है, जिससे यहां के ग्राम गणेशपुर, पीरी, मकनपुर, चातम, कोरवा टोली जैसे कई गांवों के हजारों ग्रामीण परिवार विकास के नाम से कोसों दूर हैं। इन गांव के लोगों को बरसात के दिन में काफी तकलीफ आवागमन में होती है जिससे कई बार इस बड़े कोयल नदी में बरसात के मौसम में ग्रामीण बाढ़ का भी शिकार हो जाते हैं। देखा जाए तो संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा इस अधुरे निर्माण को अनदेखा किया जा रहा है। जबकि यह पुल जरूरत के हिसाब से ग्रामीणों के विकास के लिए ही दिया गया था जिसे अब-तक पुर्ण नहीं किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों जैसे अनिल सिंह, बसन्त सिंह, मुकेश उरांव, मनोज सिंह, सुमन उरांव, बितन सिंह, सुबेदार सिंह, गुड्डू उरांव, राजकुमार उरांव, ने उपायुक्त महोदय से अधुरे पुल को बरसात से पहले पूर्ण करने की गुहार लगाई है। **गणेशपुर पंचायत के मुखिया कहते हैं :** इधर मुखिया गणेशपुर पंचायत के राजेश सिंह से बात करने पर बताया गया कि यह पुल पिछले 5 वर्षो से अधूरा है पिछले ही वर्ष बाढ़ की चपेट में हमारे पंचायत के सुरेंद्र कोरवा और भुवनेश्वर सिंह की मृत्यु हो गई साथ ही बरसात आते ही हमारे पूरे पंचायत के ग्रामीणों को फॉरेस्ट के जंगल के रास्ते से परसा पानी होकर गारू प्रखंड या बरवाडीह जाना पड़ता है या कोटाम मोड होते हुए 9 किलोमीटर की जगह 24 किलोमीटर की दूरी तय कर गारु जाते हैं उन्होंने यह भी कहा कि यह पुल सही मायने में नहीं बनाया गया है जिसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी को हम लोगों ने की थी फिर भी संवेदक के द्वारा अभी तक पुल को सुधारा नहीं गया है।

# एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जिताने का लिया संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार/गारु :** सरयू प्रखंड अंतर्गत पंचायत गणेशपुर के ग्राम मनातू में एनडीए गठबंधन के चतरा लोकसभा सीट से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कालीचरन सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन मायापुर मुखिया सह भाजपा नेता सुभाष सिंह ने किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह ने सभा संबोधित करते हुए कहा कि मतदान महापर्व है। इस मत के ज़रीए हमलोगों को अपना सरकार चुनने का अधिकार मिला है वहीं केन्द्र सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं को गिनाते हुए चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का अपील किया। आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि मतदान करने से ही देश में बदलाव आता है जब भाजपा की सरकार बनी तो सड़क, मकान, स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे अनेक सुविधाएं मीली। यही दश साल पहले जब दिन में काम करते थे तब एक वक्त कि खाना नसीब होता था। और नहीं तो भुखे पानी पिकर सोना पड़ता था। केन्द्र में मोदी सरकार को आते ही लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए कई तरह कि योजनाएं चलाया जो कांग्रेस कभी नहीं कर सका। केन्द्र सरकार के द्वारा चलाई गई महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं इतनी सशक्त हो गई है कि दो पैसों के लिए किसी के आगे हांथ फ़ैलाने कि जरूरत नहीं है। गणेशपुर मुखिया राजेश सिंह ने राजनीतिक वाद विवाद में प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में कोई हमें खबरें से वंचित नहीं रखा जा सकता है देश विदेश कि खबरें न्यूज के माध्यम से हमलोगों को जानकारी मिलते रहते हैं। हमें कोई गुमराह नहीं कर सकता है राजनैतिक दल वाले द्वारा झूठ मुठ के भ्रमीत करने का कार्य किया जा रहा है आपलोग भटकें नहीं आदिवासी के नाते हमलोगों की आवाज को सुना जाता है यह आरक्षण का देन है। वहीं कार्यक्रम के अंत में मुखिया सुभाष सिंह ने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को वोट देने का अपिल करते हुए कहा कि अफवाहें फैलाई जा रही है कि संविधान बदला जा रहा है जब देश आजाद हुआ था 1950 में संविधान बना तो संमांता का अधिकार मिला लेकिन आज भी छुआ छूत जाती भेदभाव समाप्त नहीं हुई सामांता का अधिकार तो मिला लेकिन कांग्रेस लागू नहीं कर पाया। वहीं मौके पर मंजू देवी, तारा मुन्नी देवी, उरफन सिंह विवेक गुप्ता, भाजपा मंडल महामंत्री छिपादोहर जुगल किशोर प्रसाद, आजसू जिला उपाध्यक्ष विजेन्द्र दास, आदिवासी एकता संघ के विरेन्द्र सिंह सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे सभी लोगों ने कालीचरण सिंह को जिताओ केन्द्र में मोदी को लाओ के नारे लगाते हुए कमल फूल में वोट देने का सपथ लिया।

# अपराधियों ने चार ट्रैक्टर में लगाई आग तीन जलकर खाक, एक को आंशिक क्षति





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत मिर्जापुर पथलकुदुवा में गुरुवार रात तकरीबन 12:00 बजे अपराधियों ने चार ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। जिसमें तीन ट्रैक्टर पूर्ण रूप से जलकर खाक हो गया जबकि आंशिक रूप से जला एक ट्रैक्टर को ग्रामीणों द्वारा बचा लिया गया। जिसमें अजय के दो ट्रैक्टर में एक ट्रैक्टर पूर्ण रूप जल गया, आंशिक रूप से जला एक ट्रैक्टर को बचा लिया गया। वहीं विकास और उगन का एक-एक ट्रैक्टर जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुई। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल से पर्चा बरामद किया। ज्ञात हो अपराधियों के द्वारा विगत तीन दिनों के अंदर सात ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया गया है। 14 मई को सांढ गांव में तीन ट्रैक्टर में आग लगा दी गई थी जिसमें तीनों ट्रैक्टर के सीट जलकर नष्ट हो गया था। समय रहते तीनों ट्रैक्टर को पूर्ण रूप से जलने से बचा लिया गया था। घटना में ट्रैक्टर के डाला में पर्चा चिपकाआ गया था जिसमें अपराधियों द्वारा अमन साहू के नाम पर छोड़े गए पर्चे में ट्रैक्टर यूनियन से 1200000 सालाना या प्रति ट्रैक्टर 2000 सालाना रंगदारी की मांग की गई थी। पैसे नही देने पर आए दिन हमेशा जान माल की क्षति होते रहने के धमकी दी गई थी। घटना के महज तीन दिनों के अंदर अपराधियों ने दूसरी घटना को भी अंजाम दे दिया। मामले को लेकर बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि 14 और 16 मई को हुई दोनों घटना में अमन साहू के नाम लिखा गया पर्चा बरामद किया गया है। घटना को लेकर कई बिंदुओं पर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। वही बताते चले की 14 मई की हुई घटना को लेकर अज्ञात के खिलाफ बड़कागांव थाना में मामला दर्ज कर लिया गया। 16 मई देर रात हुई घटना को लेकर 17 मई देर शाम 7:00 बजे तक किसी भी ट्रैक्टर मालिक द्वारा थाना में मामला दर्ज कराने किसी आवेदन नहीं दिया है।गैंगस्टर अमन साहू के मयंक सिंह द्वारा सोशल मीडिया में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घटना से इनकार भी किया जा रहा है। अब इस घटना के पीछे कौन है यह जांच का विषय है।

# भाकपा कार्यकर्ताओं की हुई अहम बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कि अहम बैठक मंजूर भवन में हुई। जिसका मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद सह भाकपा के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता थे। सभा की अध्यक्षता हजारीबाग के भाकपा वरिष्ठ नेता डॉ अनवर हुसैन ने किया। वही संचालन स्वदेशी पासवान ने किया। सभी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से सभा को संबोधन करते हुए अपना विचार दिया। वही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार को भारी बहुमत से विजयी दिलाने का संकल्प लिया। भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ सघन दौरा करते हुए बड़कागांव,केरेडारी प्रखंड के सलगा, कराली, उठान, केरेडारी, देवरिया बलेदावारी, लोचन, कैद, बेंगावरी, गरींकला सहित कई गांव में सघन दौरा किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चुनाव चिन्ह हसुआ बाली पर बटन दबाकर अपने पक्ष मतदान करने का अपील किया। वहीं दारू प्रखंड के रफीक अंसारी के नेतृत्व में हरली, पेटो, बासोबर, भट्टबीघा, बख्शीडीह,दारूडीह, पीपचो, जबरा, बड़वार सहित कई गांव मे घुमकर भाकपा के लिए वोट मांगा। मौके पर मजीद अंसारी, रफीक अंसारी, महेंद्र राम ,लखन ठाकुर, रामनरेश सिंह ,रामेश्वर साहू, रामकुमार साहू, चिंतामणि महतो, मीनू महतो, सुखदेव महतो ,मोहम्मद शमसुद्दीन मियां, मिश्री महतो, नारायण साहू, रेशमा परवीन, बबीता देवी, द्रोपदी देवी सहित कई अन्य मौजूद थे।

# बड़कागांव के सहिया दीदियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

◆ निर्भीक होकर बिना प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग करें : आशिया खातून



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत कांडतरी क्लस्टर के पोषक क्षेत्र के कई गांव में सहीया साथी आशिया खातून की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। आशिया खातून ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए शपथ लें और हम सब अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखें। स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करें। रैली में सहिया दीदियों के द्वारा कई नारे लगाकर गली - गली घूम - घूम कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र लोकसभा का आम चुनाव 20 मई को होना सुनिश्चित किया गया है। शहर से आओ गांव मतदान देना जरूरी है। आप सभी मतदाताओं से अपील है कि अपना कामकाज छोड़कर पहले मतदान करें फिर जलपान करें। क्लस्टर क्षेत्र के कांडतरी एंव सिरमा पंचायत अंतर्गत महुदी , सोनपुरा, कांडतरी, मिर्जापुर, सिरमा, पंडरिया आदी गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सहिया मोनीका देवी, अनिता देवी, भुनेश्वरी देवी, शबाना खातून, लीलावती देवी, उषा देवी, सलखो देवी एंव किरण देवी ने अपनी अपनी अहम भूमिका निभाई।मौके पर मुख्य रूप से शीला देवी, मोहनी कुमारी, सपना कुमारी, भोला राम, शेखलाल राम, भारत पासवान, प्रकाश राम, चंपा कुमारी, बांधनी देवी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# जीएम इंटर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के तहत निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जीएम इंटर महाविद्यालय,इचाक में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मजबूत लोकतंत्र- सबकी भागीदारी थीम के तहत उक्त कार्यक्रम संचालित हो रहा है।यह भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है।इस निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। स्वीप कार्यक्रम व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के लिए एक संक्षिप्त नाम है, यह भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए भारत के चुनाव आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है। निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से भारतीय चुनाव के दौरान सभी योग्य लोगों को मतदान करने और एक जानकार विकल्प बनाने के लिए प्रेरित करके भारत में एक सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है साथ ही भारत के मतदाताओं को संगठित करना और मतदान प्रक्रिया की सरल समझ के साथ उनकी मदद करना एवं सामाजिक समानता का निर्माण करना है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम इसलिए चलाए जा रहे हैं की 90 के दशक में विशेष कर युवाओं का चुनाव प्रक्रिया से विमुखीकरण हो गया था फल स्वरुप मतदान का प्रतिशत, अधिक से अधिक मतदाता पंजीकरण एवं सतत मतदाता शिक्षा और मतदाता शिक्षा को समाज की प्रमुख धारा से जोड़ना है।

# हजारीबाग चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने की शत प्रतिशत मतदान की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र लाल, अध्यक्ष राजकुमार जैन टोंग्या, सचिव विजय केसरी ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान 20 मई को होना है। हजारीबाग के हर एक मतदाता मतदान जरूर करें। मतदान का अधिकार भारत के संविधान के तहत मिले समस्त मौलिक अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 65 के आसपास हुआ था। इस बार के चुनाव में लगभग तीन लाख मतदाता गत चुनाव की तुलना में बढ़ें हैं। अब हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या लगभग बीस लाख तक पहुंच गई है। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने चुनाव आयोग, गैर सरकारी संगठनों सहित स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जोरदार प्रचार किए जा रहे हैं। लेकिन देश में बीते चार चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के मतदान में कोई भारी बढ़ोतरी नहीं हुई। यह बेहद चिंता की बात है। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के मतदाता यह संकल्प जरूर लें कि 20 मई को हर हाल में शत प्रतिशत मतदान का रिकॉर्ड बनाएं।

# कांग्रेस जिला सचिव राजेश गुप्ता सहित दर्जनों ने थामा भाजपा का दामन

**हजारीबाग :** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा।भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने उन्हे भाजपा का पट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मोदी के परिवार मे आप सभी का स्वागत है। राष्ट्र निर्माण में आप सब की सहभागिता अहम होगी। श्री प्रसाद ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी जात की नहीं जमात की राजनीति करती है। उन्होनें कहा कि मान सम्मान में कोई कमी नहीं होगी।कहा कि आप सभी साथियों के आने से संगठन ओर मजबूत होगा ओर इस बार लोकसभा चुनाव मे भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी मनीष जयसवाल की प्रचंड जीत होगी।मौके पर राजेश गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विचार धारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता को रिजाइन कर भारतीय जनता पार्टी में अपना आस्था और विश्वास जताया है इसीलिए प्रदीप प्रसाद के नेतृत्व में आज पूरी टीम के साथ भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया।

# कांग्रेस व भाजपा नहीं कर रहें ब्राह्मण समाज का सम्मान



**हजारीबाग ।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष (सुल्ताना मेयातु) निवासी सुनिल कुमार पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हजारीबाग लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल सहित कांग्रेस प्रत्याशी छुक्कपटेल भी कहीं ना कहीं ब्राह्मणों से दूरी बनाए हुए हैं। दोनों पार्टीयों के प्रत्याशी द्वारा जिले के तमाम ब्राह्मणों को अनदेखा किया जा रहा हैं। जिसका खामियाजा दोनों प्रत्याशीयों को भुगतना पड़ सकता हैं। ब्राह्मण समाज में पकड़ रखने वाले कई व्यक्तियों को कांग्रेस प्रत्यासी JP पटेल, व भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल अनदेखी कर रहें है । जिससे जिले का ब्राम्हण समाज अपने को अपमानित महसूस कर रहा हैं। प्रत्येक चुनाव में ब्राम्हण समाज की अहम् भागिदारी रहीं हैं। ऐसे में इस बार ब्राह्मण समाज अपना निर्णय लेने पर मजबूर हो जाएगा। जिस तरह से लोकसभा चुनाव का प्रचार -प्रसार दोनों पार्टियों के द्वारा जोरो शोर से चल रहा है, जिसमे सभी ब्राह्मणों को किसी भी तरह से सूचित नहीं किया गया और ना ही संपर्क किया गया। दोनो प्रत्याशीयों से ब्राह्मण समाज इस समय नाराज चल रहें हैं। दोनों पार्टीयां ब्राम्हणों के सम्मान की बात तो करती हैं पर सच्चाई इससे कोसों दूर हैं! लोकसभा चुनाव का यह महापर्व चल रहा है और इस समय में एक भी ब्राह्मणों को किसी भी पार्टी के द्वारा किसी भी प्रकार का महत्व नहीं देना एक तरह से ब्राह्मणों का अपमान हैं। अगर हम ब्राह्मण समाज के लोगों ने चाह लिया तो दोनो पार्टीयों के लिए नुकसानदायक हो सकता हैं।

# चित्रांकन कर विरहोर दीदी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**बरही :** बरही प्रखंड प्रशासन के सौजन्य से स्वीप के तहत विरहोर टोला केवाल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें विरहोर दीदीयों ने मतदान आधारित चित्रांकन बनाया। साथ ही लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की दीदीयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही विरहोर टोला के निवासियों को आगामी 20 मई को मतदान देने के लिए प्रेरित किया। उक्त जानकारी जेपीएस सावना मांझी ने दिया। चित्रांकन कार्यक्रम में फूलमती देवी, सुनीता देवी, प्रिया देवी, टेकली देवी, गवंती देवी आदि ने मुख्य भूमिका निभाई। इस दौरान दीवाल लेखन और पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से भीं विरहोर समुदाय को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस मनाया गया

◆ दो दिवसीय कार्यक्रम का गुरुवार को ओपन एम्फी थियेटर में हुआ रंगारंग समापन

◆ मतदान करने और इसके लिए दूसरों को प्रेरित करने को लेकर दिलायी गई शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग का 9वां स्थापना हर्षोल्लास से मनाया गया। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम का समापन हजारीबाग झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर में गुरुवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ किया गया। इससे पूर्व आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार सहित अन्य हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तन्नू श्री एंड ग्रूप, संध्या वर्मा एंड ग्रुप, स्वप्निल आर्या एंड ग्रुप के पेश किए गए एक से बढ़कर एक नृत्य ने मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि शुरुआती दिनों से ही विद्यार्थियों के समावेशी विकास को आधार बनाकर तय किए सफर के परिणाम को देखकर आज अभीभूत हूं। ना केवल पढ़ाई में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी यहां के विद्यार्थियों ने बुलंदियों को हासिल कर अपना लोहा मनवाया है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपनी शैक्षिणिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी बखुबी करता रहा है। साथ ही मतदान करने और मतदान के लिए दूसरों को प्रेरित करने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। मंच संचालन डॉ प्रीति व्यास ने किया।स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीते 30 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित वाद-विवाद, पेंटिंग, मेंहदी, निबंध, रंगोली, फैन्सी ड्रेस, फैशन शो, दौड़, क्रिकेट, चेस, टेबल टेनिस, जैवलीन, डिस्कस थ्रो, चेस, शॉटपुट थ्रो सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के डॉ प्रीति व्यास, रितेश कुमार, डॉ अरविंद कुमार, कुमारी सीमा, डॉ रोजीकांत, सबीता कुमारी, रविकांत कुमार के अलावा अमित कुमार, आदित्य कुमार, डॉ आरसी राणा, डॉ दिवाकर प्रसाद निराला, सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कांग्रेस प्रत्यासी जयप्रकाश भाई पटेल ने बड़कागांव में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्यासी जयप्रकाश भाई पटेल ने बड़कागांव प्रखंड के बादम, आँगो, तलसवार, नापो, हरली, महुगाई कला, चंदौल पंचायत के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील लोगों से किया। मौके पर जेपी पटेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार लोगों को रोजगार देने का काम करेगी। किसानों की आय को बढ़ाने का काम करेगी। महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देगी। मनरेगा मजदूरों के आय को बढ़ाएगी। फ्रेश ग्रेजुएट की पहली नौकरी पक्की करेगी। उन्होंने कहा कि हम सेवक हैं और वो लोग धंधेबाज। जनता सब जानती है, समझदारी के साथ वोट करेगी। जेपी पटेल ने कहा के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी समुदाय का आपार जनसमर्थन मुझे मिल रहा है। इस दौरान बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद भी साथ में लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस के न्याय पत्र के बारे में लोगों को बताया और क्रमांक एक पर हाथ छाप के बटन को दबाकर कांग्रेस को जिताने का आह्वान किया। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव यादव, मुखिया इलियास अंसारी, झमन प्रसाद, जमाल सगीर, संजय महतो, बाबर खान, त्रिलोकी साव, जुबेर खान, फिरोज अंसारी , इंद्रदेव राम सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भामाशाह बरही के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा चयन खोज परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा चयन खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में कुल 200 प्रतिभागियों में में 25 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक, 25 विद्यार्थियों ने रजत एवं 25 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक जीत कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं 10 विद्यार्थियों अनन्या भारती अष्टम ब, आद्या प्रियदर्शी सप्तम ब, पवन कुमार अष्टम अ, सोनू कुमार नवम अ, दीपिका चौधरी सप्तम ब, अंशिका गुप्ता नवम ब, पियूष पंडित दशम ब, आरुषि झा षष्ठ ब, आकृति कुमारी पंचम, ॠषिका कुमारी पांडेय दशम ब ने स्वर्ण पदक के साथ 1100 रुपये की राशि एवं प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उधम के द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने सभी उतीर्ण भैया बहनों की उत्कृष्ट सफलता पर शुभकामनाएँ प्रदान की साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। मौक़े पर विद्यालय के सभी आचार्य जी एवं दीदी जी उपस्थित रहें।

# स्वर्ण व्यवसायियों के हितों की अनदेखी उचित नहीं : कश्मीर सिंह राजपूत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय स्वर्णकर भवन में हजारीबाग स्वर्णकार व्यावसाय संघ के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में व्यवसायियों ने अखिल भारतीय स्वर्णकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत, डॉ दिलीप सोनी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वर्णकार, पूर्व विधायक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,अशोक नूरी,राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राजेंद्र लाल, राष्ट्रीय मंत्री, वीरेंद्र प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता हजारीबाग स्वर्णकार व्यवसायी संघ के अध्यक्ष विक्रम सोनी एवं संचालन विजय केसरी ने किया।सर्वप्रथम अतिथियों को पुष्प गुच्छ, माल्यार्पण, अंग वस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण रामसेवक सोनी ने दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्वर्णकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार स्वर्णकार के हितों की अनदेखी कर रही है ।?यह किसी भी दृष्टि में उचित नहीं है। देश में हर वर्ष एक हजार टन से अधिक सोने का कारोबार होता है, लेकिन अभी तक भारत सरकार स्वर्ण मंत्रालय का गठन तक नहीं कर पाई है । जबकि अन्य खनिजों के लिए अलग से मंत्रालय पहले ही बने हुए हैं। सोने पर कस्टम ड्यूटी लगभग 14 परसेंट है । इसे तत्काल कम किया जाना चाहिए । सोने पर तीन प्रतिशत जीएसटी लागू है, जिसे तत्काल एक प्रतिशत से भी कम किया जाना चाहिए। स्वर्ण कारोबार से हर वर्ष भारत सरकार को हजारों करोड रुपए का राजस्व की प्राप्ति होती है, लेकिन स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा के नाम पर कुछ भी उपलब्ध नहीं है । सरकार तत्काल व्यवसाइयों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ दिलीप सोनी ने कहा कि संगठन में शक्ति है । आज की बदली परिस्थिति में व्यवसायियों को एकजुट रहने की जरूरत है। वहीं राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र लाल ने कहा कि अभी भी स्वर्ण व्यवसाय पर विभिन्न किस्म के सरकारी अंकुश लगे हुए हैं। स्वर्ण व्यवसाई इन सरकारी अवरोधों के कारण खुलकर व्यापार नहीं कर पा रहे हैं। जिसका परिणाम यह हो रहा है कि संपूर्ण देश में लाखों की संख्या में स्वर्ण व्यवसाई बेरोजगार हो चुकें हैं। राष्ट्र के निर्माण में स्वर्ण व्यवसायियों की सेवा को कभी भी विस्तृत नहीं किया जा सकता है। इन वक्ताओं के अलावा पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक नूरी, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, रामसेवक सोनी, राजकुमार सोनी, मनोज गुप्ता, अगस्त क्रांति सोनी, विमल सोनी,निशांत सोनी, कुणाल सोनी, रिंकू वर्मा, प्रिंस कुमार, तारकेश्वर सोनी,संजय सोनी, सोनू सोनी, रंजीत सोनी एवं राजू सोनी ने भी अपने-अपने विचार रखें । धन्यवाद ज्ञापन डॉ केके वर्मा ने किया।

## विधायक सुनीता चौधरी ने चितरपुर मे चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा के चितरपुर के मेन रोड काली चौक बचत बाज़ार परिसर मे फीता काटकर शुभ उद्घाटन किया गया, बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई रामगढ़ विधानसभा की विधायक सुनीता चौधरी पहुंची, कार्यालय खुलने से कार्यकर्ताओं को प्रचार प्रसार मे होंगी सुविधा,इस दौरान 49 बचत बाजार प्रतिष्ठान के मालिक विकास पोद्दार एवम उनके परिवार के सदस्यों द्वारा विधायक को माल्यार्पण कर पुष्पगुक्ष भेंट किए इस मौके पर मुख्य रूप आजसू महिला नेत्री सरिता देवी,रामगढ़ युवा आजसू के सह प्रभारी सुबीन तिवारी,चितरपुर उत्तरी पंचायत मुखिया मंजू देवी सहित आस पास के ग्रामीण मौजूद रहे।

## टोंगी गांव में इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जनसंपर्क चलाया गया



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोंगी गांव में इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जनसंपर्क व मतदान करने की अपील किया गया। जनसंपर्क में मुख्य रूप से आरडी मांझी राजेश टूडू मनाराम मांझी राजेश बेदिया रास्का मांझी मुखलाल बेदिया रामप्रसाद मांझी लालदेव किस्कू मदन कुमार बेदिया कुलदीप बेदिया समीर मूर्मू हीरालाल बेदिया आदि उपस्थित थे।

## एयरटेल के टावर से चोरी किए गए बैटरी के साथ चोर गिरफ्तार



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला के पतरातु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गरेवाटांड स्थित एयरटेल कम्पनी के टावर से 14 मई के रात्रि में कुल 22 बैट्री को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई थी। इस संबंध मे पतरातु थाना कांड संख्या 130/24 दिनांक 15.05.24 धारा 379/461 भादवी दर्ज किया गया था। कांड के अनुसंधान के क्रम में अप्राथमिकी अभियुक्त नीतीश कुमार महतो पिता योगेंद्र महतो, पंकज महतो पिता गिरीधारी महतो दोनो ग्राम गरेवाटांड थाना पतरातु जिला रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। साथ ही चोरी की कुल 22 बैट्री को बरामद किया गया। दोनो अप्रथामिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## सांसद बनने के बाद संसद में प्रथम कार्य उरीमारी के विस्थापितों के हक में उठाऊंगा : जेपी भाई



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने उरीमारी क्षेत्र के चार पंचायतों में शुक्रवार को अपना चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने गांव-गांव घुमकर जनसभाओं के माध्यम से कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में लोगों को बताया। इसदौरान कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने कहा कि भाजपा ने अपना टिकट एक धंधेबाज के हाथों चार करोड़ रुपए में बेचा है। अगर यह चुनाव भाजपा जीतती है तो बड़कागांव सहित हजारीबाग को बेच आएगा। वहीं उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सांसद बनने के बाद प्रथम कार्य यहां के विस्थापितों के हक में करूंगा। वहीं इस मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, पतरातु प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बी आर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चाराडीह स्थित बी आर इंटरनेशनल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली।जिसे विद्यालय की प्राचार्या डॉ राखी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।वहीं विद्यालय के उपप्राचार्य नवल किशोर के नेतृत्व में रैली विद्यालय परिसर से निकाली गई जो चाराडीह ,पुतो ,करियबर इत्यादि गांव मुहल्ला होते हुए विद्यालय परिसर पहुंची। विद्यालय के बच्चों ने गांव के माताओं एवं बंधुओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर 20 मई को मतदान करने का आग्रह किया।इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था। विद्यालय के निदेशक ओपी राय ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 20 मई को अपना मतदान जरूर करें। मतदाता जागरूकता रैली में शिक्षक अभिजीत कुमारी, शिवम सिंह,केदार साव,कमलेश कुमार,विकाश कुमार, तबारक अंसारी, शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी, इंद्रमणि कुमारी,छात्र-छात्राओं में अंकित कुमार, सुधांशु कुमार, ओमप्रकाश, साक्षी कुमारी,विद्या शर्मा, माही कुमारी,नायसा राज, कृष्णा पांडेय,आलोक कुमार, अंकित कुमार, आर्यन कुमार,खुशी रंजन, अदिति कुमारी,हरिंदर कुमार,शिवम कुमार,दीपंकर,शिवानी,अंजली, गुंजन सहित सैकड़ों शामिल थे ।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय मीडिया कोर्डिनेटर ने प्रेस कांफ्रेंस का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रामगढ़ लोकसभा क्षेत्र के जिला मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन हुआ जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय मीडिया कोर्डिनेटर सुमेर सिंह चारण और वैभव शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री और भाजपा राशन को लेकर भयंकर झूठ फैला रहे हैं। राशन की असली क्रोनोलॉजी को समझिए। 80 करोड़ भारतीयों के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2011 की जनगणना के आधार पर) सितंबर 2013 में पारित किया गया था। इसका सिर्फ़ एक मुख्यमंत्री ने लिखित में विरोध किया था- गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने , प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया। कोविड महामारी के दौरान उन्होंने अचानक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 का नाम बदलकर प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना (PMGKAY) कर दिया और मुफ़्त राशन योजना के रूप में इसकी मार्केटिंग की।तय समय पर हर दस साल में होने वाली जनगणना को 2021 में न करवाकर कम से कम 14 करोड़ भारतीयों को PMGKAY के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित कर दिया गया है। जनगणना अभी तक नहीं हुई है। जब मई 2023 में विधानसभा चुनाव में कर्नाटक के लोगों ने भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया, तब निवर्तमान प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की अन्न भाग्य - 10 किलो मुफ़्त चावल देने की गारंटी को विफल करने कोशिश करके कन्नडिगाओं से अपना बदला लिया। लेकिन कांग्रेस की राज्य सरकार डटी रही और अन्न भाग्य योजना को लागू कर रही है। कल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी ने लखनऊ में गारंटी दी है कि 4 जून, 2024 को जनादेश मिलने के बाद इंडिया जनबंधन की सरकार कर्नाटक की तरह पूरे देश में ग़रीबों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना/ प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्ना योजना के तहत मिलने वाले अनाज की मात्रा दोगुनी करेगी। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ऋषिकेश कुमार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान जिला प्रवक्ता मुकेश यादव जिला बिजनौर के उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा मीडिया प्रभारी संजय साहू कार्यालय प्रभारी सहजाद खान इत्यादि उपस्थित थे।

## वार्ड नंबर छः के सभी बूथ अध्यक्ष की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को पूर्वाहन 10 बजे रामगढ़ जिला स्थित हजारीबाग लोकसभा सह संयोजक सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय पर वार्ड नंबर छः के अंतर्गत आने वाले सभी नौ बूथ अध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कुंटू बाबू ने बूथ न. 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55 के सभी नौ बूथ अध्यक्षों को आगामी 20 मई को होने वाले मतदान में कमर कस कर तैयार रहने को कहा साथ हीं किस प्रकार से हर बूथ पर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और किस प्रकार भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसपर भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से अरविंद सिंह, सत्यजीत चौधरी, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक चौधरी, मणिशंकर ठाकुर,नीता चक्रवर्ती, ईश्वर पासवान, सुरेंद्र शर्मा, सुरजीत सिंह छाबड़ा इत्यादि सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम पाने वालों के बीच मेरिट सर्टिफिकेट एवं मैडल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर में सीबीएसई की 10वीं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों के सामने मेरिट सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। ज्ञात रहे कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। कुल 96 विद्यार्थियों में 51 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। आर्यन गुप्ता 95त्न, विकास कुमार एवं निहार कुमार सिंह 93त्न तथा गायत्री कुमारी 91त्न लाकर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय टॉपर बनी। विद्यालय परिवार सभी उत्तीर्ण बच्चों के प्रति गौरव का अनुभव करता है। विद्यालय प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को मेरिट सर्टिफिकेट एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। बच्चों के साथ उनका उत्साहवर्धन करने के लिए उनके अभिभावक भी काफी संख्या में मौजूद थे। इस अवसर पर अभिभावकों के बीच विद्यालय प्रबंधन द्वारा 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु दिए जा रहे ऑफर की चर्चा की गई, जिसके अंतर्गत यह स्पष्ट किया गया कि 90त्न एवं उससे अधिक अंकों से उत्तीर्ण बच्चों का नामांकन शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे बच्चों को शिक्षण शुल्क में 100त्न छूट का लाभ दिया जाएगा साथ ही ?1000 प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाएगी। 60त्न से 89त्न अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को शिक्षण शुल्क में 50त्न के छुट का लाभ साथ ही 60त्न से नीचे अंक लाकर उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को शिक्षण शुल्क में 20त्न छूट का लाभ दिया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य ने संबंधित अभिभावकों से होम स्कूल के लाभ पर प्रकाश डालते हुए स्पष्ट किया कि होम स्कूल से 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई कराना हर दृष्टिकोण से बेहतर होता है। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय प्राचार्य के कथन का समर्थन करते हुए अपने बच्चों का नामांकन शेष 2 वर्षों के लिए इसी विद्यालय (होम स्कूल) में ही करने की बात कही। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) एवं सचिव विमल किशोर जाजू ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दीद्य संबंधित अभिभावकों को बच्चों के होम स्कूल से ही प्लस टू की पढ़ाई जारी रखने का आग्रह करते हुए उनके सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु हर आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति का आश्वासन दिया।

## हज़ारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से जिताने का लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रजरप्पा :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की एक बैठक गोला डाक बंगला परिसर में किया गया बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिला अध्यक्ष कार्तिक महथा बैठक के संचालन अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती ने किया बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आज की स्थिति में झारखंड आंदोलनकारी की मान सम्मान और उनके अधिकारों के साथ लूट खसोट और भ्रष्टाचार तथा जल जंगल जमीन और लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी झारखंडी विचारधारा के दलों को एकजुट होकर आज अस्तित्व को बचाने की जरूरत है,इसलिए झारखंड आंदोलन और झारखंड आंदोलनकारी द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी झारखंड आंदोलन के महान आंदोलनकारी स्वर्गीय टेकलाल महतो पुत्र जय प्रकाश भाई पटेल को समर्थन देने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदान दिलाने की अपील की गई दिशा निर्देश दिया गया की अपने-अपने क्षेत्र में झारखंड आंदोलनकारी के बीच जनसंपर्क अभियान चलाकर शत प्रतिशत मतदान करने की बात कही गई, कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में झारखंड आंदोलनकारी का एक-एक मतहज़ारीबाग लोकसभा उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल को मिले, बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी जनार्दन पाठक, झारखंड आंदोलनकारी गोरांग राय,पूर्व विधायक अर्जुन राम महतो के पुत्र लक्ष्मण महतो,आदित्य महतो राजाराम महतो,भोला मांझी,अमूल्य उपाध्याय, मनोहर सिंह, जगदीश महतो,धीरेन नायक,जितेंद्र साहू, रितेश बेदिया,सदन नायक, संतोष करमाली, भीष्म बेदिया, पूनम देवी, गौरांग राय, जितू महतो छेदी महतो ,केदार महतो नरेश महतो, सोहन महतो धुबरी देवी, बसंत विद्या ,प्रकाश कुमार, भोला टुडू नरेश महतो, अमृत टुडू शहंशाह आलम, संतोष कुमार, सुशीला देवी, देवकी प्रजापति, कुंजीलाल रविदास, राजेश ओझा, मोतीलाल महतो, रामचरण महतो, हरि बोल महतो, नूनी बाला देवी सहित सैकड़ो के संख्या में झारखंड आंदोलनकारी मौजूद थें।

## श्री अग्रसेन स्कूल में लाइफ स्किल्स पर वर्कशॉप का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को सीबीएसई ट्रेनिंग के तहत लाइफ स्किल्स विषय पर वर्कशॉप का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक (अकाडमिक) एसके चौधरी व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।वर्कशॉप में टीचर्स को ट्रेनिंग देकर लाइफ स्किल्स के बारे में बताया जाएगा, ताकि वे बच्चों को लाइफ स्किल्स के बारे में ट्रेंड कर सकें। वर्कशॉप में लाइफ स्किल्स को अपने दैनिक जीवन में उतारने, लाइफ स्किल्स के लिए पाठ योजना, मूल्यांकन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षण पद्धति की जानकारी दी गई। बच्चों और शिक्षकों के बीच रिश्ते, व्यवहार, प्रतिभा पहचानने के बारे में बताया गया। प्राचार्य श्री प्रधान ने कहा कि वर्तमान युग को युवा का युग कहा जाता है। ऐसे में इनके कौशल विकास पर ध्यान देना जरूरी है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे छात्र किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहें, उन्हें लाइफ स्किल्स का ज्ञान आवश्यक है। एस के चौधरी ने कहा कि समाज व देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी का शिक्षित व सशक्त होना जरूरी है। उन्हें व्यक्तित्व विकास का पूरा अवसर मिले। इसके लिए उनके हुनर व जीवन कौशल को विकसित करने पर शिक्षक समाज का फोकस होना चाहिए। इस अवसर पर अरविंद दुबे, साधना सिन्हा, एचके सिंह, सूरज सिंह, कुमुल कुमार, रितिका, दीपिका तिवारी, श्रीपर्णा गुप्ता, विजय शर्मा, विनोद मिश्रा, बसंत कुमार, सोनम खातून आदि उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए हर प्रकार की सुविधा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** 05 कोडरमा लोकसभा के लिए 20 मई 2024 को वोट डाले जाएंगे। 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान की तैयारी के मद्देनजर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से परिसदन सभागार में प्रेस वार्ता किया गया और तैयारी के बाबत जानकारी दी गई । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के कई बूथ अलग-अलग थीम पर आधारित होंगे, जहां पर्यटन केंद्रों की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही ग्रीन बूथ और प्लास्टिक मुक्त बूथ बनाए जाएंगे। इसके अलावे गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर सेड की व्यवस्था की जा रही है। मतदाताओं को लाने.. ले जाने के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की गई है। बीएलओ की सहायता से बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाया. ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम इंतजाम किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर हर प्रकार की सुविधा की गई है। स्वच्छ निष्पक्ष व त्रुटिरहित चुनाव संपन्न कराने को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी व पोलिंग पार्टी को सभी तरह का प्रशिक्षण दिया गया है। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराना हमारी प्राथमिकता है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदाता, दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर वाहन की व्यवस्था की गयी है। मीडिया के माध्यम से जिलेवासियों से अपील करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 20 मई 2024 को मतदान अवश्य करें।

**मतदान केंद्रों पर होंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : पुलिस अधीक्षक**

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। जिले के 12 चेकनाको पर फोर्स की तैनाती है, जो नियमित वाहनों की जांच कर रही है। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत पत्रकारगण मौजूद रहे।

## सरकार के जनविरोधी नीतियों के कारण महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर : भुवनेश्वर मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार के समर्थन में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता,प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, कयूम मलिक, मेवालाल प्रसाद,नेमन यादव शहीत कई नेताओं ने रामगढ़ के जारा,गोसा, चुटुपालु,गडके,चेटर रामगढ, कोईरी टोला सहीत कई गावो मे सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार के लिए वोट मांगाद्य पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने कहा केंद्र सरकार की जनविरोधियों नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही हैद्य राज्य में भी भ्रष्टाचार चरम पर है ग्रामीण विकास मंत्री भी जेल की सलाखों में जा रहे हैंद्यसारे कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका हैद्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जनता की मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करती रही हैद्य इसीलिए विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए बेरोजगारों को रोजगारी भत्ता के लिए किसानों को किसान पेंशन के लिए महंगाई बेकरी बेरोजगारी के विरोध में पार्टी लड़ती रही हैद्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उम्मीदवार को विजय बनाने का अपील किया प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा के लोग कपड़ों की तरह पार्टी बदल रहे है वैसे जनप्रतिनिधियों को जनता से कोई लेना-देना नहीं वोट लेकर के पार्टी बदल देना जनता के मुंह पर तमाचा हैद्यइसलिए हजारीबाग की जनता सोच समझ कर के इस बार वोट करें और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार को जीताएद्य जनसंपर्क अभियान में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक पीके पांडेय राजेंद्र कुमार अजय कुमार सिंह मेवा लाल प्रसाद कम खान आजाद सिह सहीत कईलोग मौजुद थे।

# एक-एक वोट भाजपा के खिलाफ, हर एक वोट इंडिया गठबंधन के लिए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** आगामी 20 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में आम ग्रामीण मतदाताओं के बीच इंडिया गठबंधन दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को रामगढ़ प्रखंड के ग्राम हेसला के टोला महुआटांड़, जामुनटांड एवं इंदिरा कॉलोनी इन विभिन्न जगहों में भ्रमण कर घर-घर जाकर आम ग्रामीण मतदाताओं, मजदूर ,किसान, महिलाओं एवं युवाओं से अपील करते हुए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल का चुनाव निशान हाथ छाप पर ईवीएम में एक 01 पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनावें। साथ ही इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी के द्वारा घोषणा -पत्र में जारी इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी भर्तियां, हर वर्ष करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में 100000, मनरेगा मजदूरों की 400 प्रतिदिन की मजदूरी लागू करने आदि अन्य घोषणाओं से संबंधित गारंटी कार्ड मतदाताओं के बीच वितरण किया गया।जनसंपर्क में मतदाताओं को बताया गया कि इन 10 सालों के अंदर भाजपा - आरएसएस ने नफरत की राजनीति कर देश के अंदर मेहनतकश मजदूर, किसानों के बीच फूट डाल कर, देश के संसाधनों को जल, जंगल, जमीन व खनिज कॉर्पोरेट घरानों के चंद अरब पतियों के हवाले कर दिया गया है। मोदी सरकार की शासन में आम जनता, गरीब- गुरबे को सबसे ज्यादा गरीबी, महंगाई ,बेरोजगारी का दंश झेलना पड़ रहा है।जनसंपर्क में भाकपा- माले के सरयू बेदिया, महादेव राम, लाल कुमार बेदिया, अनवर अंसारी,मोदी बेदिया,रवि राम, कांग्रेस के पिंटू अंसारी, गोपाल मुण्डा, फिरोज अंसारी, बबलू बेदिया अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

## रामगढ़ डीसी और एसपी ने चुनाव कार्य में लगे सभी पदाधिकारीयों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ रामगढ़ में चन्दन कुमार, उपायुक्त रामगढ़ एवं डॉ0 बिमल कुमार, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा संयुक्त रूप से आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर जिला के सभी पुलिस उपाधीक्षक (मु0) / अनु0पु0पदा0/ पुलिस उपाधीक्षक (प्रो0) / बी0डी0ओ0 / सी0ओ0/ पु नि, सभी थाना/ ओ0पी0 प्रभारी, सेक्टर पदाधिकारी एवं चुनाव कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारी के साथ टाउन हॉल रामगढ़ में बैठक किया गया एवं चुनाव कार्य में लगे सभी पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली जागरुकता रैली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन की अध्यक्षता में सदर सीएचसी से सिविल सर्जन कार्यालय तक जागरुकता रैली निकाली गई। सिविल सर्जन ने बताया कि इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में अधिक जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस भारत में मनाया जाता है। बताया कि डेंगू साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपने वाले संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलने वाला एक संक्रामक तथा अधिसूचित बीमारी है। यह विषाणु जनित रोग है। समय पर जांच एवं इलाज नहीं होने से यह जानलेवा हो सकता है। अचानक तेज बुखार आना, तेज सिर दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, जोड़ों एवं मांस पेशियों में दर्द, मसूड़ों से खून आना, भोजन में अरुचि, भूख ना लगना डेंगू के लक्षण है। इसको अनदेखा नहीं करना चाहिए। इससे बचाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मच्छरों से बचे, घर के आसपास सफाई रखें, पुराने टायरों, बर्तनों तथा व्यवहार में नहीं आने वाली वस्तुओं को हटा दें ताकि इसमें पानी जमा ना हो। पानी के बर्तनों को ढक कर रखें क्योंकि एडीज मच्छर स्वच्छ जल में ही पनपते हैं। सप्ताह में कम से कम एक बार पानी की टंकी, कूलर, फ्रीज, फूलदान आदि की सफाई कर सुखा लें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, हमेशा मच्छरदानी के अंदर सोए, बुखार होने पर खूब पानी पिएं और आराम करें, सप्ताह में 1 दिन सूखा दिवस अवश्य मनाएं। जागरुकता रैली में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, एमओआईसी सदर डॉ अनिता चौधरी, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर उमेश चौधरी, उत्तम सिन्हा सहित एनसीसी बॉय्ज़ एवं गर्ल्स, सहिया, एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# पोस्टल बैलेट के द्वारा बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पोस्टल बैलेट के द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं (चलने फिरने में असमर्थ) के लिए होम वोटिंग शुरू। होम वोटिंग कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों, माइक्रो आब्जर्वर, बीएलओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस पदाधिकारी द्वारा चिन्हित मतदाताओं के घर पर पहुंचकर होम वोटिंग प्रारंभ हुई। होम वोटिंग हेतु कुल 15 टीम द्वारा दिनांक 17 मई 2024 को शुरू हुई जो कि दिनांक 18 मई 2024 तक चलेगी। पोस्टल बैलेट के द्वारा AVSC (अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन) एवं AVPD (अब्सेंटी वोटर पर्सन विथ डिसेबिलिटी) के मतदान हेतु गठित प्रखण्डवार पोलिंग टीम पहुंची। इस दौरान मतदाता को मतदान कराने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। होम वोटिंग कराने की प्रक्रिया एवं विविध प्रपत्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही पूर्ण दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए होम वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है। ज्ञात हो कि पूर्व मे कराये गये सर्वे के आधार पर 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं (चलने फिरने में असमर्थ) के लिए होम वोटिंग की व्यवस्था की गई है। धनबाद जिला में कुल 216 मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों को घर पर ही डाक मतपत्र उपलब्ध कराया जाता है। यहां अपना वे अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट दे सकते हैं। इस दौरान चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिकारी की टीम और पुलिस भी मौजूद होते हैं।

# साउंड एसोसिएशन के द्वारा गिरिडीह में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले में गिरिडीह जिला साउंड एसोसिएशन के द्वारा शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें कई प्रखंड के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। वही रैली के पहले होटल संगम गार्डन में चुनाव और देश मे मतदान की कितनी भूमिका है ,हमे क्यो मतदान करना ही चाहिए इसके ऊपर गोष्टि भी किया गया। संबोधन के दौरान जिला अध्यक्ष रामजी प्रसाद यादव ने कहा लोकतंत्र का महापर्व अभी देश मे चल रहा,देश की दशा और दिशा चुनावो के माध्यम से ही तय होती पांच साल में हर व्यक्ति को ये अवसर प्रदान होता की वो अपने लिए अपने मत के माध्यम से नेतृत्वकर्ता जो चुन सकता है।इस वर्ष जिस प्रकार से मतदान प्रतिशत में गिरावट दर्ज की जा रही है।रैली के माध्यम से संदेश दिया कि हमारे जिले में घर घर से लोग मतदान के लिए निकले और देश निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। देवरी के प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी ने कहा वोट के दिन यूनियन के साथी घर घर से वोटिंग के लिए लोगों को निकालने का काम करें अपने अधिकार का प्रयोग करें। टेकलाल पंडित ने कहा हर कार्य को छोड़कर मतदान के दिन केंद्रों पर जाएं वोट करें।गोष्टि के बाद सभी लोग लाइन बना कर रैली के शक्ल में पहले मतदान फिर जलपान के नारे लगाते संगम गार्डन से टॉवर चौक तक गए,नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। मौके पर जिला सचिव जगदीश दास,कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह,प्रवक्ता मोइन अंसारी,संजय सिंह, गांडेय प्रखंड अध्यक्ष बिनोद दास,बेंगाबाद अध्यक्ष मुश्ताक आलम,बिरनी अध्यक्ष मेघवाल मंडल सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू (हिंद) धनबाद ने सफल छात्रों को किया सम्मानित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मिल्लत हाई स्कूल, धनबाद के विस्तृत हॉल में अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू (हिंद) धनबाद का एक शानदार सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सफल छात्रों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। सम्मानित होने वालों में फ़िज़ा फ़ातिमा - 98%, हुस्ना नाज़ - 95.6%, अक्सा फलक - 90.8%, ग़ज़ल आफरीन - 90.8% अंकों के साथ सफल हुईं। ये सभी लड़कियां मिल्लत हाई स्कूल, धनबाद की छात्राएं हैं। फ़िज़ा फ़ातिमा ने जिला स्तर पर पहला और राज्य स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक, छात्र और अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू (हिंद) धनबाद के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने सफल छात्रों को बधाई दी और अंजुमन द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक नजीब अख्तर ने की, जबकि संचालन इम्तियाज़ बिन अज़ीज़ ने किया।

# 4 जून की मध्यरात्रि तक पूरे धनबाद अनुमंडल में रहेगी धारा 144




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल प्रभाव से 4 जून 2024 की रात्रि 12.00 बजे तक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत पूरे धनबाद अनुमंडल में निषेधाज्ञा जारी की है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए तिथियों की घोषणा करने के बाद 16 मार्च 2024 को जारी की गई निषेधाज्ञा की अवधि पूर्ण हो चुकी है तथा धनबाद अनुमंडल अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस स्थिति में आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक निषेधाज्ञा जारी रखना आवश्यक है। इसलिए तत्काल प्रभाव से 4 जून 2024 की रात्रि 12.00 बजे तक पूरे धनबाद अनुमंडल में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। निषेधाज्ञा के दौरान पाँच व्यक्तियों या उससे अधिक के समूह में चलना, किसी प्रकार के हरवे हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, तलवार, तीर-धनुष आदि लेकर निकलना या चलना प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही बिना अनुमति के किसी प्रकार का बैठक करना, धरना, प्रदर्शन, सभा आयोजित करना, लाउड स्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित आदर्श आचार संहिता के सारे नियम विधि-व्यवस्था एवं निर्भय तथा साफ-सुथरा चुनावी प्रक्रिया के लिए दिये जाते हैं। इसके बाद आचार संहिता में जो भी नियम पारित होने वाले है या होंगे वे भी नियम इसमें सम्मिलित होंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए आदर्श आधार संहिता के जारी सारे वर्णित बिन्दु धारा -144 के अन्तर्गत शामिल रहेंगे। वहीं नेपालियों द्वारा खुखरी धारण, सिक्खों द्वारा कृपाण धारण, शादी विवाह से संबधित जुलूस में सम्मिलित व्यक्तियों, शव यात्रा में जाने वाले जुलूस, हाट बाजार, अस्पताल जा रहे मरीज के साथ-साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र/छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी, पुलिस बल, विधि-व्यवस्था एवं निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी, कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल इस निषेधाज्ञा की परिधि से बाहर रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# गिरिडीह - टुंडी रोड में देर रात एक हाईवा और ट्रक के बीच हुई जोरदार टक्कर



**गिरिडीह :** टुंडी रोड के बुढ़ियाडीह जगह में गुरुवार की देर रात एक हाईवा और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि हाईवा के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गये। इस भीषण हादसे में हाईवा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया कि आधी रात को बुढ़ियाडीह में दोनों वाहनों के बीच आमने सामने की टक्कर हो गयी। बताया गया कि 14 चक्का ट्रक संख्या ट्रक काफी तेज रफ्तार से धनबाद की ओर से गिरिडीह की ओर आ रही थी। इसी दौरान गिरिडीह से धनबाद की ओर जा रही एक हाईवा से उसकी भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत की आवाज सुन आस पास के लोग अपने घरों से बाहर निकल घटना स्थल पहुंचे और घायल हाईवा चालक को इलाज हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके से फरार हो गया किसी को कोई खबर तक नहीं हुआ। सूचना मिलते ही महतोडीह पिकेट की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और सारी वस्तु स्थिति से अवगत हुआ और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है। बताया गया कि हाईवा में शिवम फैक्ट्री का कोयला लोड था वहीं ट्रक में आलू लोड है जो कोई करोबारी का हो सकता है।

## लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव को किया गया सूची जारी

**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से सारी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। ताकि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकें। साथ ही शत-प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप एक्टिविटी के तहत व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए आमजनों का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो युक्त वोटर आईकार्ड की आवश्यकता होगी। लेकिन, यदि किसी मतदाता के पास आयोग द्वारा जारी वोटर आईडी कार्ड नहीं है तो भी वह अन्य पहचान पत्रों का इस्तेमाल कर अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है।

**ये हैं वैकल्पिक :-** 1. आधार कार्ड, 2. मनरेगा जाब कार्ड, 3. बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक, 4. श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, 5. ड्राईविंग लाइसेंस, 6. पैन कार्ड, 7. एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, 8. भारतीय पासपोर्ट।, 9. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज।, 10. केंद्र/राज्य सरकार लोकउपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त या पहचान पत्र।, 11. सांसदों/विधायकों विधानपरिषद सदस्यों को जारी किए गए पहचान पत्रों , 12. यूडीआईडी, सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

## मतदान दलों को कराया गतिविधि आधारित प्रशिक्षण

**धनबाद :** श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में लोक सभा निर्वाचन 2024 के मतदान दलों के तृतीय और अंतिम प्रशिक्षण के तहत आज गतिविधि आधारित प्रशिक्षण कराया गया। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार विभिन्न कमरों में एक डमी मतदान केंद्र बनाकर मतदान दलों के बीच के कर्मियों में से ही पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, पोलिंग एजेंट और मतदाता बनाकर ईवीएम से डमी मतदान कराया गया।

# ऑप्रेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ पोस्ट महुदा द्वारा किया गया स्टेशन से बच्चा को बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** प्लेटफॉर्म चेकिंग के दौरान, आरपीएफ पोस्ट महुदा के एसआई पी मंडल और सी शिफ्ट स्टेशन स्टाफ एच सी 9611-बबलू कुमार ने देखा कि 01 नाबालिग लड़का महुदा रेलवे स्टेशन पर, महुदा स्टेशन के फल स्टॉल के पास लक्ष्यहीन रूप से घूम रहा था। संदेह होने पर उन्होंने उससे विनम्रतापूर्वक बातचीत की जिसमें उसने अपना नाम और विवरण कालीचरण मरांडी, उम्र लगभग 14 वर्ष, पुत्र- बुधिराम मरांडी, निवासी- अरादबाजार, बालासोर, थाना- बालेश्वर सदर, जिला- बालासोर (ओडिशा) बताया। उसने कहा कि, कुछ दिन पहले वह अपने परिवार के साथ विवाद के कारण घर से भाग गया था। 15.05.2024 को शाम को, वह कुछ ट्रेनें बदलने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के बाद महुदा रेलवे स्टेशन पहुंचा। इसलिए, बचाए गए नाबालिग लड़के को उचित देखभाल और संरक्षण के तहत आरपीएफ/पोस्ट/एमएचक्यू में रखा गया था, साथ ही किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम-2015 के दिशानिर्देश के अनुसार सभी उपलब्ध सुविधाएं प्रदान की गईं। उसके परिवार के सदस्यों को मोबाइल फोन नंबर 7605965020 पर सूचित किया गया। साथ ही आगे की कार्रवाई के लिए रेलवे चाइल्ड लाइन धनबाद के साथ जानकारी साझा की गई। चाइल्ड लाइन धनबाद। दिनांक 16.05.2024 को रेलवे चाइल्ड लाइन धनबाद ने आरपीएफ/पोस्ट/महाविद्यालय में उपस्थित होकर उक्त बचाए गए नाबालिग लड़के को सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए तथा उनकी ओर से आगे की कार्रवाई के लिए रेलवे चाइल्ड लाइन धनबाद को सौंप दिया गया।

# निर्दलीय उम्मीदवार सुनैना किन्नर पहुंची गांधी सेवा सदन, मांगा समर्थन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** निर्दलीय उम्मीदवार सुनैना सिंह किन्नर ने शुक्रवार को धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाते हुए गोविंदपुर, ईस्ट बसेरिया, कच्छी बलिहारी में जनसंपर्क करते हुए वह सीधे धनबाद कोर्ट परिसर पहुंची। जहां सभी अधिवक्ताओं से मिल कर उनसे अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील कि। इस मौके पर सुनैना किन्नर ने अधिवक्ताओं से कहा कि आप लोग चित्रगुप्त की तरह है। लोगों को न्याय दिलाने की काम करते हैं। मैं आज इस न्याय के लिए और धनबाद की जनता का कैसे न्याय हो, उन्हें कैसे विकास मिले, इसके लिए आप लोग एक मौका किन्नर समाज को दें। जिस पर मैं खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगी। मैं अगर धनबाद लोकसभा से जीत हासिल की तो मैं यहां की जनता को कभी मायूस नहीं होने दूंगी।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से छात्र घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के गावां थाना क्षेत्र के माल्डा के एक मदरसे के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाला एक छात्र 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आ गया। जिसमे वह बुरी तरह से झुलस गया । आनन-फानन में उसे गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु गिरिडीह रेफर कर दिया है। घायल छात्र गदर निवासी मो सरफराज का दस वर्षीय पुत्र मो शहनवाज है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार शाहनवाज शुक्रवार सुबह स्नान करने के लिए माल्डा स्थित मदरसा अनवारुल इस्लाम के छत पर गया था।नल में पानी नहीं आने के कारण वह छत पर लगी टंकी में झांककर देखने लगा।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।

–:सर्वसाधारण के लिए सूचना :–

सूचित किया जाता हैं कि आपके शहर या गॉव से कोई बालक/बालिका अगर गुमशुदा हैं, या होने की सूचना मिलने पर इस संबंध में अपराध अनुसंधान विभाग के Helpline Mobile No./ Whatsapp No. 08877444444 तथा email id-complaint-cid @jhpolice.gov.in या संबंधित थाना में संपर्क करें। साथ ही बच्चों से संबंधित किसी प्रकार का दुर्व्यवहार के संबंध में भी उक्त Mobile No./Whatsapp No. /email id पर शिकायत किया जा सकता हैं।

पुलिस अधीक्षक,
गुमला।

PR 324906 Police(24-25)D

# ऑप्रेशन महिला सुरक्षा के तहत महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले अब तक 615 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेल यात्रा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकतओं में शामिल रहा है । इसी के मद्देनजर रेलवे द्वारा ऑपरेषन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ धर-पकड़ अभियान चलाया चलाया जाता रहा है । इसी कड़ी में 01 मई से 15 मई, 2024 तक ऑप्रेशन ''महिला सुरक्षा'' के तहत रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत कुल 615 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया । इनमें सर्वाधिक 355 लोग दानापुर मंडल में जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 151, सोनपुर मंडल में 56 तथा समस्तीपुर मंडल में 53 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
(उत्पाद शाखा)

शुष्क दिवस (DRYDAY) आदेश

भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक–576/14/2024/ EPS दिनांक–16/03/2024 में दिए गए निदेश के आलोक में मंत्रिमण्डल निर्वाचन विभाग झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1186 दिनांक–18.03.2024 के अनुपालन में आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, राँची में अपने पत्रांक–651 दिनांक– 01/04/2024, पत्रांक -813 दिनांक -12/04/2024 एवं पत्रांक -814 दिनांक -12/04/2024 के द्वारा झारखण्ड, राज्य में एवं राज्य के सीमावर्ती जिलों में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर मतदान समाप्त होने से 48 घंटा पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुनर्मतदान के दिन शुष्क दिवस घोशित करने का निदेश है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में झारखण्ड राज्य के लातेहार (चतरा लोक सभा क्षेत्र)जिला में पांचवें चरण तथा सीमावर्ती राज्य के छतीसगढ़ के बलरामपुर(सरगुजा लोकसभा क्षेत्र)जिल में तृतीय चरण में तथा लातेहार के निकटवर्ती जिले पलामू एवं लोहरदगा में चतुर्थ चरण में एवं राँची जिले में छठे चरण में मतदान निर्धारित है।

अतः लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(•) में निहित निदेश के आलोक में मैं गरिमा सिंह(भा० प्र० से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार आदेश देती हूँ कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर लातेहार जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निम्नांकित तिथियों को उसके सामने अंकित अवधि तक के लिए शुष्क दिवस (DRY DAY)घोशित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | लोकसभा क्षेत्रका नाम | मतदान की तिथि | शुष्क दिवस की अवधि | मतगनणा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01–बलरामपुर,(सरगुजा लोकसभा क्षेत्र), छतीसगढ़ (Third Phase) | दिनांक–07.05.2024 | 05-05-2024 के अपराहन 05:00 बजे से दिनांक–07-05-2024 के अपराहन 05:00 बजे तक | 04.06.2024 को शुष्क दिवस (DRY DAY) |
| 2 | 13– पलामू एवं 12– लोहरदगा (Fourth Phase) | दिनांक–13.05.2024 | 11.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे से दिनांक–13.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे तक | |
| 3 | 04–लातेहार,(चतरा लोकसभा क्षेत्र) (Fifth Phase) | दिनांक–20.05.2024 | 18.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे से दिनांक–20.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे तक | |
| 4 | 08– राँची (Sixth Phase) | दिनांक–25.05.2024 | 23.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे से दिनांक–25.05.2024 के अपराहन 05रू00 बजे तक | |

उक्त अवधि में सम्पूण लातेहार जिला निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत किसी भी होटल, भोजनालय, पाकशाला, मधुशाला दुकान में अथवा किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्प्रीटयुक्त, किन्वित या मादक लीकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य कोई पदार्थ न तो बिक्रय किया जाएगा, न दिया जाएगा और न ही वितरित किया जाएगा।

इस आदेश की अवहेलना के लिए दोशी व्यक्ति को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–135 (ग) एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत दण्डित करने की कार्रवाई की जाएगी।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त,लातेहार

PR 324918 Latehar(24-25)#D

## मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस को लेकर स्पेशल लोक अदालत 8 जून को : राजेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस के लंबित वादों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा करने हेतु झालसा रांची के निर्देशानुसार दिनांक 8 जून 2024 को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा के निर्देशानुसार आज क्लेम केसे के अधिवक्ता एवं इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं की संयुक्त मीटिंग डालसा सचिव राजेश कुमार के कार्यालय कक्ष में हुई। जिसमें क्लेम केस करने वाले अधिवक्ताओं ने ज्यादा से ज्यादा केस को निपटाने के लिए संकल्प व्यक्त किया। साथ ही अधिवक्ताओं ने 16 ऐसे क्लेम वादों का सूची डालसा सचिव को सौंपी जिसका निस्तारण आने वाले 8 जून को स्पेशल लोक अदालत में किया जा सकता है। आज के मीटिंग में अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पाठक, जयप्रकाश नारायण सिन्हा, मोतीलाल, एलपीएन सहदेव, प्रमोद प्रसाद, कुमार चंद्रशेखर, आनंद अग्रवाल एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। डालसा सचिव ने स्पेशल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए यह बताया कि सिविल कोर्ट में मोटर वाहन दुर्घटना संबंधित दावों को लेकर कुल 126 मामले लंबित हैं। स्पेशल लोक अदालत के माध्यम से 20प्रतिशत लंबित वादों को निपटाने का लक्ष्य झालसा रांची द्वारा दिया गया है। जिसके लिए सारी तैयारी की जा रही है। पार्टी-पक्षकारों को विभिन्न माध्यमों से नोटिस निर्गत किए गए हैं ताकि स्पेशल लोक अदालत का लाभ वे उठा सकें।

## चिकनगुनिया से सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उर्सुलाइन शिक्षिका प्रशिक्षण महाविद्यालय, लोहरदगा के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। विषय था- डेंगू और चिकनगुनिया से सुरक्षा। इस जागरूकता अभियान का संचालन जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा के कार्यकर्ता मनीष कुमार तथा आलोक कुमार ने किया। जन जन में स्वच्छता की जानकारी देते हुए डेंगू से बचाव के तरीके भी बताए। सभी छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर एन एस एस की छात्राओं ने भी भाग लिया। इस जागरूकता अभियान में महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सि. शिला, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डा. सि. निर्मला के अलावा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## अवैध बालू परिवहन मामले में बिना नम्बर का दो ट्रैक्टर को किया गया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के मेढ़ों स्थित कोयल नदी तट के बालू घाट से अवैध बालू परिवहन करने की गुप्त सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस बल के द्वारा बालू के अवैध खनन एव परिवहन की गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए बिना नम्बर का दो ट्रैक्टर को मेढ़ों कोयल नदी तट से जब्त कर सुरक्षित सेन्हा थाना में रखा गया है। मेढ़ों कोयल नदी से बालू माफियाओं द्वारा शुक्रवार को बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा था। जिसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां को मिलने पर प्रशिक्षु एस पी सह सेन्हा थाना प्रभारी वेदांत शंकर को करवाई का निर्देश दिया गया। जिनके निर्देश पर एस आई मनोज कुमार द्वारा क्षेत्र में अवैध बालू खनन व परिवहन मामले में छापेमारी करते हुए मेढ़ों कोयल नदी से बिना नम्बर का दो ट्रैक्टर को जप्त करते हुए सेन्हा थाना में ला कर सुरक्षित रखा गया गया। इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद के लिखित आवेदन पर बालू माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से बालू उठाव कर विभाग का राजस्व क्षति करते हुए चोरी छुपे लगातार बालू ढुलाई करने के आरोप में सेन्हा थाना कांड संख्या 37/24 दर्ज कर खनन अधिनियम की धारा 379,411 के तहत अवैध तरीके से बालू परिवहन करने के मामले में ट्रैक्टर मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। अवैध बालू ढुलाई करते हुए ट्रैक्टर जब्त होने पर बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। मौके पर एस आई मनोज कुमार शस्त्र पुलिस पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

## श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर में सीता नवमी पर हुआ कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सीता नवमी कार्यक्रम का आयोजन लोहरदगा नगर के श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर पुराना शुक्र बाजार में किया गया। इस मौके पर श्रद्धालु महिलाओं में बढ़ चढ़कर भागीदारी दी। सीता नवमी कार्यक्रम शुभारंभ का मां सीता जी के चित्रों पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुषमा देवी के द्वारा मां सीता के संपूर्ण चरित्र के बारे में विस्तार से बताया गया। एवं विशिष्ट अतिथि सविता देवी ने बताया कि माता सीता जी का जन्म जनकपुरी में हुआ था।एवं विवाह अयोध्या में प्रभु श्री रामचंद्र जी के साथ हुआ था। मां सीता पति भक्ति भावना एवं त्याग कष्ट से आज के नारी को सीख लेनी चाहिए। दुख के चलते हुए भी कभी अपने भावना से नहीं हटी। इस अवसर पर महिला कीर्तन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। अंत में महा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुषमा देवी, सविता देवी, संगीता देवी, शीला देवी, मीणा देवी, पूनम देवी, नूपुर देवी, शमुली देवी, सरस्वती देवी, नीलम देवी, प्रिंसी रानी प्रजापति, अर्पिता कुमारी, बजरंग दल पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति के अलावा कई राम भक्त माताएं बहनें उपस्थित थी।

## पुलिस अधीक्षक ने सुखदेव भगत को बताया कि तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी को किया गया निलंबित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिसई प्रखंड अंतर्गत पुसो कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा एवं कांग्रेसजनों ने लोहरदगा लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को बताया कि दो दिन पूर्व पुसो थाना प्रभारी हिमांशु शेखर सिंह एक पारिवारिक मामला को लेकर पूछताछ के नाम पर जितेंद्र लोहरा को थाना में बुलाकर हाजत में बंद कर दिया तथा अमानवीय तरीके से उन्हें बहुत मारा जिसके कारण जांघ,गुप्तांग एवं पीछे के हिस्से में काफी गंभीर चोट लगा है। जितेंद्र लोहरा ने श्री भगत से उन्हें न्याय दिलाने एवं अमानवीय रूप से कृत करने वाले थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने की मांग किये। श्री भगत ने कहा कि थाना प्रभारी के द्वारा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पर बर्बरता पूर्वक की गई कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में संवेदनशील सरकार है। कांग्रेस कार्यकर्ता हो या आम जनता उन्हें पूरा न्याय मिलेगा। श्री भगत ने गुमला पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर पूसो थाना प्रभारी द्वारा किया गया अमानवीय एवं बर्बरता पूर्वक कार्रवाई से उन्हें अवगत कराते हुये शीघ्र थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने की बात कहें। पुलिस अधीक्षक गुमला ने श्री भगत को पूसो थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की बात कहें।

## बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप के सौजन्य से राहगीरों को मिट्टी के सीकोरा एवं चावल के दाने बांटे जाएंगे

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में बढ़ती हुई बेतहाशा गर्मी को लेकर एक और जहां आम इंसान परेशान है, वही पक्षी और मवेशी भी उतने ही पानी के लिए व्याकुल है। इस निमित्त साइंस फॉर सोसाइटी लोहरदगा इकाई तथा बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप के सौजन्य से बीएस कॉलेज के निकट राहगीरों तथा बस्तियों में मिट्टी के सीकोरा एवं चावल के दाने जन जागरण हेतु बांटे जाएंगे। जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, अधिवक्ता, रोड सेफ्टी मेंबर, रेड क्रॉस मेंबर, शिक्षा जगत से जुड़े लोग, क्रिकेट खिलाड़ी एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के लोग इस अभियान में हिस्सा लेकर लोगों से अपने-अपने घरों में सिकोरा एवं चावल के दाने रखने की अपील करेंगे। यह जानकारी सोसाइटी के सचिव राहुल कुमार ने दी

## जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे कैरो प्रखंड कार्यालय भवन को किया गया आकर्षक साज सज्जा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** 17 मई 2024 जिले की स्थापना दिवस के अवसर पर कैरो प्रखंड कार्यालय भवन को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय कर्मी परिवार के द्वारा किया गया आकर्षक साज सज्जा। विदित है कि आज ही के दिन 17 मई 1983 मे लोहरदगा को जिला के रुप मे मिली थी पहचान। सन्न 1972 से लोहरदगा की पहचान सब-डिवीजन की रुप मे जानी जाती थी। वनो से अच्छादित जिला का 80 प्रतिशत जनसंख्या के लोग मुख्यतः कृषि पर निर्भर हैं। 2011 के जनगणना के अनुसार 354 गाँवो वाले जिले की कुल जनसंख्या 4,61,790 मे पुरुष 232629 हैं वही 229161 महिलाओं की जनसंख्या है,जिसका क्षेत्रफल 1502 वर्ग किलोमीटर मे फैला हुआ है। जैन धर्म के पुस्तको मे भगवान महावीर जी की लोहरदगा आगमन की कहानी आज भी वर्णित हैं। लोहरदगा जिला की सबसे प्राचीन शिव मन्दिर खकपरता शिव मन्दिर को आज भी लोग दुर-दराज से देखने को आते रहते हैं। इस प्रकार कैरो प्रखंड कार्यालय कर्मियो के बीच जिले की स्थापना दिवस को लेकर देखा गया खासा उत्साह का माहौल।

## उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में हुई समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन / सहकारिता विभाग एवं आत्मा विभाग अंतर्गत संचालित कार्य योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में उपायुक्त ने विभागवार कार्य प्रगति से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम उन्होंने बीज वितरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। बीज वितरण में इस बार मोटे अनाज के तहत ज्वार-बजरा की खेती को प्रमोट करने की बात कहीं। साथ ही उपायुक्त ने हॉर्टिकल्चर के तहत ड्रैगन फ्रूट, चेरी, अमरूद, नींबू एवं पपीता आदि व्यापक रूप लगाने हेतु किसानों में जागरूकता लाते हुए प्रमोट करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने नई-नई कृषि तकनीक के साथ खेती करने हेतु किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सहकारिता विभाग की समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने झारखंड राज्य फसल राहत योजना में लंबित लैंड वेरिफिकेशन से संबंधित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा उन्होंने धान अधिप्राप्ति से संबंधित कार्यों के समीक्षा की। इसके अलावा उपायुक्त महोदय द्वारा पशुपालन एवं मत्स्य पालन से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में कृषि पदाधिकारी मुनेन्द्र दास, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता एवं अन्य उपस्थित थे।

## श्रम एवं नियोजन विभाग को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में श्रम एवं नियोजन विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने श्रम एवं नियोजन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा किया। उन्होंने श्रम विभाग की समीक्षा कर विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निबंध प्रवासी मजदूर किसी कारणवश प्रदेश में दुर्घटना हो जाता है तो योजना के तहत ससमय उनके परिवार की सहायता करेंगे। उन्होंने लंबित मुआवजा से राशि संबंधित मामलों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया।विवाह सहायता योजना अंतर्गत लाभुकों को लाभ पहुंचाने की बात कहीं तथा उन्होंने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।नियोजन विभाग की समीक्षा कर उन्होंने रोजगार मेला के आयोजन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।बैठक में श्रम अधीक्षक पुनित मिंज एवं नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा उपस्थित रहे।

## रंजीत जैसवाल ने खून देकर बच्चे की बचाई जान




**छत्तरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंजीत जायसवाल फंटूश पूर्व उप प्रमुख सह जिला परिषद प्रतिनिधि छतरपुर झामुमो नेता ने मानवता के परिचय देते हुए एक बच्चे की ब्लड उपलब्ध कराकर बच्चों की जान बचाई झामुमो नेता रंजीत जायसवाल ने बताया कि खोढी ग्राम के दशरथ यादव के पोता रामगढ़ निवासी अंशु यादव को ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी जिसे रंजीत जायसवाल (फंटूश) ने अपने स्तर से ब्लड व्यवस्था कर एक यूनिट ब्लड उपलब्ध करा कर बच्चे की जान बचाई।

## विधायक भूषण बाड़ा ने धनबाद में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में चलाया जनसम्पर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने धनबाद में इंडिया गठबंधन प्रत्यासी अनुपमा सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया, साथ ही क्षेत्र की जनता को इंडिया गठबंधन के समर्थन में वोट करने की अपील की। विधायक ने बताया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता ने इंडिया गठबंधन का भरपूर साथ दिया। खुंटी सीट से भाजपा के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को जनता ने नकार दिया है। इसी तरह पूरे देश की जनता ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है। आज पूरे देश की जनता इंडिया गठबंधन के समर्थन में है और जनता का रुझान इंडिया गठबंधन के तरफ ही है। विधायक ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार ही देश का विकास कर सकती है। इस बात को जनता भी भली भांति जान चुकी है। आज मोदी सरकार देश मे तानाशाही शासन चला रही है। ऐसी सरकार को देश से भगाने की जरूरत है।

## स्वीप कार्यक्रमः तरहसी के हाई स्कूल में भव्य संध्या चौपाल का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर आगामी 20 मई को चतरा लोकसभा के लिये मतदान होना है।इसी क्रम में चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा में मतदान प्रतिशत वृद्धि के लिये स्वीप अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में शुक्रवार को तरहसी के राजकीयकृत + 2 उच्च विद्यालय के प्रशाल में भव्य संध्या चौपाल का आयोजन किया गया।पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन, पांकी विधानसभा के एआरओ प्रीति किस्कू व उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू नाग ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संध्या चौपाल में जेएसएलपीएस की सखी मंडल की प्रियंका दीदी ने अपने गीत प्रियंका दीदी सबसे अरज कइले हो, मत भूलीह ए दीदी, 20 तारीख के मतदान करे ज़रूर जईह हो, लफूवों के चक्कर में न पड़ीह और न केकरो से डेरईह हो, 20 मई के आपन भोट ज़रूर डलीह हो। इसके माध्यम से लोगों को 20 मई को मतदान करने को लेकर प्रेरित किया। तरहसी के इस हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम में 4 हज़ार से अधिक लोग जुटे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व जेएसएलपीएस की सखी मंडल की दीदियां उपस्थित थी। सभी ने पहले मतदान बाद में जलपान के नारों को बुलंद किया साथ ही विकास की गंगा बहायेंगे मतदान करने ज़रूर जायेंगे के नारों से गूंजा पूरा परिसर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है वोट डालने जाना है हमे वोट डालने जाना है नारों से गुंजयमान हुआ पूरा परिसर। संध्या चौपाल में लोगों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि होली व छठ पर्व का त्योहार प्रत्येक वर्ष आता है लेकिन लोकतंत्र का यह महात्योहार पांच वर्ष में सिर्फ एक बार आता है इसलिये आप सभी 20 मई को मतदान ज़रूर करें। उन्होंने कहा कि हम सभी आप लोगों को 20 मई को बूथ पर जाकर मतदान करने हेतु निमंत्रण करने आये हैं। उपायुक्त श्री रंजन ने महिलाओं को अंचरा में शादी-विवाह की तर्ज पर चावल देकर मतदान करने हेतु आमंत्रण किया। उन्होंने सभी को मतदान हेतु प्रतिज्ञा शपथ भी दिलाया।

# चतरा लोकसभा : इतिहास लिखने के दहलीज पर खड़ा है इंडिया गठबंधन

## चतरा लोकसभा के पांच विधान सभा क्षेत्र में से तीन पर है महागठबंधन का कब्जा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चतरा संसदीय क्षेत्र एक फिर से सुर्खियों में है। शुरुआती दौर में भारतीय जनता पार्टी के लिए चतरा लोकसभा सबसे सुरक्षित सीट मानी जा रही थी। लेकिन चुनाव प्रचार का वक्त करीब आते आते यह स्पष्ट होने लगा है कि भाजपा का प्रत्याशी कालीचरण सिंह से समाज का बड़ा तबका धीरे-धीरे कटता चला जा रहा है। मतदान करीब आते आते समाज का एक बड़ा तबका भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़कर कांग्रेस के पक्ष में जाता दिख रहा है। चतरा लोकसभा क्षेत्र में पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने स्थानीय को अपना प्रत्याशी बनाया है। जीवन के साठ बसंत से अधिक पार कर चुके कालीचरण सिंह वैसे तो पिछले 38 वर्षो से राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं। हालांकि कुछ कालखंड के लिए कालीचरण सिंह ने भाजपा को छोड़कर झारखंड विकास मोर्चा का दामन थाम लिया था।हालांकि बाद में एक फिर से भाजपा का दामन थाम लिया। कालीचरण सिंह ने इतने लंबे राजनीतिक सफर में कभी भी चुनाव नहीं लड़ा था। पहली बार भाजपा ने सीधे लोकसभा का टिकट दिया है।इसी बात को कांग्रेस से प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने शुरुआती दौर से ही राजनीतिक मुद्दा बना दिया। कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा है कि राजनीतिक रूप से अपरिपक्व को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है।लेकिन पहली बार चुनाव लड़ रहे कालीचरण सिंह जातीय समीकरण में फिट बैठते नही दिख रहे हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता माने जाने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग, दलित ,मुस्लिम और राजनीतिक रूप से सक्रिय यादव सहित अन्य जातियां भी भारतीय जनता पार्टी से हटते दिख रहे हैं। ऐसे में पिछले 40 वर्षो से बनवास झेल रही कांग्रेस पार्टी में आत्मविश्वास का संचार हुआ है। कांग्रेसी प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने अपनी कड़ी मिहनत और चुनाव लड़ने की कुशल क्षमता से क्षेत्र में पैठ बनाया है और इतिहास लिखने के कगार पर है। गौरतलब है कि वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हासिल हुई थी। उसके बाद से जीत का स्वाद कांग्रेस पार्टी आज तक चख नहीं पाया है। हालांकि सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने एक ऐसे प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाया था, जिससे भारतीय जनता पार्टी आसानी से जीत हासिल कर सकती थी। सूत्रों के अनुसार यह आरोप कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पर लगा था। कांग्रेस पार्टी के नामांकन सभा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने यह बात स्वीकार भी किया था।

लेकिन कांग्रेसी प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की कड़ी मेहनत व सूझ-बुझ से कार्यकर्ताओं में जोश आया। कांग्रेस पार्टी और भाजपा के उम्मीदवारों के बीच चतरा संसदीय क्षेत्र में अब स्पष्ट रूप से सीधी टक्कर देख रही है। जो भाजपा के नेता चतरा संसदीय क्षेत्र से 5 लाख से अधिक मतों से जीत की बातें कर रहे थे। पर अब भाजपा के कट्टर समर्थक भी सीधी टक्कर की बातें स्वीकार करने लगे हैं। गौरतलब है कि चतरा संसदीय क्षेत्र में पांच विधान सभा है। जिसमें से महज दो पर ही भाजपा का कब्जा है। जबकी तीन पर इंडिया गठबंधन का ही कब्जा है। जबकि चतरा विधान सभा क्षेत्र से राजद नेता सत्यानंद भोक्ता विधायक हैं। प्रदेश के महागठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री भी है। इसके आलावा लातेहार से झामुमो वैद्यनाथ राम और मणिका से रामचंद्र सिंह विधायक हैं। जबकि भाजपा से सिमरिया से विधायक किशुन कुमार दास और पांकी से कुशवाहा शशि भूषण मेहता विधायक हैं।भाजपा के दोनों विधायक पहली बार विधायक बने हैं।जबकि दूसरी तरफ चतरा के विधायक सत्यानंद भोक्ता तीसरी बार विधायक बने हैं और लातेहार से झामुमो नेता वैद्यनाथ राम पहले मंत्री भी रहे हैं। मणिका विधान सभा से कांग्रेस से विधायक राम चंद्र सिंह पहले भी विधायक रह चुके हैं। मतलब साफ है कि महागठबंधन खेमा में राजनीतिक रूप से परिपक्व नेताओं का जमावड़ा है। दूसरी तरफ भाजपा खेमा में प्रत्याशी कालीचरण सिंह पहली बार चुनावी मैदान में है। जबकि भाजपा के दोनों विधायक भी पहली बार विधायक बने हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री योगेंद्र साह के चुनावी प्रचार में उतरने से फिजा स्पष्ट रूप से बदलता दिख रहा है। चतरा संसदीय क्षेत्र के टंडवा प्रखंड में भाजपा के कई नेताओं ने अपने दल का दामन छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। इस मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठ की बुनियाद पर राजनीति करती है और चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता से भाजपा का कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब जाग चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी के नीति और नियत पर सवाल उठाते हुए कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र से पिछले 10 वर्षो से भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सिंह रहे हैं। लेकिन उन्होंने जनता के हितों के लिए कोई काम नहीं किया। वह ऐसे सांसद रहे थे जिन्होंने कभी भी क्षेत्र की जनता का फोन तक भी नहीं उठाया करते थे।इन्हे जनता के दुख दर्द से कोई मतलब था ही नहीं। इस बात पलामू और लातेहार जिला में मंडल डैम का मुद्दा सर चढ़कर बोल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडल डैम का 5 वर्ष पूर्व शिलान्यास किया था। लेकिन दुखद पहलू यह है कि 5 वर्ष के दौरान मंडल डैम में 5 ईंट भी नहीं रखा पाया। इस कारण पलामू और लातेहार के लोगों के दिल के भाजपा के प्रति जबरदस्त आक्रोश है। यहां के लोगों का कहना है कि हर चीज की गारंटी देने वाले पीएम मोदी का गारंटी मंडल डैम मामले में क्यों फेल कर गया ? इसका खामियाजा तो भाजपा को भुगतना ही पड़ेगा।

## 5वें चरण के चुनाव में कई सियासी परिवारों का कड़ा इम्तिहान



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए 20 मई को वोटिंग कराई जाएगी. इस चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 49 सीटों पर वोटिंग होनी है. हर बार की तरह इस बार भी कई बड़े चेहरों की किस्मत दांव पर होगी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ-साथ कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों के भाग्य का फैसला इस चरण में होना है. यह चरण इस मायने में भी खास है। क्योंकि कई राजनीतिक परिवारों के वारिस भी चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार शनिवार को शाम 5 बजे थम जाएगा.भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राजनीति में परिवारवाद को लेकर लगातार हमला किया जाता रहा हो. लेकिन हर दल से राजनीतिक परिवारों के वारिस चुनाव मैदान में ताल ठोंकते नजर आ रहे हैं. उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र हर जगह राजनीतिक वारिस अपनी सियासी जमीन को या तो तलाश रहे हैं या फिर और मजबूत करने की कोशिश में लगे हैं.

**पिता के बाद अब मां की सीट पर राहुल गांधी:** शुरुआत उत्तर प्रदेश की राजनीति से करें तो इस चरण में यूपी में 14 सीटों पर चुनाव होने हैं. 14 में से कम से कम 3 सीटों (रायबरेली, बाराबंकी और कैसरगंज) पर राजनीतिक वारिस अपनी सियासी पारी को धार देना चाहते हैं. अमेठी छोड़कर इस बार रायबरेली संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी यहां से पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं. 2004 से राजनीति में कदम रखने वाले राहुल तब से लेकर सांसद बने हुए हैं. हालांकि 2019 के चुनाव में उन्हें अमेठी सीट से स्मृति ईरानी के हाथों अप्रत्याशित हार का मुंह देखना पड़ा था. लेकिन वह केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव जीत कर संसद में पहुंचने में कामयाब रहे थे.राहुल गांधी इस बार अमेठी की जगह अपनी मां सोनिया गांधी की पारंपरिक सीट से पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं. उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भाई के प्रचार के लिए वहां पर डेरा डाले हुए हैं और ताबड़तोड़ नुक्कड़ सभाओं के जरिए पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में जुटी हैं. सोनिया गांधी अमेठी छोड़कर 2004 में रायबरेली आ गई थीं और तब से लेकर वह लगातार चुनाव जीतती रहीं. सोनिया इस बार चुनाव मैदान में नहीं हैं और उनकी जगह राहुल मैदान में हैं. अमेठी से राहुल के पिता और पूर्व पीएम राजीव गांधी 4 बार सांसद रहे जबकि रायबरेली से सोनिया गांधी 5 बार सांसद चुनी गई.

**गोंडा: सिंह बनाम वर्मा के बीच मुकाबला:** इसी तरह गोंडा संसदीय सीट पर राजनीतिक वारिसों के बीच कड़ा मुकाबला दिख रहा है. बीजेपी ने इस सीट से वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को खड़ा किया है जबकि उनके सामने इंडिया गठबंधन ने श्रेया वर्मा को उतारा है. गठबंधन के तहत यह सीट समाजवादी पार्टी के हिस्से में आई है और पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को सियासी पारी शुरू करने का मौका दिया है. श्रेया के पिता राकेश वर्मा भी राजनीति में रहे हैं और वह विधायक तथा राज्य सरकार में मंत्री रह चुके हैं.

**बारामूला में भी सियासी परिवार की चुनौती:** देश में 7 चरणों में हो रहे चुनाव के पांचवें चरण में जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट पर भी चुनाव हो रहा है. यहां की बारामूला लोकसभा सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला मैदान में हैं. उमर अब्दुल्ला को पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन से कड़ी टक्कर मिलने की संभावना जताई जा रही है.

**सारण: लालू की बेटी आजमा रहीं किस्मत:** बिहार की सियासत में भी कई राजनीतिक परिवारों का मजबूत दबदबा दिखता रहा है. इस बार के चुनाव में यहां पर कई रसूखदार सियासी परिवारों की दूसरी या तीसरी पीढ़ी अपनी किस्मत आजमा रही है. इस चुनाव में बिहार की चर्चित सीटों में शुमार है सारण सीट. इस सीट से राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य चुनाव लड़ रही हैं. इस क्षेत्र को लालू परिवार का गढ़ कहा जाता है. यहां से लालू यादव और राबड़ी देवी चुनाव लड़ चुके हैं. लालू 4 बार यहां से सांसद चुने गए.

**हाजीपुर में पिता के बाद अब बेटा चिराग:** बिहार की ही एक और सीट है जहां पर एक और सियासी परिवार का वारिस अपनी सियासी करियर को और धार देना चाहता है. अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व हाजीपुर सीट से इस बार लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास पासवान) के नेता चिराग पासवान अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. वह रामविलास पासवान के बेटे हैं और जमुई सीट से 2014 तथा 2019 के चुनाव में जीत हासिल भी कर चुके हैं. लेकिन इस बार उन्होंने अपनी परंपरागत सीट बदलते हुए हाजीपुर से चुनाव लड़ने का फैसला लिया.

**महाराष्ट्र: सीएम शिंदे के बेटे की हैट्रिक पर नजर:** उत्तर प्रदेश और बिहार ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र में भी कई राजनीतिक परिवारों के वारिस अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे डॉक्टर श्रीकांत शिंदे भी चुनावी जीत की हैट्रिक लगाने में कोशिश में जुटे हैं.

# मतदान के लिए प्रेरित करने निकला सीबीसी रांची का जागरूकता वाहन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश से भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक कार्यालय केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के द्वारा शुक्रवार से पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इसके तहत रांची के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, श्री के. रवि कुमार ने मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने बताया कि मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से धनबाद एवं दुमका इकाई के द्वारा भी विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता वाहन के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी।अभियान के दौरान विशेष रूप से आमंत्रित गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक एवं संत जेवियर स्कूल, डोरंडा रांची के शिक्षक श्री संतोष कुमार ने युवाओं एवं सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व को उत्सव के जैसा मनाने की अपील की।इस मौके पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देवदास दत्ता, पत्र सूचना कार्यालय के कार्यालय प्रमुख श्री गौरव कुमार पुष्कर, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, उप निदेशक, जनसंपर्क श्री आनंद सहित सीबीसी एवं पीआईबी के कर्मी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान किया जाएगा।

# इस देश को फिर कभी नहीं बांटा जा सकता : अमित शाह



**एजेंसी**

**हैदराबाद :** हाल ही में बीआरएस नेता केटी रामाराव ने अपने एक बयान में उत्तर बनाम दक्षिण के मुद्दे पर बात की और दक्षिण को अलग देश बताया। अब एक ताजा इंटरव्यू में अमित शाह ने केटी रामाराव के उस बयान पर तीखी टिप्पणी की और बीआरएस नेता के बयान को घोर आपत्तिजनक बताया। अमित शाह ने कहा इस देश को फिर कभी नहीं बांटा जा सकता। एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने कहा था कि उत्तर भारत को दक्षिण भारत से अलग कर देना चाहिए, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इस बयान से दूरी बना ली। देश की जनता को कांग्रेस के एजेंडे के बारे में सोचना चाहिए। अगर कोई कहता है कि दक्षिण एक अलग देश है तो ये बेहद आपत्तिजनक है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा दक्षिण के पांच राज्यों-केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में सबसे बड़ी पार्टी बनने जा रही है। बीआरएस नेता केटी रामाराव ने बीते हफ्ते अपने एक बयान में कहा था कि उत्तर भारत अपने आप में अलग देश है। यह एक अलग दुनिया है। मैं ये नहीं कह रहा हूं कि यह पूरी तरह से अलग है, लेकिन व्यवहारिक तौर पर यह अलग देश है। मुझे लगता है कि यहां दक्षिण के मुकाबले अलग मुद्दे हैं। लोग अलग सोचते हैं। यही वजह है कि भाजपा दक्षिण में अपनी जगह नहीं बना पा रही है। बीआरएस नेता ने प्रति व्यक्ति आय पर बात करते हुए कहा कि तेलंगाना में प्रति व्यक्ति आय 357 रुपये है, जो कि उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा है। केटी रामाराव ने कहा कि बिहार में ये 57 रुपये और उत्तर प्रदेश में 87 रुपये के करीब है। ये उनकी (उत्तर भारत) सरकारों की कमी है कि वे अच्छा प्रशासन नहीं दे पा रही हैं। उनकी प्राथमिकताएं गलत जगह पर हैं, वे अपने लोगों को पिछड़ा बनाए रखना चाहते हैं और वोट लेने के लिए उनकी भावनाओं से खेलते हैं। दक्षिण में ऐसा नहीं है, यहां असल मुद्दों पर फोकस रहता है। केटी रामाराव ने कहा कि आधारभूत ढांचे, शिक्षा और साक्षरता दर और स्वास्थ्य सूचकांक आदि सभी जगह दक्षिण के राज्य अन्य राज्यों से बहुत आगे हैं, खासकर हिंदी पट्टी के राज्यों से।

## ममता पर टिप्पणी मामले में भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय को नोटिस

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय को ममता बनर्जी के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गंगोपाध्याय ने 15 मई को हल्दिया में आयोजित एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के लिए जो टिप्पणी की, उसे बेहद आपत्तिजनक माना गया। गंगोपाध्याय ने कहा था कि ममता बनर्जी आप कितने में बिक सकती हो। उन्होंने आगे भी इसी संदर्भ में टिप्पणियां की थी। इस पर आपत्ति जताते हुए तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। आयोग ने प्रथम दृष्टया माना है कि यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है और 20 मई तक अभिजीत को अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि इस तरह की टिप्पणी अनुचित, अविवेकपूर्ण, हर मायने में गरिमा से परे, खराब अर्थों में है।

